e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 148

सुविचार
किसी भी व्यक्ति को ये नहीं सोचना चाहिए कि वो अपनी जिन्दगी में कितना खुश है, बल्कि ये सोचना चाहिए कि उसकी वजह से कितने लोग खुश है।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
01.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान
अधिकतम 36°
न्यूनतम 24°

## क्विक न्यूज

### हेमंत सोरेन पटना में विपक्षी दलों की बैठक में होंगे शामिल

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों की मुहिम को लेकर 12 जून को पटना में आयोजित बैठक में शामिल होंगे। यह बैठक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में होगी। इस बैठक में देशभर के करीब 20 गैर भाजपा राजनीतिक दलों के नेताओं के हिस्सा लेंगे। बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल होंगे। विपक्षी एकता को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री एवं राजद नेता तेजस्वी यादव हाल ही में रांची आये थे।

### हिसार : खड़े ट्रक से टकराई कार और बाइक, पांच की मौत

**हिसार :** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रामपुरा गांव के पास बुधवार सुबह सड़क पर खड़े एक ट्रक में तेज रफ्तार से क्रूजर और बाइक के टकरा गई। इस दुर्घटना में पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। घायल को पहले नागरिक अस्पताल हांसी लाया गया, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हिसार के लिए रेफर कर दिया गया। पांच में से अभी तक दो की पहचान हो पाई है। बताया जा रहा है कि क्रूजर कार चालक गांव से हांसी की तरफ आ रहा था, तभी रामपुरा गांव के समीप एक बाइकसवार को बचाने के प्रयास में उनकी कार असंतुलित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। बाइक सवार भी इसकी चपेट में आ गया। पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। दो लोग सड़क पर आ गिरे। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। अभी तक मृतकों में खरकड़ा निवासी संदीप और प्रदीप की पहचान हो पाई है। अन्य तीन मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड चार दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली:** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड नई दिल्ली पहुंच गए हैं। वह भारत के चार दिवसीय दौरे पर बुधवार को दिल्ली पहुंचे। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्रचंड का स्वागत किया। भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा और नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव भी स्वागत के लिए पहुंचे। प्रचंड तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार किसी विदेश यात्रा पर हैं। प्रचंड पहले ही इस बात का खुलासा कर चुके हैं कि इस यात्रा के दौरान बिजली व्यापार पर अहम बातचीत होगी। प्रचंड गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने वाले हैं। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे।

### पुणे में पांच करोड़ रुपये की ड्रग बरामद, 4 गिरफ्तार

**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग और पुलिस की टीम ने पुणे जिले में 5 करोड़ रुपये की ड्रग बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सीमा शुल्क विभाग की टीम को पुणे में ड्रग की खेप आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस और सीमा शुल्क विभाग की टीम संयुक्त रूप से 29 मई की रात में खेड़ शिवपुर टोल प्लाजा के पास निगरानी कर रही थी। संदिग्ध वाहन दिखने पर पुलिस टीम ने तलाशी ली और वाहन में 850 ग्राम क्रिस्टल मेथ नामक ड्रग जब्त की गई। इसके बाद कार में सफर कर रहे व्यक्ति की निशानदेही पर लोनावाला के पास 200 ग्राम ड्रग जब्त की गई। जब्त ड्रग की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 5 करोड़ रुपये आंकी गई है।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक में 39 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# जल सहिया को मिलेगा एक स्मार्टफोन व दो साड़ी

## * पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी को मिली मंजूरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 39 प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत में जिला परिषद पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के सदस्यों के मानदेय में बढ़ोतरी की गयी। जिला परिषद के अध्यक्ष को 10 हजार की जगह 12 हजार, उपाध्यक्ष को 7,500 की जगह 10 हजार पंचायत समिति के प्रमुख को 5 हजार की जगह 8 हजार उप प्रमुख को 3 हजार की जगह 4 हजार मुखिया को एक हजार की जगह 2,500 और उप मुखिया को 500 की जगह 1,200 रुपये प्रतिमाह दिये जायेंगे। जंगली जानवरों से जानमाल फसल मकान क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि में बढ़ोतरी की गयी। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एक लाख के बजाय डेढ़ लाख रुपये दिए जायेंगे। मौत होने की स्थिति में चार लाख दिये जायेंगे। मकान को नुकसान होने पर एक लाख 20 हजार रुपये दिये जायेंगे। गिरिडीह के क्रिटिकल केयर अस्पताल को 21 करोड़ रुपये दिये गये। पेयजल विभाग के अंतर्गत जलसहिया को एक स्मार्टफोन, दो साड़ी दी जायेगी। इसके लिए 39.72 करोड़ रुपये मंजूर किये गये। पाकुड़ के अमरापाड़ा में 1218 हेक्टेयर भूमि में खनन के लिए मेसर्स डब्ल्यूबीपीडीसीएल को पट्टा देने की स्वीकृति दी गयी। पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति नियमावली में संशोधन हुआ। राज्य के सभी पुस्तकालयों के विकास की योजना स्वीकृत की गयी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- सरिया अनुमंडलीय न्यायालय की स्थापना की मंजूरी दी गयी।
- रांची अंचल के नगड़ी के मुड़मा में बैंक ऑफ इंडिया के प्रशासनिक भवन के लिए 75 एकड़ भूमि 11 करोड़ रुपये शुल्क लीज पर दी गयी।
- सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी एक्ट की मंजूरी दी गयी।
- झारखंड उत्पाद अधीनस्थ सेवा संवर्ग नियमावली 2013 में संशोधन किया गया।
- झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गौरांग महत्व को दिए गए एक दंड को कैबिनेट में यथावत रखने का निर्णय लिया।
- विशेष शाखा में आरक्षी पद के लिए अनुसूचित नियमावली में संशोधन हुआ।
- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में कार्यरत स्वीपर और माली को अब श्रम विभाग के नियम के अनुसार मानदेय का भुगतान किया जाएगा।
- राज्य के क्राइम कोर्ट में 75 स्थाई पद के सृजन की मंजूरी दी गयी।
- झारखंड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक नियुक्ति नियमावली 2016 को निरस्त किया गया।
- श्रीकृष्ण लोक सेवा संस्थान को सचिवालय के संलग्न कार्यालय के रूप में शामिल करने की मंजूरी दी गयी।
- सहायक प्रशाखा पदाधिकारी इत्यादि पदों की स्वीकृति भी दी गयी।
- चांडिल में गेल के लिए 0.28 एकड़ जमीन को 30 साल के लिए देने की स्वीकृति।
- श्रम एवं नियोजन विभाग के नियमावली में संशोधन।
- झारखंड राज्य में कार्यरत सीआईएटी स्कूल के शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि।
- डॉ श्वेता कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लेस्लीगंज, पलामू को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।
- रैसा जलाशय योजना के लिए रुपये 24460.025 लाख मात्र के प्रथम पुनरीक्षित प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

# 85 फीसदी कमीशन खाने वाली पार्टी है कांग्रेस : पीएम मोदी



## * अजमेर की रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बोला जोरदार हमला

**एजेंसी**

**अजमेर :** पीएम मोदी ने बुधवार को अजमेर में रैली करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला करते हुए इसे कमीशन खाने वाली पार्टी बताया और कहा कि देश के लिए इन्होंने कोई काम नहीं किया.पीएम मोदी ने कहा कि हम विकास करते हैं तो सवाल उठते हैं कि मेरे पास पैसा कहां से आता है?

इसका जवाब देते उन्होंने कहा कि हमारे देश में विकास के काम करने के लिए कभी पैसे की कमी नहीं रही. इसके लिए जरूरी होता है कि जो पैसा हम भेजें उसे विकास पर ही लगाया जाए, लेकिन कांग्रेस ने अपने शासन में देश का खून चूसने वाली भ्रष्ट व्यवस्था बना दी थी.

ये देश को खोखला कर रही थी. पूर्व पीएम राजीव गांधी ने सार्वजनिक रूप से माना था कि कांग्रेस सरकार एक रुपये भेजती है तो 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे.

कांग्रेस हर योजना में 85 फीसदी कमीशन खाने वाली पार्टी है.उन्होंने आगे दावा किया कि बीजेपी सरकार में नौ साल में देश में इतना विकास इसलिए हुआ क्योंकि हमने कांग्रेस की गई लूट के रास्ते को बंद कर दिया है.

हमने रेलवे और हाईवे पर 24 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं. राजीव गांधी के कहने के मुताबिक, कांग्रेस की सरकार रहती तो आधे से ज्यादा पैसे बीच में लूट जाते है. ऐसे में इतना विकास का काम नहीं हो पाता.

पीएम मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस दलित, आदिवासी, मुस्लिम या गरीब वर्ग हो हर समुदाय को बराबरी से लूटती है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति रही है कि गरीबों को भरमाओ और गरीबों को तरसाओ.

राजस्थान के लोगों ने भी इसका बहुत बड़ा नुकसान उठाया है. उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने वीरों के साथ भी हमेशा धोखा किया है.

ये कांग्रेस ही है जो वन रैंक वन पेंशन के नाम पर हमारे पूर्व सैनिकों से विश्वासघात करती रही. बीजेपी सरकार ने ही वन रैंक वन पेंशन को लागू किया.

# बेकाबू कार में लगी भीषण आग, चार लोग जिंदा जले



**एजेंसी**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के हरदा जिले में टिमरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नौसर के पास बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई और इसके बाद उसमें आग लग गई।

आग इतनी तेजी से फैली कि कार में बैठे लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। हादसे में कार सवार चार लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी समेत एक ही परिवार के तीन लोग शामिल हैं।सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। टिमरनी थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि जिले के ग्राम बरकला चारखेड़ा निवासी अखिलेश पुत्र महेश कुशवाहा, राकेश पुत्र महेश कुशवाहा, शिवानी पत्नी राकेश कुशवाहा और आदर्श पुत्र गोलू चौधरी बुधवार की सुबह सीहोर जिले के दीपगांव से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश्वरी महोबिया भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार कंचन ने बताया कि जब तक लोग मौके पर पहुंचे, कार सवार चारों लोगों की मौत हो चुकी थी।

शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए टिमरनी अस्पताल भेजा गया है। चारों शव बुरी तरह से जल गए हैं। मृतकों की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच थी। कार बरकला चारखेड़ा गांव निवासी अखिलेश पुत्री महेश कुशवाहा के नाम से रजिस्टर्ड है।

### केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला

# अनाज भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना को मिली मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को बैठक हुई. इस मीटिंग में सहकारी क्षेत्र में अनाज भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी गई. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि आज की कैबिनेट बैठक में सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के अनुमति अनुमोदन पर निर्णय लिया गया है. उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र में खाद्यान्न भंडारण क्षमता 700 लाख टन बढ़ाने के लिये एक लाख करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी. देश में अनाज भंडारण क्षमता फिलहाल 1,450 लाख टन है. उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में भंडारण क्षमता बढ़ाकर 2,150 लाख टन की जाएगी. यह क्षमता सहकारी क्षेत्र में बढ़ेगी. पीएम के विजन के अनुरूप सहकारी समितियों को गतिशील बनाने के लिए कई कदम उठाए गए. हर ब्लॉक में 2000 टन भंडारण क्षमता का गोदाम बनाया जाएगा.




देश में अनाज भंडारण क्षमता फिलहाल 1,450 लाख टन है. श्री ठाकुर ने कहा कि अगले पांच साल में भंडारण क्षमता बढ़ाकर 2,150 लाख टन की जाएगी.

अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत विश्व में अनाज के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी बड़े उत्पादक देशों जैसे चीन, अमेरिका, ब्राजील, रूस, अर्जेंटीना आदि के पास अपने वार्षिक उत्पादन से अधिक की भंडारण क्षमता उपलब्ध है, लेकिन भारत में अन्न के भंडारण की क्षमता, वार्षिक उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत है. परिणामस्वरूप अनाज की बर्बादी होती है और किसानों को डिस्ट्रेस सेल करनी पड़ती है. उन्होंने कहा कि देश में सालाना करीब 3,100 लाख टन खाद्यान्न का उत्पादन होता है. इस कदम का उद्देश्य भंडारण सुविधाओं की कमी से अनाज को होने वाले नुकसान से बचाना, किसानों को संकट के समय अपनी उपज औने-पौने दाम पर बेचने से रोकना, आयात पर निर्भरता कम करना और गांवों में रोजगार के अवसर सृजित करना है. अधिक भंडारण क्षमता से किसानों के लिए परिवहन लागत कम होगी और खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी. उन्होंने बताया कि आज की बैठक में सिटीज 2.0 शुरू करने का निर्णय लिया गया है. इसके भाग सिटीज 1.0 की तरह 3 ही रहेंगे.

इसके ऊपर 1866 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा. साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा, केंद्र सरकार के 9 साल पूरा करने पर कैबिनेट में पीएम मोदी को बधाई दी गई. देशवासियों का धन्यवाद भी किया गया. सरकार की सफलता की लंबी फेहरिस्त है. नौ साल पहले लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था थी, आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है.

# जीडीपी आंकड़ों ने सरकार को दी राहत मार्च तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही ग्रोथ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** आर्थिक मंदी और वैश्विक चुनौतियों के बीच देश के जीडीपी ग्रोथ के आंकड़े आ गए हैं। देश की तरक्की की दर उम्मीद से बेहतर रही है। देश की आर्थिक वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही है। इसके साथ, पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत थी। जीडीपी वृद्धि दर 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में चार प्रतिशत रही थी। फाइनेंशियल ईयर 2023 में इकॉनमी पहली तिमाही में 13.1 फीसदी, दूसरी तिमाही में 6.2 फीसदी और तीसरी तिमाही में 4.5 फीसदी बढ़ी। वहीं चौथी तिमाही में विकास की दर 6.1 प्रतिशत रही है। जिसके चलते पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में यह 9.1 प्रतिशत थी। जानकारों ने जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 4.9 से 5.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। एग्रीकल्चर सेक्टर में मजबूती और डोमेस्टिक डिमांड बढ़ने से भारतीय अर्थव्यवस्था को सपोर्ट मिला है।अमेरिका, यूरोप सहित पश्चिम की लगभग सभी अर्थव्यवस्थाएं मंदी की चपेट में हैं। वहीं दूसरी ओर भारत ग्लोबल इकॉनमी के लिए ब्राइस स्पॉट बनकर उभरा है। यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी वाला देश जर्मनी मंदी में फंस चुका है जबकि अमेरिका पर पहली बार डिफॉल्ट होने का खतरा मंडरा रहा है।



वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ जैसी संस्थाओं का कहना है कि भारत में मंदी आने की संभावना न के बराबर है। जीडीपी के आंकड़े इस बात की पुष्टि भी करते दिख रहे हैं।

# पहलवानों के समर्थन में सड़क पर उतरीं ममता बनर्जी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस द्वारा पहलवानों के साथ हाल ही में की गई बदसलूकी के विरोध में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को एक रैली में शामिल हुईं। उन्होंने राज्य के खेल मंत्री अरूप विश्वास को विरोध रैली आयोजित करने की पहले ही सलाह दी थी। शाम करीब 4 बजे विरोध रैली शुरू होने से ठीक पहले, बिस्वास ने घोषणा की कि रास्ते में सबको सरप्राइज मिलेगा। जब रैली भवानीपुर क्षेत्र में पहुंची, तो मुख्यमंत्री वी वांट जस्टिस की तख्ती के साथ रैली में शामिल हुईं। पहले भी, बनर्जी पहलवानों के साथ दुर्व्यवहार के बारे में मुखर रही हैं और दावा किया कि देश के लिए प्रतिष्ठा और सम्मान लाने वाले पहलवानों का उत्पीड़न देश के लिए शर्म की बात है। रैली में उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है कि पहलवान अपने पदक बहाने गंगा नदी के तट पर भी गए। उन्होंने कहा, हम यौन उत्पीड़न के आरोपी व्यक्ति की तत्काल गिरफ्तारी की पहलवानों की मांग का समर्थन करते हैं। इस मुद्दे पर हमारा आंदोलन आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। यह शर्म की बात है कि देश के लिए सम्मान लाने वाले हमारे पहलवान इस तरह के अपमान का सामना कर रहे हैं। हमारा पूरा समर्थन और एकजुटता उनके प्रति है।



# शहीदा हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** रमना थाना क्षेत्र के टंडवा में हुए विवाहिता शाहिदा हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। महिला की हत्या उसके पति ने ही चाकु से गोदकर किया था। बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता के दौरान जनाकारी देते हुए एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि जैनुल अंसारी को अपनी पत्नी शाहिदा बीबी के चरित्र पर शक था। जिस कारण उसने सुनियोजित तरीके से हत्या को अंजाम दिया। जैनुल ने हत्या के बाद शव के पास कंडोम सहित अन्य सामग्री छोड़ दिया था जिससे यह प्रतीत हो सके कि महिला की हत्या दुष्कर्म के बाद कि गयी है। एसडीपीओ ने बताया कि हत्यारे जैनुल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू, अभियुक्त का हत्या के दौरान पड़े खून के छींटे वाला कपड़ा, मोबाइल के अलावे ट्रेन टिकट बरामद किया है। एसडीपीओ ने बताया कि अभियुक्त ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है।जैनुल ने बताया कि वह तमिलनाडु में मजदूरी का काम करता था। वह अपनी पत्नी के पास जब भी कॉल करता उसका मोबाइल बिजी आता था। जिससे उसके किसी और से सम्बंध होने का शक था। इसी शक को लेकर जैनुल ने हत्या की प्लानिंग बनाई। अपनी पत्नी को कॉल कर मिलने की बात बताई। साथ ही वह कहा कि मैं तमिलनाडु से मिलने आ रहा हूं किसी को खबर नही होनी चाहिए। वह मिलकर तमिलनाडु चला जायेगा। तमिलनाडु से वह 28 मई को नगर उंटारी ट्रेन से पहुंचा। नगर उंटारी के एक दुकान से उसने चाकू खरीदी। फिर प्लान के मुताबिक टंडवा पहुंचकर घर से कुछ दूरी पर स्थित चौकीदारी महुआ के पास अपनी पत्नी को बुलाया। मिलने के बाद अपनी पत्नी पर चाकू से तबतक वार करते रहा जबतक शाहिदा की सांस रुक नही गयी। हत्या के बाद वहां से रात में ही जबलपुर निकल गया।एसडीपीओ ने बताया कि हत्या के उद्भेदन के लिए एसपी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। जिसमे एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, एएसआई विवेक कुमार पंडित, महिपाल पूर्ति, आरक्षी शशिकांत उरांव, आरक्षी संजय हेम्ब्रम शामिल थे।अनुसंधान के दौरान हत्या का उद्भेदन किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि जैनुल की गिरफ्तारी धुरकी थाना क्षेत्र से की गई। पूछताछ में उसने हत्या की बात कबूल कर ली।प्रेसवार्ता में एसडीपीओ के अलावे रमना थाना प्रभारी कृष्णकांत कुशवाहा, विवेक पंडित भी मौजूद थे।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गढ़वा जिला परिषद की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गढ़वा जिला परिषद की बैठक बुधवार को अनिकेत पैलेस में खलील खां की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक को संबोधित करते हुये भाकपा राज्य परिषद के सचिव कामरेड महेन्द्र पाठक ने कहा कि आज हमारा देश गम्भीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है.भारतीय जनता पार्टी पूरे देश को नफरत की आग में झोंककर सत्ता की रोटी सेंकना चाह रही है. उन्होंने कहा कि हम सबों को मिलकर आरएसएस व भाजपा के मनसूबों को चकनाचुर करने की पुरजोर कोशिश करना होगा.उन्होंने कहा कि रांची में आगामी 16-17 जून को दलित शोषित आदिवासी कन्वेंशन का आयोजन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है.केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता परेशान है.उन्होंने संगठन को मजबूत कर जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष तेज करने की अपील किया.बैठक में सर्वसम्मति से रांची में 16-17जून को आयोजित कन्वेंशन में एक सौ सक्रिय साथियों के साथ शामिल होने,घाघरा लाइमस्टोन खदान,तुलसी दामर डोलोमाइट खदान खोलवाने के लिए उग्र आंदोलन करने, जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिये संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया.बैठक में गणेश सिंह,जिला सचिव राजकुमार राम,कार्यकारी सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला, राम, नौरंगी पाल, राजकुमार भुइयां, रामनाथ उरांव, रामकेवल मेहता, गोपाल यादव, अमरनाथ सिंह, विजय सिंह, इसहाक अंसारी, मदन चंद्रवंशी, रामगोपाल प्रसाद, जगमोहन उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यालय में हुआ विश्व तंबाकू निषेध दिवस का कार्यक्रम

**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार बुधवार को केतार प्रखंड मुख्यालय परिसर में बीडीओ मुकेश मछुआ के अध्यक्षता में प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मियों ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया एवं शपथ ग्रहण का कार्यक्रम किया। लोगों ने सामूहिक रूप से यह कह कर शपथ लिया की मैं अपने जीवन काल में कभी भी तंबाकू का सेवन एवं उत्पाद नहीं करूंगा एवं अपने परिजनों सगे संबंधी एवं मित्रों को तंबाकू सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा। साथ ही अपने प्रेरकों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने में अपना योगदान करूंगा। इस मौके पर प्रधान सहायक सिद्धेश्वर नाथ सिंह, उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, अखिलेश प्रसाद, बीपीओ मनोज यादव, अंचल निरीक्षक नागेंद्र पाठक, अंचल उपनिरीक्षक प्रकाश राम, अंचल अमीन नवल किशोर तिवारी, रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति, उदय प्रसाद, जेएसएलपीएस के अकाउंटेंट क़ासिर अहमद, सहित अन्य लोग शामिल थे।



## प्रखंड कार्यालय के सभागार में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया.इस अवसर पर प्रखंड कर्मियों को प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल कुमार ने तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने का शपथ दिलाया.शपथ कार्यक्रम में पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह,जन सेवक उत्तम रंजन,प्रशांत कुमार,प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह,कनीय अभियंता जितेन्द्र कुमार, रणधीर कुमार,सहायक अभियंता अखिलेश कुमार सहित सभी प्रखण्डकर्मी उपस्थित थे।



## गोली लगने से 14 वर्षीय बच्ची की मौत

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम घुटवा में गोली लगने से एक 14 वर्षीय बच्ची सुप्रिया कुमारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम घुटवा निवासी काशी कुमार सिंह की पुत्री सुप्रिया कुमारी अपने घर के बगल में उदय नाथ सिंह के घर शादी समारोह में शामिल होने गई थी। इसी बीच शादी समारोह में उदयनाथ सिंह का ढोल बजाने वाले से बहस हो गया। इस बीच उदय नाथ सिंह अपने घर से भरटूआ बंदूक निकाल कर ढोल वाले को मारने निकले।तभी घर के लोगों ने बंदूक निकालते देख उन्हें पकड़ लिया।तभी झटके में गोली चल गई और गोली सुप्रिया कुमारी को लग गई। जिसमें सुप्रिया कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे बेहतर इलाज के लिए तुमबागड़ा अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान सुप्रिया की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही लेस्लीगंज थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।



## टेंपो से धक्का लगने पर बाइक सवार पिता-पुत्री घायल

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाकी थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारसी निवासी राजदेव पासवान और उसकी पुत्री निशा कुमारी उम्र 13 वर्ष टेंपो से धक्का लगने पर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राजदेव पासवान बुधवार कि सुबह अपनी पुत्री के साथ बाइक पर सवार होकर मेदनीनगर किसी काम से आया हुआ था। इसी बीच मेदनीनगर से घर लौटने के दौरान रास्ते में पाकी थाना क्षेत्र के ग्राम बसडीहा में एक टेंपो उसके बाइक को पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें राजदेव पासवान और उसकी पुत्री निशा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी राजदेव पासवान की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही इलाज के बाद निशा कुमारी खतरे से बाहर है।

## जख्मी महिला को किया निजी अस्पताल में भर्ती, इलाज के क्रम में हुई मौत

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह मायापुर गांव में वकील विश्वकर्मा की 25 वर्षीय पत्नी रानी देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए बुधवार के दिन में मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।मृतक के परिजनों ने बताया कि रविवार के रात में रानी देवी घर में फांसी लगाकर आत्महत्या के प्रयास की बाद में परिजनों ने गंभीर स्थिति में निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के क्रम में मंगलवार की रात में मौत हो गई। उन्होंने फांसी लगा रखने के कोई स्पष्ट कारण नहीं बता पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात में गंभीर स्थिति में निजी अस्पताल से रांची रिम्स रेफर कर दिया गया रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में उसकी मौत हो गई। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन कुमार ने बताया कि सूचना पाने के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों ने अब तक आवेदन नहीं दिया है आवेदन आने के बाद जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# खबर का असर : प्रधानाध्यापक का हुआ तबादला, छात्र सहित ग्रामीणों में खुशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेराल :** गढ़वा मेराल प्रखंड क्षेत्र के तिसर टेटुका पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोलोदोहार के प्रधानाध्यापक सुरेश राम तथा सहयोगी शिक्षक के उपर बच्चों का पठन पाठन नहीं कराने का लगा था आरोप, जांचों उपरांत विभाग ने किया तबादला। ग्रामीणों में जशन का लहर। ग्रामीणों के कथना अनुसार बतादें की उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोलोदोहार के प्रधानाध्यापक सुरेश राम के द्वारा निरन्तर नसीले पदार्थ का सेवन कर विद्यालय के पठन पाठन को ध्वस्त किया जा रहा था और गरीब के बच्चों का भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था जिसकी सूचना ग्रामीणों ने विभागीय पदाधिकारी को अनेकों बार मौखिक तथा लिखित रूप से आवेदन देकर किया था लेकिन विभागीय पदाधिकारियों ने अनेकों बार पठन पाठन में सुधार कराने की कोशिश कि लेकिन शिक्षकों ने अधिकारियों के बातों को हनन करते रहे। और गरीब के बच्चों का भविष्य खराब होते हुए निरंतर दिखता रहा। तब जाकर संबंधित अधिकारियों के द्वारा शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी कदम उठाते हुए विद्यालय से तबादला कर दिया गया। वहीं बतादें कि विभाग के द्वारा प्रधानाध्यापक सुरेश राम को मध्य विद्यालय कोलोदोहर से हटाकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेंदली, तथा सहयोगी शिक्षक को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गेरुवा सोती में करदिया गया। साथ ही कोलोदोहर प्राथमिक विद्यालय में नए शिक्षक के रूप में राज कमल सिन्हा को नियुक्त किया गया।

# शराब का अवैध परिवहन करते एक कार को पुलिस ने पकड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर(पलामू):** पलामू जिले में अवैध शराब का कारोबार करने वालो के खिलाफ पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए थे।चैनपुर पुलिस ने शराब माफियाओं पर एक बड़ी कार्रवाई की है। शराब का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक कार को पकड़ लिया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब किया जब्त। चैनपुर के मंगदाहा घाटी से एक टाटा इंडिगो कार से शराब को किया गया जब्त। डालटनगंज से गढ़वा ले जाया जा रहा था कार से अवैध शराब की पेटियां।रॉयल स्टेज और इम्पीरियल ब्लू कम्पनी की अंग्रेजी शराब की 16 पेटी 465 बोतल को किया गया जब्त। सभी अवैध शराब की बोतल है नकली। अवैध शराब के साथ आरोपी अजय कुमार सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार। थाना प्रभारी उदय गुप्ता के नेतृत्व में हुई कार्रवाई। इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि डाल्टनगंज से गढ़वा जा रही कार को चैनपुर पुलिस ने मंगदाहा घाटी में पकड़ा है। उसमें से 16 पेटी 465 बोतल अवैध शराब मिली है। कार को जब्त कर लिया है आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। साथ ही साथ इस मामले में बारीकी से पूछताछ की जा रही है।



# दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप है : धीरज मिश्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने कहा है कि दहेज प्रथा और शादी विवाह में डी जे बाजा, बम पटाखा, नाच गाना ,ऑर्केस्ट्रा जैसी फिजूलखर्ची पर रोक लगाने एवं डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास पर होने वाले लड़ाई झगड़े मारपीट और ओझा गुणी बनकर समाज के निचले अशिक्षित तबके के लोगों से इलाज करने के नाम पर नाजायज रुपए ऐंठने पर रोकथाम लगाने हेतु अपनी सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता से जुड़े सक्रिय सदस्यों के साथ पलामू प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगों को फिजूलखर्ची से होने वाले नुकसान और डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास और ओझा गुणी से बचाव के प्रति जागरूक और प्रेरित किया जायेगा ।सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संस्थापक सह संचालक धीरज ने बताया कि आए दिन अखबार और सोशल मीडिया के माध्यम से डायन बिशाही मामले में लड़ाई झगड़े और मारपीट करने , एवं शादी व्याह में ऑर्केस्ट्रा नाच गाने कार्यक्रम के दौरान आपसी रिश्तों में लड़ाई झगड़े और मारपीट करने की खबरें आती रहती हैं । इसलिए इन सब चीजों पर अंकुश लगाने हेतु सार्थक पहल की जरूरत है । डी जे तथा बम पटाखा और नाच गाना समाज मे कुरीतियां बढ़ाता है। इस पर लगाम लगाने की जरूरत है । अगर सभी लोग यह बात मन में ठान लें कि शादी विवाह में डीजे, बम पटाखा तथा नाच गाना पर होने वाली फिजूल खर्ची नही की जायेंगी तो फिर लोगों को शादी विवाह में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने से आर्थिक बचत होने से लाभ होगा , साथ ही समाज का उत्थान भी होगा ।

# मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर पांकी में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देश पर मन का मिलन पखवाड़ा के तहत बुधवार को पाकी प्रखंड में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पीएलभी गजेंद्र प्रसाद लोगों को मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता से मामले निपटाने से दोनों पक्षकारों में वैमनस्यता सदा सर्वदा के लिए मिट जाता है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से 29 मई से 14 जून तक विभिन्न प्रखंडों में मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से मुकदमा समाप्त कराने के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में मध्यस्थ लोगों का ट्रेनिंग चल रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा के तहत लोगों को मध्यस्थता कैसे करें मध्यस्थता क्यों आवश्यक है के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है ।साथ ही वीडियो फ़िल्म दिखाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से विवाद निपटारा करने का कोशिश जारी है ।

# 6 महिना से खराब है चापानल,पीने के पानी के लिए दूर दूर भटक रहे हैं ग्रामीण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** प्रखंड के चंदनी पंचायत के कुशवादामर टोला में पिछले छः माह से चपाकल खराब है। जिसको लेकर ग्रामीण परेशान है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग कई बार यहां के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इसके बारे में सूचना दिया है। लेकिन अभी तक किसी के द्वारा चापाकल का मरम्मती नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि चपाकल प्रखंड कर्यालय के बगल में है।हमलोग का आसपास में चपाकल नहीं होने के वजह से लगभग 20 घरों के ग्रामीण धुप में कोसो दूर से पीने का पानी लाने को विवश है।उन्होंने बताया की अगर हमलोगों का इसी चपाकल का मरम्मत या जल मीनार का व्यवस्था करा दिया जाए तो हमलोग को इतना कठिनाई का सामना नही करना पड़ेगा।मौके पर ग्रामीण सुनील राम, मुरली दास, सुरेंद्र राम, चंद्रिका राम, अमरावती देवी,मीना देवी, प्रभा देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे ।

# तीन दिवसीय एडवांस मेडिएशन ट्रेनिंग का प्रोग्राम संपन्न

**मेदिनीनगर :** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देशन में तीन दिवसीय एडवांस मेडिएशन ट्रेनिंग प्रोग्राम बुधवार को संपन्न हो गया। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय मेडिएशन ट्रेनिंग प्रोग्राम में सभी मेडिएटर भाग लिए। ट्रेनिंग प्रोग्राम से मेडिएटर के क्षमता में और निखार आएगा ।साथ ही कर्तव्यों का और अच्छे से निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मेडिएटर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का लाभ लेंगे और अधिक से अधिक मामले में सुलह कराने में सफल साबित होंगे।उन्होंने कहा कि लगातार डालसा के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक मामले में सुलह करा कर विवाद सदा सर्वदा के लिए समाप्त किया जाए।

# उपायुक्त ने मनरेगा योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राज्य सरकार के द्वार संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई।समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने मानव दिवस सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना,रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना, लंबित पीएम आवास की समीक्षा की गई।बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने जिले के सभी बीडीओ को प्रतिदिन प्रत्येक गांव में पांच योजना चालू रखने का निदेश दिया ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराकर मानव दिवस सृजन में वृद्धि किया जा सके। मनरेगा योजना में खराब प्रदर्शन करने वाले प्रखंड हैदरनगर, मेदिनीनगर, पाटन पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए पंचायतवार समीक्षा कर प्रगति लाने का निदेश दिया। साथ ही कार्य में कोताही बरतने वाले रोजगार सेवकों पर कार्यमुक्त करने का अनुशंसा करने की बात कही।उपायुक्त ने रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन के मामले में तीन दिनों में आधार एवं बैंक खाता सुधार कर पुनः एफटीओ करने का निदेश दिया। लंबित आवास योजना 17357 में से 7206 आवास की योजना को मनरेगा सॉफ्ट में बंद करने का निर्देश दिया तथा अन्य मनरेगा की योजना यथा टीसीबी, डोभा, मेड़बंदी, दीदी बाड़ी योजना, वर्मी कम्पोस्ट, सोखता गड्ढा की पुरानी लंबित योजनाओं को तीन दिनों में पूर्ण करने का निदेश दिया।

# उपायुक्त ने मुसहर परिवारों के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान दस परिवारों के बीच जमीन पट्टा का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** राज्य में आवासन कर रहे मुसहर परिवारों को सभी सरकारी सहायता मुहैया कराए जाने संबंधी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के आलोक में आज जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे नीलांबर-पिताम्बरपुर प्रखंड के नौडीहा पंचायत अंतर्गत कोइरीपतरा गांव पहुंचे.यहां स्थानीय पंचायत भवन में उन्होंने 10 मुसहर परिवारों 1. खेलाकी मुसहर, पिता- बासुदेव मुसहर,2. बलराम मुसहर, पिता- जोधी मुसहर,3. कमेश मुसहर, पिता - स्व. रामवृक्ष मुसहर,4. मोहर मुसहर, पिता-सीताराम मुसहर,5. सीताराम मुसहर, पिता- रामगति मुसहर,6. विदेशी मुसहर, पिता - लधर मुसहर,7. उदय मुसहर, पिता- स्व. वृक्ष मुसहर,8. छोटू मुसहर, पिता- सीता मुसहर,9. भोला मुसहर, पिता- पिरथी मुसहर,10. गुलाबी मुसहर, पिता - मंटू मुसहर के बीच आवासीय भूमि का पर्चा वितरण किया.इस मौके पर उपायुक्त दोड्डे ने कहा कि सरकार की ओर से आप सभी को तीन-तीन डिसमिल जमीन बंदोबस्त किया जा रहा है अब आप सभी यहां अपना घर बनाकर रह सकेंगे,घर बनाने के लिये आप सभी को अंबेडकर आवास योजना से जल्द ही लाभान्वित किया जायेगा.इतना सुनते ही मुसहर परिवारों के चेहरे पर मुस्कान आ गयी सबके चेहरे खुशी से झूम उठे.सभी ने एक सुर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उपायुक्त के प्रति आभार जताया.वहीं पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि मुसहर परिवार आज भी मुख्यधारा से कटा हुआ है उन्हें मुख्यधारा में लाना हम सबों का दायित्व है.उन्होंने उपायुक्त को इस कार्य हेतु साधुवाद दिया.मौके पर सदर एसडीएम राजेश साह,पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता,प्रखंड प्रमुख,स्थानीय मुखिया मनदीप मेहता समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।




**डीसी ने सीओ को मुसहर परिवारों का आधार कार्ड बनवाने के निर्देश,कहा सभी सरकारी योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित:-** मौके पर डीसी दोड्डे ने सीओ चंद्रशेखर कुणाल को सर्वे कराकर वैसे लोग जिनका आधार कार्ड नहीं बना है उनको चिन्हित करते हुए उन सभी का आधार कार्ड बनवाने हेतु निर्देशित किया.उपायुक्त ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं यथा सर्वजन पेंशन योजना,मुख्यमंत्री पशुधन योजना,आदि से सभी परिवारों को लाभान्वित किया जायेगा. इसके अलावे उन्होंने कहा कि जिले के अन्य स्थानों में रह रहे मुसहर परिवारों को भी चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जाएगा.उन्होंने परिवार के कई सदस्यों से संवाद स्थापित कर अपने बच्चों को स्कूल भेजने की बात कही।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## जीजा ने साले पर चलाई गोली, जीजा गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना अंतर्गत खेत मोहल्ले के पास तर्हा उर्फ साहेब ने मोहम्मद शान के ऊपर बंदूक तान दिया, लेकिन गोली नहीं चलाया। उसी दिन देर रात डेली मार्केट थाना अंतर्गत लेक रोड स्थित छत्ता मस्जिद के सामने तल्ह ने मोहम्मद इरफान पर गोली चला दिया, जिसमें इरफान बाल-बाल बच गया। इस मामले में डेली मार्केट थाना में मामला दर्ज कराया गया । सिटी एसपी के नेतृत्व में टीम गठित कर 10 घंटे के अंदर तल्ह उर्फ साहब को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पास से एक देसी कट्टा और कारतूस भी बरामद किया गया है। सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि तल्हा और इरफान दोनों रिश्तेदार हैं जीजा साले का संबंध है । तल्हा अपने साले इरफान पर गोली चला दी थी। इरफान बाल-बाल बच गया।



पहले भी दोनों के बीच कई बार झगड़ा हो चुका है। इस मामले में थाना में मामला भी दर्ज कराया गया था, लेकिन गिरफ्तारी उसकी पहली बार हुई है । इसके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। एक पिस्टल बड़ा तालाब छठ घाट में फेंक दिया था। इस अभियान में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय की अहम भूमिका रही , उन्होंने आरोपी को मेन रोड में दौड़ाकर पकड़ा था। इस अभियान में हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी विनय सिंह, डेली मार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक , प्रदीप केशरी, हुसैन डांग ,सरोज मेहता आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीसीएल ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**रांची।** सीएमडी पी. एम. प्रसाद के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मचारियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। सीसीएल समय-समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है । इसी क्रम में सीसीएल में बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का 30.05.2023 को विधिवत उदघाटन किया गया। सीसीएल गांधीनगर क्रीडांगन, राँची में दिनांक 11.06.2023 तक आयोजित इस शिविर में 100 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। सीसीएल द्वारा बच्चों में खेल भावना को बढ़ावा एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है । मुख्यालय के अतिरिक्त सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में भी ऐसी ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### रांची में हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**रांची :** जिले की तमाड़ थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में समीर स्वांसी और धीरज कुमार दास शामिल हैं। इनके पास से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा और एक बाइक बरामद किया गया है। यह जानकारी बुधवार को ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने दी।



## बाबूलाल मरांडी ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को लेकर उठाए सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष और एक सदस्य की भूमिका को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी ध्यान आकृष्ट कराते हुए आयोग के रवैये से सरकार की बदनामी होने की बात कही है।सोशल मीडिया के माध्यम से बाबूलाल ने बुधवार को कहा कि झारखंड में एक ही आयोग का अब तक गठन हुआ है- झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग। इसका काम कायदे से उन बच्चों के हित में काम करना है, जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है लेकिन आयोग से दो लोग अध्यक्ष और एक सदस्य एक के बाद एक रांची के सभी प्रतिष्ठित स्कूल में जा रहे हैं। वे ऐसे स्कूलों में जा रहे हैं, जहां पहले से ही बच्चे सुरक्षित हैं। ऐसे प्रतिष्ठित स्कूलों में जाने का क्या औचित्य है?

मुख्यमंत्री को चाहिए कि वे इस पर संज्ञान लें। बाबूलाल मरांडी ने राज्य भर में विधायक प्रदीप यादव सहित अन्य के ठिकानों पर 30 मई को हुई ईडी की छापेमारी को लेकर भी अपनी बात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रखी है। उन्होंने कहा है कि छापेमारी में साहब के बहुत खास लोगों के यहां से कई अचल सम्पतियों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, कई लाख रुपये नकदी और कई पैन ड्राइव मिले हैं। चाहे जो भी हो लेकिन झारखंड को अंधेर नगरी बना दिया गया है।



### ईडी का छापेमारी वहीं हो रहा है, जहां भ्रष्टाचार है : बाबूलाल मरांडी

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा विधायक बाबूलाल ने कहा कि झारखंड में एक ही आयोग का अब तक गठन हुआ है। झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग। इसका काम कायदे से उन बच्चों के हित में काम करना है, जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है, लेकिन आयोग से दो लोग अध्यक्ष और एक सदस्य एक के बाद एक रांची के सभी प्रतिष्ठित स्कूल में जा रहे हैं। वे ऐसे स्कूलों में जा रहे हैं, जहां पहले से ही बच्चे सुरक्षित हैं। ऐसे प्रतिष्ठित स्कूलों में जाने का क्या औचित्य है? मुख्यमंत्री को चाहिए कि वे इस पर संज्ञान लें। बाबूलाल मरांडी ने राज्य भर में विधायक प्रदीप यादव सहित अन्य के ठिकानों पर 30 मई को हुई ईडी की छापेमारी पर उन्होंने कहा है कि छापेमारी में बहुत खास लोगों के यहां से कई अचल सम्पतियों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, कई लाख रुपये नकदी और कई पैन ड्राइव मिले हैं। चाहे जो भी हो लेकिन झारखंड को अंधेर नगरी बना दिया गया है।

## राज्यपाल ने सोहराई पत्रिका का किया विमोचन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को राजभवन में रांची के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय की पत्रिका 'सोहराई' का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, मनिता के. (भारतीय विदेश सेवा) सहित पासपोर्ट कार्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## लातेहार में टाना भगतों पर लाठीचार्ज करना और जेल भेजना साजिश : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि लातेहार जिला के कचहरी परिसर में 400 टाना भगतों पर विगत दस अक्टूबर 2022 को लाठीचार्ज करना गलत था। लातेहार जिला प्रशासन ने इस पूरे मामले को साजिश के तहत अंजाम दिया।

तिर्की बुधवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण तरीके से टाना भगत धरना दे रहे थे। इसी बीच प्रशासन ने बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसाईं। इसमें 40 टाना भगतों को गिरफ्तार कर लिया गया, ये गलत है। उन्हें राज्य के विभिन्न जिलों



के जेलों में रखा गया है। साथ ही 200 नामजद और 300 अज्ञात अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने लातेहार प्रशासन से पूछा कि क्या धरना दे रहे टाना भगत कोई किर्मिनल हैं। हत्यारे हैं या उग्रवादी हैं? उन्होंने कहा कि टाना भगत का इतिहास रहा है। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ देश की आजादी में अपनी महत्ती भूमिका निभायी है। ये हमेशा शांतिपूर्वक और अहिंसात्मक आन्दोलन के पक्षधर रहे हैं। इस आन्दोलन को बहुत सोची समझी साजिश के तहत गलत दिशा में ले जाया गया। तिर्की ने कहा कि आज इन गांव में एक भी सामाजिक अगुवा नहीं बचा है। जेल में बन्द टाना भगतों से मिलने से लोग कतरा रहे हैं। टाना भगतों के साथ इस तरह की कार्रवाई चिन्ता का विषय है।

## रांची में हथियार के बल पर शराब दुकान में लूट, शराब और गाड़ी बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सोनाहातू थाना पुलिस ने सरकारी शराब की दुकान में लूटपाट के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए लुटे गए शराब और सूमो गाड़ी बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को अहले सुबह चार बदमाश टाटा सुमो गाड़ी से सोनाहातू थाना क्षेत्र के पंचायत बारेंदा स्थित शराब दुकान पहुंचे। अपराधियों ने वहां तैनात गार्ड हरिहर महतो को हथियार के बल पर बंधक बनाया। इसके बाद शराब की दुकान का शटर तोड़कर महंगी शराब और लॉकर को लेकर टाटा रोड की ओर भाग निकले। घटना के बाद गार्ड हरिहर महतो ने सोनहातू थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल माल को मामले की जानकारी फोन पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी का पीछा करने लगी। थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल ने मामले की जानकारी इंचागढ़ थाना को दी। इंचागढ़ थाना ने तत्काल बेरिकेड लगाया। घटना के लगभग 30 मिनट के अंदर पुलिस ने लूटी गई शराब के साथ बरामद किया। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर लुटेरे चलती सूमो गाड़ी से कूद कर भाग गए। बिना ड्राइवर चलती सूमो सीधे आकर सोनाहातू थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल की गाड़ी से टकराकर रुकी। पुलिस वाहन के ड्राइवर ने किसी तरह अपने वाहन को कंट्रोल किया और वाहन में सवार थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों की जान बची। एसडीपीओ अजय कुमार ने बुधवार को बताया फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## रांची में मोबाइल लूट का आरोपित गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पिठौरिया थाना पुलिस ने लूटकांड का खुलासा करते हुए 12 मोबाइल के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम इकबाल अंसारी है। वह लोहरदगा के पेशरार का रहने वाला है। इसके पास से घटना में प्रयोग किया गया एक पल्सर बाइक और सात लूट के मोबाईल सहित अन्य छह मोबाइल कुल 12 मोबाईल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने




बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 28 मई को रातू निवासी पंकज कुमार दूबे ने हथियार का भय दिखाकर सात मोबाइल और चार हजार 500 रुपये लूटने को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मामले को लेकर एएसपी मुमल राजपुरोहित के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने आरोपित को तकनीकी शाखा के सहयोग से रांची के जगरनाथपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

इसकी निशानदेही पर पांच अन्य लूटे गये मोबाईल को अन्य स्थानों से बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधी का लोहरदगा में पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।

## पीएलएफआई के जोनल कमांडर जेठा कच्छप सहित तीन को उम्रकैद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एसएम सहजाद की अदालत ने बुधवार को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के जोनल कमांडर जेठा कच्छप सहित तीन को हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनायी है। साथ ही तीनों पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इनमें पीएलएफआई के सदस्य जेबिर उरांव, मेघु भगत शामिल हैं। इसी मामले के दो आरोपित सुख मंगल भगत तथा




सनिका उरांव फरार हैं जबकि तारकेश्वर गोप को साक्ष्य के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया। मामले में जेठा कच्छप की ओर से अधिवक्ता ईश्वर दयाल ने बहस की। जेठा कच्छप वर्तमान में गोड्डा जेल में है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए वह अदालत में पेश हुआ। मामले में छह आरोपित ट्रॉयल फेस कर रहे थे। मामला लापुंग थाना क्षेत्र का वर्ष 2011 का है। जमीन को लेकर विवाद में जेठा कच्छप सहति छह लोगों ने राम उरांव और उसकी पत्नी पर गोली चला दी थी। राम उरांव की पत्नी की घटनास्थल पर मौत हो गयी थी, जबकि राम उरांव की मौत इलाज के दौरान हुई थी। इस संबंध में मृतक परिजनों ने लापुंग थाना में 302, 307, आर्म्स एक्ट के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।


## बुनकर संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार : अनवर अहमद

**प्रभता मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दी छोटानागपुर हैंडलूम एंड खादी विकर्स को ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड द्वारा आयोजित और बुनकर प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए दी छोटानागपुर हैंडलूम एंड खादी विकर्स कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड के अध्यक्ष व झारखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी ने राज्यसभा सांसद ,राष्ट्रीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष , उर्दू के मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी का रांची आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत जोड़ो बुनकर जोड़ो कार्यक्रम के दौरान उनकी उपस्थिति ने बुनकरों का हौसला बढ़ा है , बुनकरों की समस्याएं और अल्पसंख्यकों के मामलों को लेकर राज्यसभा सांसद में फिर उठाने की बात कही है , उम्मीद है कि वह अपने बातों पर कायम रहेंगे और इनके आने से अल्पसंख्यकों में हौसला बढ़ा है ,इसके लिए फिर से धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक अंबा प्रसाद ,राजेश कच्छप, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू, अमूल नीरज खलखो, झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी,बिहार कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मिन्नत रहमानी, विनय सिन्हा दीपू, वारिश कुरैशी, सहित बुनकर प्रतिनिधियों एवं बुनकर परिवार के सदस्यों, इरबा और रांची के आसपास सहित मंच संचालन कर्ता प्रेणना प्रताप, मौलाना कारीजान सभी लोगों का आभार । दी छोटानागपुर हैंडलूम एंड खादी विकर्स को ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी ने भी सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## रांची में मिला युवक का शव

**रांची :** धुर्वा थाना क्षेत्र अ ंत ग र्त मौसीबाड़ी गोलचक्कर के पास से बुधवार को



एक युवक का शव मिला। युवक के पॉकेट से मिले आधार कार्ड के अनुसार उसकी पहचान कीनू बेदिया के रूप हुई है। वह रामगढ़ जिले का रहने वाला था। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। मौत की वजह का अबतक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## अंबा प्रसाद ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से रांची आगमन होने पर मुलाकात किया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने ओबीसी आरक्षण एवं विस्थापन के मुद्दे पर महामहिम का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक अंबा प्रसाद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात के दौरान राज्य में ओबीसी समुदाय के बढ़े हुए 27त्न आरक्षण को लागू कराने का अनुरोध किया।

उन्होंने ओबीसी समुदाय के साथ हो रहे अन्याय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लगभग 50त्न से अधिक आबादी होने के बावजूद भी



ओबीसी समुदाय को उचित आरक्षण व हक अधिकार नहीं मिल पा रहा है। इस संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा विधेयक पारित किया गया है लेकिन लागू नहीं हो पाया है।

अंबा प्रसाद ने महामहिम राष्ट्रपति से ओबीसी को 27त्न आरक्षण को लागू करने पर उचित पहल करने का अनुरोध किया।वही विधायक ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की सबसे प्रमुख समस्या विस्थापन से जुड़े मामलों पर महामहिम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि पूरा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र विस्थापन का दंश झेल रहा है। बड़े-बड़े कंपनियां क्षेत्र में मौजूद है परंतु कंपनियों के द्वारा उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ न्याय नहीं किया जा रहा है एवं उनके हक एवं अधिकारों का हनन हो रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं, मुआवजा, रोजगार जैसी अनेकों समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। विधायक ने इस विस्थापन के मामले पर महामहिम राष्ट्रपति से संज्ञान लेने का अनुरोध किया। इस दौरान पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं पूर्व विधायक निर्मला देवी भी साथ मौजूद रहे।

## पुलिस एसोसिएशन के मतदान से पहले योगेंद्र सिंह की मांगे हुई पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कैबिनेट के फैसले में झारखण्ड पुलिस सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियमावली 2016 को निरस्त किए जाने के बाद झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कैबिनेट के सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है । योगेंद्र सिंह ने कहा है कि हम लगातार इसके लिए मांग कर रहे थे और कैबिनेट की बैठक में जो प्रस्ताव पारित हुआ है यह स्वागत योग्य है , इसे झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सभी पुलिसकर्मियों में खुशी की लहर है, और इसके लिए झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी गण कंधे से कंधा मिलाकर हमारे साथ चल रहे थे और सभी की कोशिशों का यह प्रतिफल है कि आज सफलता मिली है । उन्होंने आगे बताया कि झारखण्ड पुलिस सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियमावली 2016 को समाप्त किए जाने की मांग को लेकर झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन प्रारंभ से ही आन्दोलनरत थी। झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा समाप्त करने हेतु जोरदार तरीके से मांग की गयी जिस



के आलोक में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तत्कालीन गृह सचिव एवं पुलिस मुख्यालय के तत्कालीन महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक एवं अन्य वरीय पदाधिकारी 25.02.2019 को एसोसिएशन के पदाधिकारी के साथ बैठक की गयी। उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा सीमित प्रतियोगिता परीक्षा भविष्य में होना है अथवा नहीं, के बिन्दु पर एसोसिएशन से विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जायेगा। इस प्रकार पिछले 6-7 वर्षो से लगातार झारखण्ड पुलिस एसोसिशन इस नियमावली को समाप्त कराने के लिए प्रयत्नशील थी। बुधवार को झारखण्ड सरकार की केन्द्रीय मंत्रीपरिषद की बैठक में इस नियमावली को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से झारखण्ड पुलिस के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों में प्रसंन्ता की लहर दौड़ गई है तथा सभी ने एक स्वर से सरकार के इस निर्णय की सराहना किए हैं। इस निर्णय से 1250 से अनि0 पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत होंगे तथा इतनी ही संख्या में सिपाही संघ से सअनि में प्रोन्नति होगी।झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सभी मंत्री परिषद के सदस्यों को आभार प्रकट किया । साथ ही साथ मुख्य सचिव, गृह-सचिव, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड को भी आभार प्रकट करती है।

## तम्बाकू की लत-खींच रहा जीवन की सत् : ब्रह्माकुमारी निर्मला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** तम्बाकू की लत-खींच ले जीवन की सत् उक्त बातें ब्रह्माकुमारी निर्मला ने की उन्होंने कहा कि तम्बाकू सेवन एक विषधर की तरह है। जो भी व्यक्ति इसके चंगुल में एक बार जाने-अनजाने फंस जाता है ,वह समय पूर्व ही काल का ग्रास बन जाता है। अनेकानेक बच्चे, बुजुर्ग, विद्यार्थी , घरेलु माताऐं तथा समाज का लगभग प्रत्येक वर्ग इस भयावह रोग से ग्रसित है। ये उद्गार तम्बाकू निषेध पर बोलते हुए केन्द्र संचालिका ब्रह्मकुमरी निर्मला बहन ने अभिव्यक्त किये। संयुक्त राष्ट्र की भगिनी संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू रहित दिवस के रूप में मनाता है जिसका भावार्थ यही होता है कि साल में एक दिन ही सही कम से कम लोगों को तम्बाकू से होने वाली हानियों के विषय में जारत किया जाय। लेकिन धुम्र पान की लत है कि मर्ज बढ़ता ही गया ज्यों ज्यों दवा की की भाँति दिनों दिन सुरसा के मुख की तरह बढ़ती जा रही है। कई बार नशेड़ी लोग मुफ्त बीड़ी पिलाने का वास्ता देकर भी अनजान बच्चों एवं युवकों को अपने मोह जाल में फसा लेते हैं तथा एक बार आदत पड़ जाने पर फिर उन से ही उल्टा फ्री सिगरेट पीते रहते हैं।

## श्याम सेवा समिति ने बिष्टुपुर में बांटे तरबूज व शरबत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर इस भीषण गर्मी को देखते हुए शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्याम सेवा समिति बिष्टुपुर द्वारा करीब 1300 लोगो के बीच तरबूज एवं शरबत का वितरण बिष्टुपुर टेम्पो स्टेंड के पास किया गया। संयोजक मुकेश आगीवाल की अध्यक्षता में करीब 5 घंटे चले इस शिविर में संस्था के पुरुष, महिला सदस्यों समेत समाज बंधुओ ने भी अपना सहयोग दिया। मुकेश आगीवाल ने बताया की श्री श्याम सेवा समिति धार्मिक संस्था हैं, लेकिन समय-समय पर अपने समाजिक दायित्वों को भी पूरा करती है। निर्जला ग्यारस का अपना विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है इस दिन इस प्रकार के कार्य का विशेष फल भी प्रदान होता है। इस शिविर को सफल बनाने में संयोजक मुकेश आगीवाल, उपाध्यक्ष जुगल बाकरेवाल, प्रभाष मूनका, दीपक नागेलिया, कौशल नागेलिया, अशोक नरेडी, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, आशुतोष आगीवाल, माधव आगीवाल, प्रदीप गुप्ता, किशन संघी, समता बाकरेवाल आदि उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के सचिव अरुण गुप्ता ने दी।

## रांची से शराब चुराकर जमशेदपुर जा रहे चोरों ने पुलिस को देख चलती गाड़ी से भागे, सुमो जब्त



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर मिलन चौक में बुधवार की अहले सुबह करीब 4 बजे चोरी कर भाग रहे एक सुमो गोल्ड वाहन को पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि रांची जिला के सोनाहातु थाना क्षेत्र के बारेन्दा चौक पर सरकारी विदेशी शराब दुकान का ताला तोड़कर दुकान का सिग्नेचर,केन बीयर आदि शराब पेटी लेकर जमशेदपुर की ओर भाग रहा था। सोनाहातु पुलिस के सूचना पर ईचागढ़ पुलिस टीकर में बैरियर लगाकर जांच कर रही थी,तभी बैरियर पर पुलिस खड़ा देखकर सुमो गोल्ड को घुमाकर सिल्ली की ओर भाग रहा था। पहले से मौजूद मिलन चौक पर बुंडू डीएसपी अजय कुमार के नेतृत्व में सोनाहातु पुलिस वाहन जांच कर रही थी। पुलिस को देख चालक सहित चार बदमाश चलती सुमो गोल्ड वाहन से छलांग लगाकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। ईचागढ़ व सोनाहातु पुलिस द्वारा पीछा करने के बाद भी चारों बदमाश भागने में सफल रहा। सोनाहातु पुलिस वाइन से भरे सुमो गोल्ड वाहन को जप्त कर सोनाहातु थाना ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## शैल लुब्रिकेंट्स ने मैकेनिक समुदाय को सशक्त बनाने के मकसद से लॉन्च किया 'सपने होंगे अपने'



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फिनिश्ड लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में दुनिया की दिग्गज शैल ने मैकेनिक समुदाय के लिए 'सपने होंगे अपने' पहल शुरू करने की घोषणा की है जो उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद पहुंचाएगी। इस पहल को, शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया द्वारा हाल में कराए एक आंतरिक सर्वे का भी समर्थन हासिल है जिससे यह खुलासा हुआ था कि अधिकांश मैकेनिक्स किसी ब्रैंड के साथ जुड़ाव के लिए कई भावनात्मक पहलुओं जैसे कि आमदनी (वर्कशॉप अपग्रेड), परिवार (बच्चों की पढ़ाई और घर-परिवार की जरूरतें), पहचान (मान्यता), और हुनर (उन्नत कौशल हासिल करना) से प्रेरित होते हैं। वे इन क्षेत्रों में ब्रैंड से सार्थक सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। शैल शेयर एप से जुड़े 80,000 से अधिक मैकेनिक्स तक पहुंचने का इरादा रखने वाली पहल सपने होंगे अपने भारत में मैकेनिक्स को वित्तीय रूप से सशक्त बनाते हुए उनके सपनों को पूरा करने तथा भविष्य मजबूत बनाने में मदद करेगी।

## मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा ने पांच स्थानों पर लगाया अमृत धारा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जल ही जीवन है, जल है तो कल है, स्वच्छ जल ही अमृत हैं का सुंदर संदेश देते हुए बुधवार को निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा एक ही दिन में पांच स्थानों पर अमृत धारा (शीतल एवं नर्मल पेयजल केंद्र) का उद्घाटन कर आम जनता को समर्पित किया गया। साकची शतिला मंदिर, साकची जुबली पार्क गेट के पास, भुईयॉडीह स्थित नंद नगर राजकीय विधालय, बिष्टुपुर स्थित श्री श्री सत्यनारायण मंदिर, परसुडीह स्थित खासमहल सदर अस्पताल में अमृत धारा लगाया गया हैं। पांचों स्थानों पर शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा सचिव कविता अग्रवाल, अमृतधारा संयोजिका रश्मि झाझरिया, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, उषा चौधरी, पायल अग्रवाल, सीमा सापरिया, ममता अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, पिंकी छावछरिया आदि का योगदान रहा।

## विधायक मंगल कालिंदी की पहल पर आगुईडांगरा में 24 घंटे के अंदर लगा ट्रांसफॉर्मर



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के आगुईडांगरा गांव में बुधवार को विधायक मंगल कालिंदी ने एक सौ केवीए का नया ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन किया। गांव में बिजली बहाल होते ही भीषण गर्मी से जूझ रहे ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि गांव में लगे 63 केवीए का ट्रांसफार्मर पांच दिनों पूर्व खराब हो गया था। ग्रामीणों द्वारा सोमवार को इस संबंध में विधायक को जानकारी देने पर विधायक ने मामले को गंभीरता से लिया और विभागीय अधिकारी के साथ वार्ता करते हुए मंगलवार को ही ट्रांसफॉर्मर गांव भिजवाया। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान बाघाम्बर सिंह, कालीपद महतो, संदीप महतो, विधान सिंह, हीरालाल महतो व कराली महतो आदि लोग मौजूद थे।


## कड़ी सुरक्षा के बीच वन विभाग की जमीन हुई अतिक्रमण मुक्त

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के शांति नगर में वन विभाग की जमीन पर हुए अतिक्रमण को बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हटाया गया। इस दौरान जेसीबी की मदद से उक्त बस्ती में वन विभाग की जमीन पर कराए गए अवैध निर्माण को तोड़ा दिया गया। हालांकि, खराब मौसम के कारण इस अभियान को बीच मे ही रोकना पड़ा। इस दौरान मौजूद आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों को लगातार मिल रहे शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई है जो आगे भी जारी रहेगा। इधर वन विभाग की इस कार्यवाई के बाद भू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। विदित है कि गम्हरिया के शांतिनगर इलाके में बड़े पैमाने पर वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण वर्षों से चल रहा है। भूमाफियाओं द्वारा सैकड़ों एकड़ वन विभाग की जमीन को अवैध रूप से कब्जा कर बेच चुके हैं जिसमें हजारों लोग मकान बनाकर रह रहे हैं।

# बोड़ाम में प्रेमी युगल ने दुपट्टा के सहारे एक ही पेड़ पर लगा ली फांसी

### पुलिस ने शवों को किया बरामद





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के बोंटा गांव स्थित एक महुआ के पेड़ पर झूलते प्रेमी युगल का शव पुलिस ने बुधवार की सुबह बरामद किया है। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की सूचना पर बुधवार की सुबह करीब 8 बजे पहुंचे बोड़ाम थाना के अवर निरीक्षक दिलीप माझी व अन्य पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों की उपस्थिति में शवों को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया। ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने शवों की पहचान बोंटा पंचायत के ही कुटिमाकुली निवासी निंदा सिंह (23 वर्ष) एवं कुनी बिरुआ (18 वर्ष) के रूप में की है। बताते हैं कि दोनों आपस में प्रेमी-प्रेमिका थे। दोनों बालिग एवं आदिवासी समाज के ही थे लेकिन जाति अलग थी। लड़की हो समुदाय की जबकि लड़का भूमिज समुदाय से। घटना की सूचना पाकर पहुंचे बोड़ाम के पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो, समाजसेवी चैतन मुर्मू व उमेश महतो समेत अन्य लोगों ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज में शवों का पोस्टमार्टम हेतु मदद की। घटनास्थल से अभी तक पुलिस को किसी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बोड़ाम थाना के अवर निरीक्षक सह प्रभारी ओसी दिलीप माझी ने बताया कि प्रेमी युगल ने घर के सभी लोगों के सो जाने के बाद देर रात घर से निकले थे। उन्होंने बताया कि लड़की पटमदा इंटर कॉलेज की छात्रा थी और इस साल इंटर की परीक्षा दी थी। जिसमें सेकेंड डिवीजन में उत्तीर्ण हुई थी। जबकि लड़का गांव एवं आसपास में मजदूरी का काम करता था। इस संबंध में लड़की के पिता हरिचरण बिरुआ के लिखित आवेदन पर बोड़ाम थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है। दूसरी ओर मामले को गंभीरता से लेते हुए पटमदा डीएसपी सुमित कुमार ने भी कुटिमाकली पहुंचकर प्रेमी युगल के परिजनों से पूछताछ की और मामले की विस्तृत जानकारी ली।

## कांड्रा मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा-सरायकेला मार्ग पर कांड्रा मोड़ स्थित ढलान के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से करीब 25 वर्षीय एक बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृत युवक की पहचान प्रखंड के आनंदपुर, देव गांव निवासी सुभाष कर्मकार के रूप में हुई है। बुधवार को प्रातः करीब साढ़े पांच बजे हुई इस घटना के बावत प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुभाष कर्मकार बीते मंगलवार को चौका स्थित अपने रिश्तेदार के घर श्राद्धकर्म में शामिल होने गया था। वहां से बुधवार की सुबह लौटते क्रम में वह अपने बाइक से कांड्रा होते हुए गम्हरिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान, गम्हरिया की ओर से कांड्रा तरफ जा रहे अज्ञात वाहन द्वारा उसे ठोकर मार दी गई जिससे वह बाइक से गिर पड़ा। तत्पश्चात, वाहन सुभाष को रौंदते हुए घटना स्थल से फरार हो गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों द्वारा उक्त घटना की जानकारी कांड्रा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से शव को उठा कर अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

## पावरग्रिड जमशेदपुर उपकेंद्र का स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** पावरग्रिड जमशेदपुर उपकेंद्र की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के तहत विगत 16 मई से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसका समापन 31 मई को हुआ। इस दौरान गम्हरिया में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने रंग बिरंगे पेंटिंग्स बनाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को पावरग्रिड की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। तत्पश्चात, उषा मोड़ में पावरग्रिड के कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों के बीच कॉटन बैग वितरित कर प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की गई। इस मौके पर पावरग्रिड जमशेदपुर के प्रमुख मनीष कुमार झा समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत नाइट ब्लड सर्वे के लिए प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत नाइट ब्लड सर्वे हेतु प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमे कार्यक्रम के शत प्रतिशत सफलता सहित प्रचार प्रसार एवं अन्य तैयारियों पर चर्चा किया गया। मिली जानकारी अनुसार सरायकेला प्रखंड अंतर्गत विष्टुपादुका एवं भालूकपहाड़ी ग्राम का चयन किया गया है, जहां रात्रि रक्त पट संग्रह का कार्य निर्धारित चिकित्सा दल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत दोनों गांव में अलग अलग 300 सैंपल रक्त पट्ट संग्रह करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रात्रि रक्त पट्ट संग्रह का कार्य चिकित्सा दल द्वारा रात्रि 8:00 से 12:00 के मध्य किया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सरायकेला डॉ अभिमन्यु महतो ने बताया रात्रि रक्त पट्ट संग्रह के दौरान ग्रामीणों को फाइलेरिया किट का भी वितरण किया जाएगा। बैठक में अंचल अधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा सहित संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मी भी उपस्थित रहे।

## सरायकेला प्रखंड व अंचल कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने लिया तंबाकू सेवन नहीं करने का शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य बुधवार को सरायकेला प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने तंबाकू का सेवन नहीं करने तथा अन्य लोगों को भी तंबाकू का सेवन नहीं करने हेतु प्रेरित करने की शपथ ली। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि तंबाकू सेवन करना स्वास्थ्य के लिए खतरनाक लत है। जहां छोटे-छोटे बच्चे हैं वहां तो स्थिति और भी अधिक नाजुक बन गई है। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को अभियान के रूप में सभी की सहभागिता से चलाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा जिस प्रकार हम कोविड-19 से लड़ रहे हैं उसी प्रकार हमें तंबाकू को समाप्त करने हेतु लड़ाई लड़नी होगी। इस अवसर पर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## डीआईजी रेंज टीम ने छापामारी कर जब्त किया 9 बालू लदे हाइवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर आगसीया के पास डीआईजी अजय लिंडा द्वारा गठित रेंज टीम द्वारा अवैध बालू लदे 9 हाइवा जप्त कर लिया गया है । बुधवार को अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो द्वारा अवैध बालू परिवहन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात को अवैध बालू परिवहन की सूचना पर टीम ने अवैध बालू लदे 9 हाइबा को जप्त कर लिया। बताया जा रहा है कि जब्त हाइवा से किसी तरह का चालान नहीं मिलने पर रेंज टीम द्वारा हाइवा जप्त कर ईचागढ़ थाना को सौंप दिया। मौके से चालक फरार बताया जा रहा है। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो ने बताया कि डीआईजी द्वारा रेंज टीम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध बालू के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि बालू घाटों का निलामी नहीं होने से बालू का जहां किल्लत हो रही है, वहीं बालू की मांग बढ़ने से ऊंची दामों में लोग बालू खरीद रहे है, जिससे अवैध बालू कारोबार फल फूल रहा है। ऊंचे दामों के चलते रात के अंधेरे में चोरी छिपे अवैध बालू परिवहन को बढ़ावा मिल रहा है।

## पटमदा के तीन भूमिहीन सबरों के बीच विधायक ने किया वन पट्टा का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत अपो गांव के तीन भूमिहीन सबरों को वनाधिकार अधिनियम के तहत अंचल कार्यालय से पट्टा मिला। बुधवार को उन सबर लाभुकों के के बीच स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी ने सीओ चंद्रशेखर तिवारी की उपस्थिति में अंचल कार्यालय परिसर में वन पट्टा स्वीकृति पत्र का वितरण किया। लाभुकों में मंगल सबर, जरू सबर व संतोष सबर शामिल हैं। इस संबंध में सीओ ने बताया कि तीनों सबर वनभूमि में ही घर बनाकर वर्षो से रह रहे हैं। इन लोगों के नाम किसी तरह की कोई जमीन नहीं थी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, समीर महतो, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, कालीपद महतो, ग्राम प्रधान खगेन सिंह, निर्मल मुर्मू, रफीक अंसारी व सुजीत महतो आदि थे।

# ह्यूमन वेलफेयर ने राहगीरों को पिलाया रुह अफजा व ठंडा पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आज गरीब नवाज कॉलोनी आजाद मैरेज हाल के पास राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए रूह अफजा और ठंडा पानी का वितरण किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार ने राहगीरों को अपने हाथों से रूह अफ्जा और ठंडा पानी पिलाया और ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के कार्य की काफी सराहना की। शरबत वितरण में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर हाजी जमील असगर,जमात ए उलेमा हिंद के सचिव हाफिज अनवर आलम, कोडरमा से आए किड्स नेशनल स्कूल के डायरेक्टर हुजैफा आलम एवं समाजसेवी मोहम्मद यूसुफ भी उपस्थित थे। मौके पर ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, सचिव मोखतार आलम खान, शाहिद परवेज,ताहिर हुसैन, अफताब आलम, मोहम्मद एजाज़ अंसारी, मोइनुद्दीन अंसारी, मोहम्मद राजा, हाजी फिरोज असलम, मोहम्मद मुन्नवर, मोहम्मद आरिफ, बब्बन, मोहम्मद चांद ,मोहम्मद गुलजार का सराहनीय योगदान रहा।

# अहले सुबह चादर पोशी के साथ रानी अम्मा का सालाना उर्स मुबारक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** हजरत जोहरा बीबी र.अ. उर्फ रानी अम्मा (हजरत चुनाशाह बाबा की अहलिया) का सालाना उर्स मुबारक आज बुधवार सुबह 7.30 बजे कुरानख्वानी के साथ शुरू हुआ। कुरानख्वानी में कुरान एकेडमी ओल्ड पुरुलिया रोड और जिया मदरसा दारूल किरात आजाद नगर मानगो के बच्चों ने कुरान पाक की तिलावत की। अहले सुन्नत हजरत अलामा मौलाना हफीजुद्दीन खतीब, बिष्टुपुर मस्जिद, हजरत मौलाना मोहम्मद इजहार अहमद खतीब व इमाम, बिष्टुपुर जामा मस्जिद ने फातिहा पढ़ी, जिसमे दरगाह कमिटी, चुनाशाह बाबा के सचिव हाजी एस एम कुतुबुद्दीन, प्रेसिडेंट हाजी अब्दुल लतीफ, दरगाह के गद्दी नशी ताज अहमद, अब्दुल वहाब, अजीबुल अंसारी, साजिद के अलावा दरगाह के कमिटी के अन्य सदस्य मौजूद थे। उर्स मुबारक में दिन भर अकीदत मंद लोग दरगाह में पहुंते रहे और चुनाशाह बाबा व रानी अम्मा के मजार पर चादर पेश करते नजर आए। वही बाद नामज-ऐ- ईशा रात 9.00 बजे नात ख्वानी और तकरीर का आयोजन हुआ। रात 12.00 बजे से महफिले शमां का आयोजन हुआ जिसमें शहर के नामी कव्वालों ने अपने नज्म पेश किए। वही अहले सुबह 3.40 बजे दरगाह कमिटी द्वारा चादर पोशी किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में जायरीन दुआ में शामिल हुए।


## साकची बाजार में पप्पू सरदार ने चलाया 3आर जागरुकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) और टाटा स्टील यूआईएसएल ने मेरी लाइफ, मेरा स्वच्छ शहर अभियान के तहत संयुक्त रूप से कुल 40 आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल) केंद्र स्थापित किए हैं। ये केंद्र जमशेदपुर के नागरिकों को इन केंद्रों पर अतिरिक्त सामान जैसे कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान, जूते, प्लास्टिक सामग्री और किताबें जमा करने के लिए एक मंच प्रदान कर रहे हैं। आरआरआर की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए, साकची बाजार मास्टर कार्यालय के पास और साकची मार्केट सहित गोल चक्कर पर एक जगरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस मुहीम को बल देने हेतु जेएनएसी के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर पप्पू सरदार (मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के प्रशंसक) भी इस मुहीम मे जुड़ चुके हैं। पप्पू सरदार ने बाजार क्षेत्र के दुकानदारों से 3आर (रीड्यूज, रियूज एवं रिसाईकल) अवधारणा के लिए दान देने का आग्रह करने में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्हें जो प्रतिक्रिया मिली वह संतोषजनक से अधिक थी। लोगों ने पप्पू सरदार और टीम जिसमें जेएनएसी और टाटा स्टील यूआईएसएल के कर्मचारी शामिल थे, को पुराने खिलौने, कपड़े दे दिए जो अप्रयुक्त पड़े थे। पप्पू सरदार ने इस मुहीम के विषय मे सभी को जागरूक किया साथ ही सभी से इस मुहीम मे जुड़कर मदद करने और स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया।

## जुबली पार्क में तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को किया जागरुक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वर्ल्ड नो टोबैको डे के दिन जुबली पार्क रोड में अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन के जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश ने तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान चलाया। तंबाकू के सेवन से मुंह एवं फेफड़ों में कैंसर की बीमारी होती है, अभियान के दौरान तंबाकू से होने वाली बीमारी नुकसान एवं दुष्परिणामों के प्रति लोगो को जागरूक किया। इस वर्ष 2023 की थीम हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं। अभियान में रियाजुद्दीन खान, उषा यादव, सुरेंद्र शर्मा, पूर्वी घोष, सविता सिंह, शिल्पी चक्रवर्ती, मधुमाला, मदन शर्मा, के लक्ष्मी चंद्रमोहन, राजू राव,अरविंदर कौर, संजय संजू शर्मा, कर्मा भाई इत्यादि ने अपनी भागीदारी निभाई।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संपादकीय

## लोकतंत्र में 'राजदंड' बेमानी

नए संसद भवन का लोकार्पण कर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने ही किया। तमिलनाडु के अधीनम (पुजारियों) ने प्रधानमंत्री को 'सेंगोल' सौंप दिया। सेंगोल, यानी राजदंड, चोल वंश के साम्राज्य के दौरान सत्ता-हस्तांतरण का प्रतीक रहा होगा। स्वतंत्र, संप्रभु और लोकतांत्रिक भारत में किसकी सत्ता का हस्तांतरण हुआ है? अभी तो नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। यदि 'सेंगोल' को ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत के तौर पर तमिल पुजारियों ने प्रधानमंत्री को सौंपा है, तो उस 'राजदंड' को लोकसभा स्पीकर के आसन की बगल में स्थापित क्यों किया गया है? देश के प्रधानमंत्री ने अयोध्या में भगवान राम और महादेव की मूर्तियों के सामने भी दंडवत प्रणाम किया था। 'सेंगोल राजदंड' को भी दंडवत प्रणाम किया गया। क्या वह दैवीय और अवतारीय है? क्या लोकसभा का सदन 'राजदंड' के जरिए ही संचालित किया जाएगा? लोकतंत्र में हमारे पास संविधान है, जिस पर संविधान सभा के हमारे पुरखों ने खूब विमर्श किया था और डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान को लिखा था। समय और आवश्यकता के अनुसार हमारी संसद ने संविधान में 100 से अधिक संशोधन पारित किए हैं। भारत संविधान और कानून के जरिए सौहार्द और सहजता से चलता रहा है। अब संसद की नई इमारत में 'राजदंड' के मायने, लोकतंत्र के संदर्भ में, क्या हैं? क्या एक महान लोकतंत्र प्रतीक रूप में ही सही 'राजदंड' से हांका जा सकता है? कमोबेश प्रधानमंत्री मोदी को इसका स्पष्टीकरण देना पड़ेगा। खुद प्रधानमंत्री मोदी अपने कार्यकाल के 9 लंबे साल शासन कर चुके हैं। अचानक 'सेंगोल राजदंड' और उसके महात्म्य की याद कहां से आई? मौजूदा प्रधानमंत्री से पहले कई और प्रधानमंत्री भारत का नेतृत्व कर चुके हैं। आपातकाल का दौर छोड़ दें, तो देश में लोकतंत्र और संविधान जीवंत तौर पर क्रियान्वित रहे हैं। भाजपा के शीर्षस्थ नेता अटलबिहारी वाजपेयी भी 6 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे। वह ज्यादा भारतीय, सांस्कृतिक, समन्वयवादी और उदार प्रधानमंत्री थे। उनके कार्यकाल में खुफिया एजेंसियों और वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों ने भी उन्हें खुलासा नहीं किया कि 'सेंगोल राजदंड' भी कोई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक बला है और इलाहाबाद के संग्रहालय में धूल फांक रही है। तमिलनाडु में शैव मठ के संतों और पुजारियों तथा आस्थावानों ने भी कभी यह मांग नहीं की कि सत्ता हस्तांतरण 'सेंगोल राजदंड' के जरिए की जाए। दरअसल हमारा लोकतंत्र इतना सशक्त है कि किसी भी जनादेश के बाद केंद्र और राज्यों में सत्ता हस्तांतरण बड़े सहज और स्वाभाविक तौर पर हो जाता है। बेशक 28 मई 'संसदीय महोत्सव' की तारीख दर्ज कर ली गई, लेकिन भारत का लोकतांत्रिक और संसदीय परिदृश्य आधा अधूरा और विभाजित दिखा। विपक्ष पर दोषारोपण किया जा सकता है। हम इस बहस को नए सिरे से नहीं छेड़ना चाहते, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को मंथन करना चाहिए कि 10-11 मुख्यमंत्री नीति आयोग की अधिशासी परिषद की बैठक का भी 'अघोषित बहिष्कार' करते हैं। क्या यह विकसित भारत के लिए एक बेहतर प्रवृत्ति है? 'सेंगोल राजदंड' के जरिए प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व राजनीतिक तौर पर तमिलनाडु और केरल को संबोधित कर रहे हैं। दक्षिण के इन दोनों राज्यों में भाजपा नगण्य है। बद्रीनाथ धाम में भी मुख्य पुजारी के आगे दो चेहरे चलते हैं, जिनके हाथों में भी 'राजदंड' होता है। यह भी प्राचीन परंपरा है और बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी केरल से होते हैं। बेशक भाजपा नेतृत्व इस राजनीति को स्वीकार न करे, लेकिन समय इसका भी खुलासा कर देगा। यदि प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति समन्वयवादी और सहमति की होती, तो इस बहिष्कार टाला जा सकता था। दरअसल बुनियादी समस्या संवादहीनता और आम सहमति की है। प्रधानमंत्री ने इसके प्रयास कभी नहीं किए। सिर्फ चुनाव जीतना और बहुमत प्राप्त करना ही अंतिम लोकतंत्र नहीं है। बहुमत मिलता है, लेकिन आपको 50 फीसदी से ज्यादा जनादेश नहीं मिलता। जो पराजित हुए हैं, उन्हें भी जनादेश मिलता है, लोकतंत्र में उनकी भूमिका क्या है? प्रधानमंत्री महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर सर्वदलीय बैठक बुला कर और विपक्ष की सलाह भी मान कर 'विभाजित स्थितियों' से बच सकते हैं। अब नया विवाद 'सेंगोल राजदंड' पर शुरू होगा। हम तो इस खूबसूरत और महंगी छड़ी को बेमानी मानते हैं। श्रद्धेय नंदी बैल का दुरुपयोग भी खूब किया गया है।

> स्वतंत्र, संप्रभु और लोकतांत्रिक भारत में किसकी सत्ता का हस्तांतरण हुआ है? अभी तो नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। यदि 'सेंगोल' को ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत के तौर पर तमिल पुजारियों ने प्रधानमंत्री को सौंपा है, तो उस 'राजदंड' को लोकसभा स्पीकर के आसन की बगल में स्थापित क्यों किया गया है? देश के प्रधानमंत्री ने अयोध्या में भगवान राम और महादेव की मूर्तियों के सामने भी दंडवत प्रणाम किया था। 'सेंगोल राजदंड' को भी दंडवत प्रणाम किया गया। क्या वह दैवीय और अवतारीय है? क्या लोकसभा का सदन 'राजदंड' के जरिए ही संचालित किया जाएगा? लोकतंत्र में हमारे पास संविधान है, जिस पर संविधान सभा के हमारे पुरखों ने खूब विमर्श किया था और डा. भीमराव अंबेडकर ने संविधान को लिखा था। समय और आवश्यकता के अनुसार हमारी संसद ने संविधान में 100 से अधिक संशोधन पारित किए हैं। भारत संविधान और कानून के जरिए सौहार्द और सहजता से चलता रहा है।

## कुछ अलग

## एनपीएस की कतरब्यौंत

आइंदा डाक्टरों की भर्ती में भी हिमाचल सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के पैगाम चस्पां करते हुए 'एनपीएस' यानी नॉन प्रैक्टिस अलाउंस हटा दिया है। सरकारी सेवा में डाक्टरों की सौ फीसदी प्रतिबद्धता के लिए एनपीएस का प्रावधान उन्हें नैतिकता का पाठ पढ़ने को बाध्य करता था, लेकिन अब नई भर्तियों के डाक्टर इस तरह के लाभ से वंचित होंगे। इस तरह बीस प्रतिशत की दर से मिलने वाले नॉन प्रैक्टिस अलाउंस की कटौती से अब मेडिकल प्रोफेशन की नई व्याख्या होगी। चिकित्सक संघ ऐसे फैसले से नाखुश नजर आता है और सवाल यह पैदा जरूर होगा कि क्या आगे चलकर सरकारी डाक्टरों को इसके बदले निजी प्रैक्टिस या निजी अस्पतालों में ड्यूटी के बाद काम करने की छूट मिलेगी। बहरहाल व्यवस्था परिवर्तन की दूरबीन से यह तो देखा जा रहा है कि कहां धन का अपव्यय हो रहा है या वेतन विसंगतियों को एक जैसा या सीधा किया जाए। ऐसे कुछ अन्य प्रोफेशनल हैं जो ड्यूटी के बाद अपने हुनर के कारण अतिरिक्त कमा सकते हैं, लेकिन उन्हें सरकारी तौर पर ऐसा न करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन नहीं दिए गए। डाक्टरों को नैतिकता के बदले वित्तीय प्रोत्साहन देने की परंपरा, कर्मचारियों के एक बड़े वर्ग की आंखों में खटकती रही है। दूसरी ओर निजी क्षेत्र के साथ अपनी गलबहियों के कारण कई वरिष्ठ व विशेषज्ञ संदेह के घेरे में आते रहे हैं। देखना यह होगा कि सरकार एनपीएस का फैसला लेते हुए धन की बचत कर रही है या नीतिगत सुधार ला कर ऐसी किसी गुंजाइश को सदा-सदा के लिए हटा रही है। जो भी हो इस तरह के फैसले का साहस दिखा कर सुक्खू सरकार ने एक ऐसी शुरुआत की है जिससे 'विशेष कैटेगरी' में होने के लाभों की कतरब्यौंत होगी। फिलहाल यह फैसला नई भर्तियों पर लागू होगा और इसके माध्यम से डाक्टरी व्यवस्था की परिभाषा से वित्तीय प्रयोग होगा। यह फैसला एक तरह की नैतिकता की फीस बन कर एनपीएस को अपना वित्तीय अधिकार मानने वाले डाक्टरों की पगार को मॉनिटर कर रहा है। जाहिर है ओपीएस बहाली के पलड़े पर कई ऐसे फैसले भी सवार होंगे ताकि वेतन के बिलों का प्रबंधन मैनेज हो सके। इसे हम आर्थिक सुधार की दृष्टि से जोड़ कर देखें, तो भविष्य में सरकार को भी अपने खर्चों में कटौती, फिजूलखर्ची में पूर्ण रोक तथा सरकार का कद घटाना होगा। अभी ऐसा कोई कदम दिखाई नहीं दे रहा, लेकिन कड़े निर्णय लिए बिना कर्जदार हिमाचल खुद को आर्थिक दबाव से बचा नहीं पाएगा। कर्मचारी-अधिकारी बिरादरी को भी अपने-अपने संदर्भों में प्रदेश की कंगाली देखनी होगी। सरकारी क्षेत्र के एक कर्मचारी या अधिकारी को मासिक पगार देने के बदले प्रदेश के खजाने को वापसी में जो मिलता है, वह प्रदेश के प्रति व्यक्ति के हिसाब से बढ़ते ऋण की दर से मालूम हो जाएगा। करीब 75 हजार करोड़ के ऋण की ब्याज अदायगी ही अगर अतिरिक्त कर्ज का बोझ बढ़ा रही है, तो इस स्थिति का कहीं तो अंत करना होगा। हम यह नहीं जानते कि एनपीएस बंद करके सरकार अपने खजाने की कितनी रक्षा कर पाएगी या इस दस्तूर को कितना आगे बढ़ा पाएगी, लेकिन इतना तो स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार कठिन राहों पर चलते हुए कठिन फैसले ले सकती है।

## भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा

# प्रतिस्पर्धी देश के रूप में भारत की अनुकूलताएं

डा. जयंती लाल भंडारी

> भारत की वास्तविक वृद्धि दर वित्त वर्ष 24 में 6 प्रतिशत रहेगी क्योंकि निवेश और उपभोक्ताओं का रुख वृद्धि में अलगे कुछ साल तक मददगार रहेगा। ऐसे में वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 26 में भारत के लिए 6 .9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। गौरलतब है कि 11 मई को प्रमुख वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिलिस ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष 2023–24 में चुनौतीपूर्ण वैश्विक वित्तीय स्थिति के बावजूद भारत वैश्विक आर्थिक झटकों को इसलिए सलरतापूर्वक झेल जाएगा, क्योंकि भारत का चालू खाते के घाटे( सीएडी) में सुधार हुआ है। चालू खाते का घाटा कम अवधि की प्रमुख विदेशी देनदारी के रूप में पहचाना जाता है।

इन दिनों प्रकाशित हो रही विभिन्न वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी भारत अनुकूल क्रेडिट रेटिंग के साथ दुनिया में आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में उभरकर आगे बढ़ रहा है। 18 मई को दुनिया की प्रमुख अमरीका की एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत की सॉवरिन रेटिंग स्थिर परिदृश्य के साथ दीर्घावधि के लिए 'बीबीबी' और कम अवधि के लिए 'ए-3' रखी है। यह परिदृश्य बताता है कि भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और राजस्व में अच्छी वृद्धि राजकोष को मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही एसएंडपी ने उम्मीद जताई है कि भारत की वास्तविक वृद्धि दर वित्त वर्ष 24 में 6 प्रतिशत रहेगी क्योंकि निवेश और उपभोक्ताओं का रुख वृद्धि में अगले कुछ साल तक मददगार रहेगा। ऐसे में वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 26 में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। गौरतलब है कि 11 मई को प्रमुख वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में चुनौतीपूर्ण वैश्विक वित्तीय स्थिति के बावजूद भारत वैश्विक आर्थिक झटकों को इसलिए सरलतापूर्वक झेल जाएगा, क्योंकि भारत का चालू खाते के घाटे (सीएडी) में सुधार हुआ है। चालू खाते का घाटा कम अवधि की प्रमुख विदेशी देनदारी के रूप में पहचाना जाता है। इससे विनिमय दर और विदेशी निवेशकों की धारणा प्रभावित होती है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि 9 मई को वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत की रेटिंग बीबीबी बरकरार रखी है। दीर्घ अवधि के ऋण पर भारत का परिदृश्य स्थिर रखा है। रेटिंग निर्धारित करते हुए फिच ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में सरकार के सहयोग से कंपनियों और बैंकों के बहीखाते में काफी सुधार हुआ है और आधारभूत संरचना के विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जा रहा है। निजी क्षेत्र भी बड़े स्तर पर निवेश करने की तैयारी कर रहा है। फिच ने कहा कि बढ़ी महंगाई, ऊंची ब्याज दरों और वैश्विक स्तर पर मांग में कमी की बड़ी चुनौतियां के बीच भारत की आंतरिक वित्तीय स्थिति थोड़ी कमजोर जरूर है और प्रति व्यक्ति आय और विश्व बैंक के मानकों पर भी भारत थोड़ा फिसला है। लेकिन दूसरे देशों की तुलना में भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं काफी मजबूत हैं और विदेश से आने वाले वित्तीय संसाधन भी संतोषप्रद हैं। निवेश की बेहतर संभावनाओं के बीच वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 6 फीसदी और वित्त वर्ष 2024-25 तक देश की आर्थिक वृद्धि दर बढकर 6.7 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। इसी प्रकार एक्यूट क्रेडिट रेटिंग्स एंड रिसर्च ने वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत के चालू खाते के घाटे से संबंधित अपने पूर्वानुमान को संशोधित किया है। इसे 106 अरब डॉलर से घटाकर 68 अरब डॉलर कर दिया है और भुगतान संतुलन घाटा भी पहले के 38 अरब डॉलर से घटाकर 17 अरब डॉलर कर दिया है। कहा गया है कि इस वर्ष कच्चे तेल का आयात बिल कम होने, निर्यात बढने व प्रवासियों से विदेशी मुद्रा की अधिक प्राप्ति से भारत की वैश्विक साख बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में भी कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई



अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा है। वर्ष 2023 में कुल वैश्विक विकास में भारत 15 फीसदी से भी अधिक का योगदान देगा। जहां पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक रही है, वहीं आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में भी भारत की विकास दर 6.1 फीसदी के साथ फिर सर्वोच्च होगी। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक सामायिक मामलों के विभाग के द्वारा प्रस्तुत 'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2023' रिपोर्ट में भी भारत को उद्योग कारोबार और निवेश के मद्देनजर विश्व का प्रमुख निवेश स्थल बताया गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत का बढ़ता विदेश व्यापार और भारत का बढ़ता निर्यात भारत की वैश्विक क्रेडिट रेटिंग को संतोषप्रद बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च 'इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की आर्थिक अस्थिरताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का विदेश व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 1.6 लाख करोड़ डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का विदेश व्यापार 1.43 लाख करोड़ डॉलर रहा था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का विदेश व्यापार पिछले वर्ष के विदेश व्यापार से और अधिक ऊंचाई पर पहुंच सकता है। इस समय भारत के तेजी से बढ़ते निर्यातों का ग्राफ इस बात का प्रतीक है कि भारतीय उत्पादों की मांग दुनियाभर में बढ़ रही है। भारत का वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 447.46 अरब डॉलर रहा है, जो एक साल पहले 422 अरब डॉलर था। साथ ही सेवाओं का निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 322.72 अरब डॉलर रहा है,जो एक साल पहले 254.53 अरब डॉलर था। ऐसे में वित्त वर्ष 2022-23 में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 770.18 अरब डॉलर की सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंच गया है। बढ़ते हुए वैश्विक खाद्यान्न संकट के बीच भारत में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और खाद्यान्न का बढ़ता निर्यात भारत की दुनिया में आर्थिक व मानवीय साख बढ़ा रहा है। भारत विश्व पटल पर कृषि निर्यात के नए उभरते हुए देश के रूप में उपस्थिति दर्ज करते हुए मानवता के आधार पर दुनिया के जरूरतमंद देशों के लिए खाद्यान्न की आपूर्ति भी सुनिश्चित कर रहा है। भारत से खाद्य पदार्थों अनाज, गैर बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। सरकार के द्वारा कृषि क्षेत्र में ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा दिया गया है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक सरकार ने वर्ष 2021-22 में 50 अरब डॉलर से अधिक का कृषि निर्यात किया है, वह वर्ष 2022-23 में 56 अरब डॉलर से अधिक की ऊंचाई पर है तथा अब नई विदेश व्यापार नीति से कृषि निर्यात नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचेगा। वल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा प्रकाशित वैश्विक कृषि व्यापार में रुझान रिपोर्ट 2021 के मुताबिक दुनिया में कृषि निर्यात में भारत ने नौवां स्थान हासिल किया है। यद्यपि दुनियाभर में भारत सबसे तेज अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में रेखांकित हो रहा है और भारत की वैश्विक आर्थिक साख संतोषप्रद है।

# भारत में खाद्यान भंडारण समस्या एवं सुझाव

> भारत में इस समय अनाज का भंडारण कैप या कवर तथा पलथि विधि द्वारा किया जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक भारतीय खाद्य निगम के गोदामों और किराए वाली जगहों पर इस तरह के ढांचे में 30 .52 मिलयिन टन चालव, गेहूं, मक्का, चना और ज्वार का भंडारण किया जाता है। भारत में खाद्य पदार्थों के भंडारण की खराब स्थिति से उत्पन्न समस्याओं पर नीति निर्माताओं द्वारा कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। जहां भारत में सीमेंट और अन्य भवन सामग्री, धन तथा तकनीकी जानकारियां बहुतायात में उलपब्ध हैं, परंतु सरकार उचित तरीके से अनाज भंडारण के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास क्यों नहीं कर रही है। संसद में इस संदर्भ में प्रश्न पूछने की आवश्यकता है। जो अनाज, यह नीति निर्धारक और जनता खाती है उसको तिरपॉलिन के नीचे खुले में रखा जाता है। यह अनाज नमी के साथ कवक तथा फफूंद युक्त होता है, जो विभिन्न बीमारियों का कारण बनता है।

भारत में हर साल लाखों टन अनाज भंडारण सुविधा के अभाव के कारण खराब हो जाता है। भारत की मौजूदा भंडारण व्यवस्था वैज्ञानिक युग में अवैज्ञानिक है, जिसके कारण अनाज की गुणवत्ता तो प्रभावित होती ही है साथ में बहुमूल्य खाद्य सामग्री भी बर्बाद होती है। भारत मे वार्षिक भंडारण हानि 14 मिलियन टन खाद्यान्न है। हरित क्रांति के कारण जो अनाज के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई उसका बहुत बड़ा हिस्सा अवैज्ञानिक भंडारण व्यवस्था के कारण बर्बाद हो रहा है। भारत को अनाज के भंडारण के वैज्ञानिक तरीकों की सख्त जरूरत है। आज भी लाखों टन अनाज हर वर्ष सड़ जाता, जो मनुष्यों के उपभोग में तो क्या जानवरों के उपभोग के योग्य भी नहीं रहता। भारत को खाद्य समस्या के वो दिन नहीं भूलने चाहिए जब हमें पी एल 480 के अंतर्गत कई शर्तों सहित गेहूं का आयात करना पड़ता था ताकि भारत में गेहूं की कीमतें स्थिर हो सकें। भारत में अनाज की पैदावार बहुत है, परंतु भंडारण के लिए आधुनिक संरचनाओं की कमी है। भारत में इस समय अनाज का भंडारण कैप या कवर तथा पलिंथ विधि द्वारा किया जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक भारतीय खाद्य निगम के गोदामों और किराए वाली जगहों पर इस तरह के ढांचे में 30.52 मिलियन टन चावल, गेहूं, मक्का, चना और ज्वार का भंडारण किया जाता है। भारत में



खाद्य पदार्थों के भंडारण की खराब स्थिति से उत्पन्न समस्याओं पर नीति निर्माताओं द्वारा कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। जहां भारत में सीमेंट और अन्य भवन सामग्री, धन तथा तकनीकी जानकारियां बहुतायात में उपलब्ध हैं, परंतु सरकार उचित तरीके से अनाज भंडारण के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास क्यों नहीं कर रही है। संसद में इस संदर्भ में प्रश्न पूछने की आवश्यकता है। जो अनाज, यह नीति निर्धारक और जनता खाती है उसको तिरपॉलिन के नीचे खुले में रखा जाता है। यह अनाज नमी के साथ कवक तथा फफूंद युक्त होता है, जो विभिन्न बीमारियों का कारण बनता है। अनाज को सही तरीके से भंडारण करना हो तो वह साइलो में ही होता है, इसमें अनाज को नमी, फफूंद और कीट के हमले से बचाया जा सकता है। बहुत से देश स्टील के साइलो में ही अनाज का भंडारण करते हैं। भारत में केवल चार ही साइलो हैं पांचवां साइलो पंजाब में सार्वजनिक तथा निजी सांझेदारी में 50000 टन सटोरेज क्षमता का एक आधुनिक साइलो, तापमान नियंत्रित चावल के निर्यात के लिए बनाया है। ये साइलो भारत के लिए बहुत ही कम हैं। भारत में शेष अनाज को खराब स्थिति में संग्रहित किया जाता है। भारत में अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहित किया गया है। बहुत से कृषि वैज्ञानिक इस क्षेत्र में अपना अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं, परंतु यह प्रयास नहीं किया जाता कि सलाना खरीदे जाने वाले अनाज को अच्छी तरह से संग्रहित या भंडारित कैसे किया जाए।

कुछ वर्ष पहले पंजाब तथा हरियाणा में भंडारण सही ढंग से न करने के कारण हजारों टन गेहूं सड़ गया उधर कई राज्यों में लोग अनाज की कमी से जूझ रहे हैं। भारत भले ही विकासशील देश से विकसित देश की तरफ काफी तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन भूख के मामलों में आज भी स्थिति बदतर है। भारत में 38 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के शिकार हैं, 2021 में भारत 116 देशों की सूची में भूख के इंडेक्स में 101 स्थान पर रहा और 2020 में 94 स्थान पर था। भारत में कुछ लोग जूठन खा कर गुजारा कर रहे हैं उधर अनाज का सही ढंग से भंडारण तथा रखरखाव न करके भारत में हजारों टन अनाज खुले में या भंडारों में सड़ रहा है। अन्न को ब्रह्मा माना गया है, अन्न को साक्षात देवता मानकर इसका आदर करना चाहिए क्योंकि अन्न से ही प्राणों की रक्षा होती है। भारत को पाकिस्तान और श्रीलंका की मौजूदा स्थिति से सीखना चाहिए। अन्नदाता की फसल अगर प्राकृतिक आपदा जैसे बेमौसमी बारिश, बाढ़, सूखा, कीटों के हमले से खेतों में ही नष्ट हो जाती, उसका उसे दुःख तो होता पर कुछ नहीं कर सकता क्योंकि यह प्राकृतिक कारण हैं। परंतु अगर फसल को खरीद केंद्र में पहुंचा दिया जाए और वहां खरीद से पहले ही भीग जाए क्योंकि वहां पर भंडारण या रखरखाव की सुविधा नहीं होती,जिसका नुकसान किसान को भुगतना पड़ता और आम जनता को भी घटिया और नमी युक्त अनाज को खाना पड़ता और वह भी उस युग में जिसमें विज्ञान ने अभूतपूर्व तरक्की कर ली है, परंतु इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जो कि खेद का विषय है। इस वर्ष भी गेहूं खरीद केंद्रों में गेहूं को रखने के लिए मंडियों में सही व्यवस्था नहीं थी नतीजन किसान अपने अनाज को श्मशानघाट या साथ लगते स्कूलों में रखने के लिए मजबूर हो गए और जो अनाज खरीद के लिए मंडी में खुले में रखा गया उसको खरीद करने के बाद भी उठाया नहीं गया, जिस कारण वह भी बेमौसमी बारिश के कारण बुरी तरह भीग गया जिसका नुकसान आखिरकार देश को होता है। फसल कटाई के बाद अनाज के सही प्रबंधन से अनाज को सुरक्षित और संरक्षित कर मात्रात्मक एवं गुणात्मक नुकसान को रोकने के लिए मजबूत भंडारण व्यवस्था की आवश्यकता है, जिसके लिए वर्तमान भंडारण व्यवस्था जो पलिंथ/कवर विधि है उसे तापमान नियंत्रित स्टील के बड़े-बड़े साइलो से बदलना चाहिए। भंडारण ढांचे को बनाने के लिए सरकारी क्षेत्र के साथ निजी क्षेत्र को भी इसमें सम्मिलित करना, पुराने भंडारण स्थलों को साइलो में बदलना, जहां-जहां अनाज मंडियां हैं उनके इर्द-गिर्द या उन्हीं के नीचे भूमिगत भंडारण व्यवस्था करना ताकि यातायात का खर्चा कम किया जा सके और खरीद के लिए जगह को जल्दी खाली किया जा सके।

## नागरिक बोध

# रूस यूक्रेन की जंग ने दुनिया को हिलाकर रखा, युद्ध से किसी भी समस्या का हल नही

रूस की बढ़ती ताकत की वजह से रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने अहंकार में चूर चूर होकर एक छोटे देश यूक्रेन पर हमला कर दिया।इस समय युद्ध चल रहा है। जिसकी लंबी अवधि के बाद कोई सामाधन नही निकलता दिख रहा है। चींटी पर पंसेरी मारने की कहावत चरितार्थ होती जा रही हैरूस जैसे शक्तिशाली और धनाढय देश की तानाशाही किसी भी हाल में न्यायसंगत नही है। यूक्रेन की कोई हैसियत नही होने के बाद भी नाटो की रहम के साये में रूस जैसे शक्तिशाली देश से टक्कर लेना सहनशीलता की निशानी है। खंडहर में तब्दील होते रूस और यूक्रेन ने दुनिया की हालत पतली कर दी है। घर मे अशांति और विरोध का वातावरण होने पर पूरा घर चिंता में डूब जाता है। वैसी स्थिति यूक्रेन की बनी हुई है। आज लाखो लोग पलायन कर चुके है। अरबो रुपए का नुकसान हो गया है। ये दोनों देश डूब चुके है। रूस की बात करे तो उसके पास आय के स्त्रोत है,लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी व्लादिमीर की हालत खराब है।युद्ध को पूर्ण विराम लगने के बाद नाटो यूक्रेन को मदद करना बंद कर देंगे।कारण की रूस की तानशाही और नाटो की इमेज को ध्यान में रखकर यूक्रेन के हाथ मजबूत किए जा रहे है । रूस की तानाशाही कब तक सहन करते रहेंगे। जो देश यूक्रेन को हथियारो की मदद कर रहे है,वो कितने दिन टिक सकते है युद्ध ने विनाशकारी वातावरण खड़ा कर दिया है। युद्ध से किसी भी समस्या का सामाधन नही है आगामी एक वर्ष तक रूस यू ही मनमानी कर यूक्रेन पर हमला करता रहेगा तो तीसरे विश्व युद्ध का बिगुल बज सकता है। महिलाओ,बच्चो और पुरुषों को बंकर में रात बिताने के लिए मजबूर किया जा रहा है। युक्रेन के लिए यह घातक और विनाशक है। कोई देश झुकने के लिए तैयार नही है।इन दोनों देशों की लड़ाई में तीसरा देश आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। रूस महाशक्ति था। जबकि इस समय अमेरिका दीवालिया होने की कगार पर है। अमेरिका की आर्थिक स्थिति पटरी पर नही आती है तो बाज पक्षी की तरह नजर गाढ़े बैठा चीन विश्व की महसत्ता की और प्रयाण कर सकता है। अमेरिका की संपत्ति में कमी आई है। एक खबर के अनुसार अमेरिका का अडाणी नेटवर्क से कम पैसा बचा है। तब दुनिया की महाशक्ति कैसे कह सकते है? अमेरिका के पास 57 अरब डॉलर का केश बचा है। अमरीकी संघीय सरकार उधार लेकर आर्थिक मजबूती से देश को दिवालिया होने से बचा सकती है। उतर कोरिया की सीमा पर युद्याभ्यास में ड्रोन दिखाई दिए है। उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच रिस्ते ठीक नही है। उधर उत्तर कोरिया अमेरिका को कई बार हमला करने की धमकी दे चुका है। न्यूक्लियर की धमकी देने वाले उत्तर कोरिया मजबूत स्थिति में है।चीन और पाकिस्तान की भारत पर निगाह है। मोदी सरकार बदल जाती है तो उनके मंसूबे सफल हो जाएंगे। इस तरह अवसरवादी मानसिकता वाले देश है।

## देश दुनीया से

# बेशर्मी पर कर देना होगा

किसी भी खुशहाल समाज या देश के लिए मांगने वालों को देखना सहज नहीं। यह जानते-समझते देश की कई सरकारें गुजर गईं, लेकिन देखने के आदर्श नहीं बना पाईं। किसे देखें, किसे नजरअंदाज करें। अब कहीं जाकर सरकार को पहल करनी पड़ी ताकि देखने से जहां कहीं देश असहज हो, वहां कर लगा दिया जाए। वैसे भी देश की कर प्रणाली केवल सरकारों को सहज बनाने के लिए आम लोगों की असहजता देखती भी कहां है, सो फैसला हुआ कि सर्वप्रथम भीख मांगने वाले को देखना अब कर के दायरे में आएगा। जो भी कोई देश के भिखारियों को देख-देख कर रहम खाने की तवज्जो देना चाहता है, पहले इसके एवज में कर अदा करे। इसी तरह देश में जहां भी देख कर शर्म महसूस होने की नौबत आती, वहां देखने वालों पर कर लगा देने से यह भी बजट की कमाई का साधन हो गया। धीरे-धीरे यह सूची लंबी होने लगी और जहां कहीं भी जनता को देश अच्छा नहीं लगता, वह खुशी-खुशी कर अदा करने लगी। कर की दरें बेशर्मी की हद और गंदगी की गुंजाइश पर तय होने लगीं। गंदगी, बेशर्मी, भीख व लाचारी जैसे शब्द अब बजटीय हो गए तथा इस तरह कर उगाही से देश की छवि सुधरने लगी। इधर सरकार बेशर्मी और गंदगी के कारण कमाने लगी, उधर जनता इनसे बचने लगी। पहली बार सरकार को मालूम हुआ कि देश भिखारियों, बेशर्मों और गंदगी फैलाने वालों के कारण इतना आत्मनिर्भर होने लगा है कि खुद सरकार को अब पता नहीं चल पा रहा कि वह इस मद में कमा कितना लेगी। सरकार जितना आयकर से नहीं कमा रही थी, उससे अधिक अब आयकर की चोरी देखने वालों पर कर लगा कर कमाने लगी। जिस किसी को इलेक्टोरल बान्ड बेशर्म लग रहे हैं, उसे अब इसके लिए कर देना पड़ रहा है। मंत्रालय इतने सतर्क हो गए कि जो कोई मुफ्त में भारत की गंदगी देख रहा था, उस पर कर लगा कर उसे देखने की काबिलीयत से दूर करने लगे। मरीज ने सरकारी अस्पताल की गंदगी देखी नहीं कि उसके तीमारदार पर कर लग गया। पहली बार नगर निकाय तसल्ली से कर इसलिए वसूलने लगे कि शहरों की गंदगी देखने वालों पर कर ठोंका जा रहा था। बेशर्मों को देखने की तो इससे भी ज्यादा कर अदायगी होने लगी, नतीजतन आम जनता को अब कहीं बेशर्म नजर नहीं आ रहे। उसके लिए बेशर्म वे हो गए, जो सत्ता में नहीं हैं। जनता समझ गई है कि अगर उसे मनोरंजन कर से मुक्त फिल्में देखनी हैं, तो क्या कुछ तथा किस हद तक की बेशर्मी चुपचाप देख लेनी चाहिए। एक समय था जब रेडियो पर अच्छी खबरें सुनने के लिए पचास रुपए का लाइसेंस लेना पड़ता था, लेकिन अब जनता मुफ्त के लिए कुछ भी सुन और चुन लेती है। वह खबरिया चैनलों की बेशर्मी, एंकरों की गंदगी को देख कर भी अनदेखा कर देती है ताकि कहीं ऐसा देखने पर भी सरकार कर ही न लगा दे। अब देश और देश के नागरिक मुफ्त में मांग कर भी शर्मिंदा नहीं होते। नेताओं के ऊल जुलूल भाषण सुन कर भी बुरा नहीं मानते। देश अपनी शर्मिंदगी पर भी खुश है क्योंकि सरकार को इस हालत पर कर उगाहने में मजा आने लगा है। देश के अस्सी करोड़ लोग फ्री में राशन खा रहे हैं और यही देख कर जिन्हें शर्मिंदगी हुई, वही बुरा देखने के बदले इसका कर चुका रहे हैं। अब तो जनता जिस कमाई को तरस रही, जिस दिहाड़ी को तरस रही है, उसे पाने से पहले करंसी की गंदगी से डर रही है। पता नहीं किस दिन कोई नोट गंदा निकल आए और इसे देखने पर कर लगा दिया जाए। नोटबंदी के बाद हमारे कारण दो हजार का नोट बेशर्म हो गया या हमारे देखते-देखते उसकी बेशर्मी बढ़ गई कि अब सरकार को बचाने आगे आना पड़ा। महंगाई के बावजूद दो हजार का नोट सरकार ने हटा दिया, वरना इसकी बेशर्मी पर कर लग जाता। अब हम महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दों को इसलिए अनदेखा कर रहे हैं ताकि कहीं सरकार को पता न चल जाए कि देश की इस तरह की गंदगी को भी लोग देख रहे हैं। ऐसे में जिस दिन बेशर्म महंगाई और बेरोजगारी देख ली, सरकार कर लगा देगी। सरकार अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज खिला रही है और यह हमें गरीबी देखने जैसा लगा, तो भुगत रहे हैं न इसका कर। जनता होशियार हो गई है। एक ओर प्रधानमंत्री को 91 बार गाली दे दी गई और हम इसे विपक्ष की बेशर्मी नहीं मान रहे हैं। पता है क्योंकि जिस दिन प्रधानमंत्री की गाली जनता को बुरी लगी, देश इस बुराई का भी कर तो हमसे ही वसूल लेगा।

> देश भिखारियों, बेशर्मों और गंदगी फैलाने वालों के कारण इतना आत्मनिर्भर होने लगा है कि खुद सरकार को अब पता नहीं लच पा रहा कि वह इस मद में कमा कितना लेगी। सरकार जितना आयकर से नहीं कमा रही थी, उससे अधिक अब आयकर की चोरी देखने वालों पर कर लगा कर कमाने लगी। जिस किसी को इलेक्टोलर बान्ड बेशर्म लग रहे हैं, उसे अब इसके लऐि कर देना पड़ रहा है। मंत्रालय इतने सतर्क हो गए कि जो कोई मुफ्त में भारत की गंदगी देख रहा था, उस पर कर लगा कर उसे देखने की काबिलीयत से दूर करने लगे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में भवन निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक हुई संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आज भवन निर्माण विभाग से संबंधित विभिन्न लंबित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में आश्रम विद्यालय मनिका, मॉडल एकलव्य विद्यालय, लातेहार, पीएचसी, चंदवा, विभिन्न प्रखंडों में एसीआर भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा, समेत विभिन्न प्रखण्डों में भवन निर्माण विभाग द्वारा संचालित विकास कार्य की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में डीएमएफटी एवं एससीए के तहत संचालित योजनाएं की समीक्षा कर लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि विवाद या उससे संबंधित कारणों से कार्य को पूर्ण करने में हो रही परेशानी को विहित प्रपत्र में समुचित जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल को लंबित योजनाओं को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।बैठक में नोडल पदाधिकारी डीएमएफटी बंधन लांग, नोडल पदाधिकारी, एससीए सुजीत सिंह, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल अभय कुमार राय व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# तंबाकू के सेवन से करें परहेज : डॉ. सोभना टोप्पो




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सदर अस्पताल में बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। अस्पताल में मनाए गए तंबाकू निषेध दिवस के दौरान अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने अस्पताल में मौजूद मरीजों को तंबाकू के सेवन से परहेज करने की बात कही। मौके पर जिला नोडल पदाधिकारी डॉक्टर सौभना टोप्पो ने कहा कि तंबाकू का सेवन शरीर के लिए नुकसानदायक है। इसे लेकर व्यापक स्तर पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत है। बताते चलें कि सिगरेट, बीड़ी, पान और गुटखा जैसे तांबकू पदार्थों के सेवन से मुंह का कैंसर होने के साथ अन्य कई तरह की गंभीर बीमारियों होने की संभावना बनी रहती है। गंभीर बीमारियों के कारण ही लोग समय से पहले जान से हाथ धो बैठते हैं। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अरविंद कुमार ने कहा कि तंबाकू को लेकर युवाओं में सबसे अधिक जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। कार्यक्रम में डीपीएम वेद प्रकाश, ज़िला परामर्श सह अस्पताल प्रबन्धक नागेंद्र कुमार, डीपीसी आशीष दीन, अमरेंद्र, माधव मुनेश्वर राम, परमानंद, अक्षय कुमार, अनु दीपा, आभा मिश्रा आस्था गुप्ता सहित कई चिकित्सक उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक ने किया छड़ सीमेंट प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड अंतर्गत बरछिया मुख्य मार्ग के समीप सिमेंट छड़ प्रतिशठान का उद्घाटन पूर्व विधायक प्रकाश राम, पंचायत के मुखिया राजीव गभत, समाज सेवी देवनंनद प्रसाद कृष्ण यादव, बजरंग प्रसाद, सागर सिंह, गोविन्द प्रजापति, राजेश प्रजापति, व संचालक सोनु प्रजापति ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़ व फीता काट कर किया।? पूर्व विधायक राम ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बरछिया मे इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी.वही संचालक सोनु प्रजापति ने कहा कि मेरे दुकान मे छड़ सिमेंट, अल्बेस्डस, रिंग सहित ढलाई के सभी सामग्री उचित दामों पर उपलब्ध हैं। मौके पर कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# इंटर संकाय की परीक्षा में सूरजे 411 अंक लाकर बना प्रखंड टॉपर



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र सुरज कुमार, पिता कुलेश्वर प्रसाद ने 411अंक लाकर प्रखण्ड टॉपर बना .वहीं पंकज उरांव पिता विनोद उरांव 409, (81.8 प्रतिशत) लाकर दूसरा स्थान व युवराज कुमार पिता निरंजन यादव 395, (79 प्रतिशत) तीसरा स्थान, मंजीत कुमार पिता गंगा भुइयाँ 291, (78.2) लाकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है. चारो विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने -अपने गुरुजनों और माता पिता को दिया है . वही सफलता के बाद प्राचार्य गीता कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रा के घर जाकर उसे मिठाई खिलाई और सफलता पर बधाई दी।

# उप निर्वाचन पदाधिकारी पहुंची गिद्धौर अमृत सरोवर का किया निरीक्षण

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत के बाय गांव में अमृत सरोवर का निरीक्षण करने उपजिला निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी पहुंची। जहां किशोर रविदास की योजना का निरीक्षण किया। योजना स कुशल पाया गया। मौके पर उपस्थित कन्या अभियंता सचिन कुमार रोजगार सेवक निर्मल कुमार मौजूद थे।

# युवक ने की आत्महत्या

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत हामी पंचायत के लेचो टोली के निवासी अनिकेत तिग्गा उम्र 25 पिता जेम्स तिग्गा जो कि रात्रि में अपने घर में फांसी लगा कर की आत्म हत्या। अनिकेत तिग्गा रांची में पढ़ाई करता था। जो कि छुट्टी में घर आया था। रात्रि में सोने के लिए रूम चला गया उसके बाद सुबह जब परिजन उठे तो वो नहीं उठा तो जब लोग खिड़की से देखे तो वो फांसी से लटका हुआ मिला परिजन का रो रो का बुरा हाल है। वही थाना को सूचना मिलने के बाद पु अनी अजय कुमार दल बल के साथ घटना स्थल में पहुंचे एवम् जायजा लिया एवम् शव को कब्जे में लेकर पोस्टमर्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया वहीं फांसी लगाने के कारण खबर लिखे जाने तक नहीं चल पाया था।

# प्रधान के नेतृत्व में लाभुक समिति चयन को लेकर ग्रामसभा का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को समय 11:00 बजे दिन मे आम बगीचा एचपी गैस गोदाम के सामने ग्राम कुटमू फिकवा टोली में ग्राम प्रधान अनूप पहान के अध्यक्षता में ग्राम कुटमू के सरना स्थल एवं मसना स्थल की घेराबंदी करने हेतु नोडल पदाधिकारी सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी समीउल्हा अंसारी एवं मुखिया ग्राम पंचायत जोरी श्री राजू उरांव की उपस्थिति में लाभुक समिति चयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।जिसमें श्री राजू उरांव ने पंचायत में चल रहे पीएम आवास योजना,मरेगा योजना एवं 15वित्त आयोग की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। एवम ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया की इसी प्रकार 5वर्षो में पंचायत के सभी सरना, मशना, एवं कब्रिस्तान को घेराबंदी कर सुरक्षित कर लिया जाएगा। ताकि पंचायत में अमन चैन कायम रहे। और धार्मिक जमीन का अतिक्रमण को रोका जा सके। सरना स्थल के घेराबंदी एवं मसना स्थल की घेराबंदी होने से सभी ग्रामीण काफी खुश हैं। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत सचिव धर्मेंद्र प्रसाद, मास्टर राजेंद्र लकड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता गणेश उरांव मनीष, उरांव वार्ड सदस्य सकलू उरांव, सैयद आलम, पूर्व मुखिया मीना उरांव, पूर्व वार्ड सदस्य सुन्दरी उरांव, दुर्गा उरांव, संतोष उरांव आंगनबाड़ी सेविका जॉनी उरांव, सहिया दीदी सुमन टोप्पो, सहाबीर उरांव, राजीव उरांव सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# गांव में शत-प्रतिशत स्वच्छता को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक हुई संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल सभागार में ग्राम स्तर पर शत-प्रतिशत स्वच्छता कवरेज के संबंध में प्रखंड स्तरीय बैठक किया गया। बैठक बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। पीएचडी विभाग चतरा से आए कनिय अभियंता मंगल सिंह वाहन्दा एवं प्रखंड समन्वयक शिवदयाल साहू उपस्थित सभी मुखिया पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ बैठक में गांव के प्रत्येक घर में शौचालय 10 जुलाई तक संपूर्ण तरीके से करवाना है। साथ ही साथ शौचालय लेने के लिए लाभुक एसबीएम गूगल इन वेबसाइट पर भी ऑनलाइन एंट्री कर शौचालय का लाभ लाभुक ले सकते हैं। इसकी पूरी जानकारी बैठक मे दी गई। बैठक में उपस्थित बीपीओ अजय कुमार सिन्हा कनीय अभियंता सचिन कुमार जेएसएलपीएस बीपीएम अभिषेक कुमार नजारत रामदेव ठाकुर मुखिया निर्मला देवी जगदीश यादव पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय कमलेश कुमार वर्मा रोजगार सेवक प्रदीप कुमार निर्मल कुमार दांगी पार्वती देवी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक अभिनंदन कुमार एवं अनेकों कर्मियों के साथ गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उग्रवादियों ने रेलवे निर्माण कार्य में लगी पोकलेन मशीन को किया आग के हवाले



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के शिवपुर फुलवरिया रेलवे निर्माण कार्य में लगी आई एस सी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के कंपनी के एक्सीवेटर (पोकलेन )मशीन को टीएसपीसी उग्रवादी संगठन ने किया आग के हवाले। निर्माण कार्य स्थल पर मौजूद कुछ वर्करों के साथ मार पीट भी की गई एवम दहशत पैदा करने हेतू हवा में गोली भी चलाई गई है। घटना मंगलवार रात लगभग 12 बजे के आसपास की है।पिटाई से घायल हुए वर्करों का टंडवा अस्पताल में प्राथमिक ईलाज करवाया गया। घटना कारित करने के बाद उग्रवादियों ने टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के नाम से पर्चा छोड़कर घटना कि जिम्मेवारी ली है। उग्रवादियों के द्वारा छोड़े गए पर्चे में, कोल माफिया एवं जमीन दलाल को चेताते हुए एनटीपीसी, ट्रांसपोर्टर , एवं रेलवे निर्माण कार्य में लगी कंपनी को सावधान रहने की बात लिखी है। इधर घटना कि जानकारी मिलते ही टंडवा पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने उग्रवादियों के द्वारा हवा में की गई फायरिंग के खोखे सहित छोड़े गए पर्चे को बरामद किया एवम् घटना कि तपदीस करते हुए पूरे क्षेत्र में उग्रवादियों के खिलाप सघन जांच आभियान जारी किया है। अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए इंस्पेक्टर श्री सिंह ने कहा है कि घटना में संलिप्त व्यक्तियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

# राज्यसभा सांसद डॉ.महुआ माझीं से मिला चतरा का प्रतिनिधिमंडल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखणड से जेएमएम प्रतिमंडल के लोगों ने मंगलवार को राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ मांझी से अनौपचारिक मुलाक़ात कर चतरा से संबंधित विभिन्न जनसमस्याओं पर बातचीत की जिसमें प्रमुख रूप से इस क्षेत्र के किसानों की समस्या, बिजली की समस्या, गिद्धौर को पुनः चतरा अनुमंडल में शामिल करने, हाईवा के परिचालन को नियंत्रित करवाने और पर्यटन की अपार संभावनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। गंभीरतापूर्वक उन्होंने बातों पर जवाब देते हुए कहा कि वे इन मुद्दों से राज्य व केंद्र सरकार को अवगत करायेंगी। तथा आवश्यकतानुसार सक्षम पदाधिकारियों से भी बात करेंगी। वहीं प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. मांझी को चतरा आने और ख़ासकर ईटखोरी स्थित सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर आने का निमंत्रण दिया। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में वे चतरा-ईटखोरी अवश्य आयेंगी। इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से जेएमएम गिद्धौर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कु वर्मा, झारखंड संघर्ष समिति के प्रदीप मौर्य व ज़िला सचिव उपस्थित थे।

# प्रतिबंधित क्षेत्र से अवैध बीड़ी पत्ते तोड़ाई में ठगे जा रहे मजदूर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** पलामू व्याघ्र परियोजना अंतर्गत आनेवाले वन क्षेत्र को जलवायु वातावरण संतुलित रखने, वन्य जीवों को सुरक्षित रखने को लेकर भारत सरकार व वन पर्यावरण मंत्रालय द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। जहां तपतपाती गर्मी में पीटीआर क्षेत्र अंतर्गत वन्य जीव पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं वहीं वन्य जीवों की परेशानियों को दरकिनार कर इन दिनों वन अधिकारियों की मिलीभगत से बीड़ी पत्ता ठेकेदारों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बीड़ी पत्ते की तोड़ाई ग्रामीण क्षेत्र के गरीब मजदूरों से करवाई जा रही है जिसमें मजदूर ठगे जा रहे हैं उन्हें बहुत ही कम मजदूरी प्रति सैंकड पोले 150 से 160 रुपए की दर से दिए जा रहे हैं । जहां गरीब मजदूरों को रोजगार देने की आड़ में सरकार को राजस्व का नुक़सान हो रहा है वहीं ठेकेदारों को मोटी रकम का फायदा जबकि मेहनतकश मजदूरों दिन रात की मजदूरी महज 150 रुपए। कोई बताए तो इस मजदूरी दर को निर्धारित करने वाले कौन हैं। ऐसे में मजदूरों की मजबूरी को देखने वाले अधिकारी या प्रतिनिधि इस वक्त कहां हैं यह एक बड़ा सवाल है।

# टाटा मैजिक के टक्कर में युवक का पैर टूटा, घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र के कोलकोले के गमहार टांड में साप्ताहिक हाट कोलकोले से बाजार कर लौट रहा कुन्दा थाना क्षेत्र के पचरुखिया गाँव के योगेंद्र भारती को टाटा मैजिक ने रौंद डाला जिससे दाहिना पैर टूट गया और दाहिनी ओर की कान पूरी तरह कट गया। इधर ग्रामीणों ने लावालौंग पुलिस को सुचना दिया। जहां सुचना के आलोक में लावालौंग पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर इसे अस्पताल ले जाने की तैयारी किया जा रहा है। जानकारी के अनुशार देर शाम कोलकोले साप्ताहिक हाट से घायल योगेंद्र भारती अपने मोटरसाइकिल से अपना गाँव लौट रहा था कि बोधाडीह गाँव के एक टाटा मैजिक ने बाजार से बौधाडीह जाने के क्रम में कोलकोले गमहार टांड के पास अपने चपेट में ले लिया। और मौके बारदात से फरार हो गया। इधर घायल को इलाज के लिए समुचित प्रक्रिया जारी है।

# गांव के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और जल संरक्षण की दिशा में भी कार्य करें युवा : विधायक भूषण बाड़ा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवई गोरयाबहार मंडली में जीईएल चर्च बेंदोजोर पद्रीपन का 32वां वार्षिक युवा संघ सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मलेन का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने किया। युवाओं को सम्बोधित करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है और यह शक्ति संगठित होकर कार्य करे तो देश के विकास का मार्ग स्वतः प्रशस्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी युवा समाज को नई दिशा देकर उसे तरक्की की राह पर अग्रसर करने की शक्ति रखता है। जरूरत है तो केवल उसे समय पर सही दिशा देने की। जिससे युवाओं की क्षमता व ताकत का समाज, देश के हित में सही उपयोग किया जा सके। आप युवाओं में इतनी काबिलियत होती है कि युवा समाज को अपने अनुसार बदल सकता है। विधायक ने कहा कि आज युवाओं की ऊर्जा का इस्तेमाल नकारात्मक कार्यों में हो रहा है। इससे समाज और देश सभी को नुकसान हो रहा है। ये माहौल बदलना होगा। देश और समाज में बदलाव हमेशा युवा ही लाया है। सभी आंदोलन युवाओं के बूते पर ही सफल हुए हैं। युवा ऊर्जा का सही इस्तेमाल सामाजिक बदलाव के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का निर्माण अच्छे समाज से ही होता है। अब युवा अधिक समय मोबाइल पर ही लगाते हैं। ऐसे दौर में परिवार को समय देने में गुरेज होने लगी है। सामूहिक रूप से बैठकर एक दूसरे के विचारों से ओत प्रोत होने की परंपरा गायब होने लगी है। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित युवा अपने गांव के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य करें। गांव में जल संरक्षण के लिए युवा अपने दायित्व का निर्वहन करें। विधायक ने गांवों में पानी की समस्या का समाधान करने के लिए युवाओं को जागरूक रहने तथा आमजन को जागरूक करने का आह्वान किया।

# श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड के डाढा पंचायत अंतर्गत बचरा गांव स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ शिव-परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर कलश यात्रा के साथ कलश स्थापना किया गया. कलश यात्रा मे अयोध्या से आए आचार्य अनुज शुकल पुरोहितो द्वारा कलशयात्रा मंडल पुजन एवं कलश स्थापना किया ?। कलश यात्रा मे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिव गणेश व पार्वती जी के आकर्षक झांकी के साथ बाजे-गाजे जयकारे के साथ मंदिर परिसर से कलश उठाकर पद यात्रा कर बचरा नदी पहुंचे जहां आचार्य अनुज शुक्ल जी ने मंत्रोच्चारण व वैदिक कर्मकाण्ड के साथ गंगा पुजन तथा वरूण देव का आह्वान कर कलश में नदी का पवित्र जल भरवाया। पुनः कलश यात्रा वांसटांड़, गोड़ा टांड़ होकर यज्ञ मंडप होते हुए पहुंचे जहाँ सभा मे तब्दील हो गई. यज्ञाचार्य अनुज शुक्ल ने पुरोहितो को पुजन एवं कलश स्थापना कराया। आचार्य जी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जून से 5 जून तक संध्या में श्रीमद भागवत ज्ञान कथा का आयोजन किया जायेगा. 6 जून को शुभ पुर्ण आहुति एवं विशाल भंडारा का भी आयोजन होगा । मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम, बारियातू मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह , जिप सदस्य रमेश राम, डाढा मुखिया सुरेश उरांव,राम, शिक्षक निरंजन कुमार सिंह, ब्रजमोहन राम, सरयु प्रसाद सिंह, सैलेश सिंह, अशोक कुमार सिन्हा, जय प्रकाश सिंह, सुबोध सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष कमल किशोर सिन्हा, उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार सिन्हा, सचिव रवि शंकर सिन्हा उप सचिव रामधीन राम, कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति, उप कोषाध्यक्ष अवधेश लाल , सुरेश प्रजापति भीम प्रजापति, रघु प्रजापति, अरूण प्रजापति, सहित अनेकों श्रद्धालुओं का अहम भूमिका रहा।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** सिमरिया टंडवा रोड स्थित मुरवे रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बुधवार को बोलेरों ने बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक युवक कुनाल राम पिता पुतुल राम टंडवा थाना क्षेत्र के धनगड्डा गांव का रहने वाला था। वहीं घायलों में बरवाडीह गांव निवासी छोटू गंझू और रक्सी गांव के राजकुमार गंझु का नाम शामिल है। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां तीनो का प्राथमिक उपचार के लिए रेफर किया गया। गंभीर रूप से घायल कुनाल राम और राजकुमार गंझु को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जहाँ इलाज के दौरान कुनाल राम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तीनो युवक एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान पेट्रोल पंप के पास वाहन खड़ा कर बाइक में तेल चेक कर रहे थे। इस बीच टंडवा की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे बोलरो ने बाईक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे तीनो सड़क के किनारे जा गिरे। इधर युवक की मौत से परिजनों में चितपुकार मची हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### ज्योति बनी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चौपारण की टॉपर



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिन बच्चों के सिर से मां- बाप का साया उठ जाता हो वो बेसहारा हो जाते हैं। अक्सर ऐसे बच्चों की प्रतिभा बगैर अभिभावक के कुंद हो जाती है और उनकी जिंदगी बोझ बन जाती है। लेकिन ऐसे बच्चों में दूसरे सामान्य बच्चों की तुलना में प्रतिभा निखरने का अवसर अत्यधिक होता है। समाज के ऐसे वंचित वर्ग के बच्चों के लिए संवेदनशीलता का परिचय देते हुए हर किसी को अपनी ज़िम्मेदारी का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए इनके सिर पर हाथ रखने की जरूरत है, ताकि ऐसे बच्चे भी अपने हुनर का जलवा समाज में बिखेर सकें । अपने सामाजिक और मानवीय सरोकार का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड के बेहरा पंचायत स्थित ग्राम गोसला निवासी अरुण पांडेय (कृषक) ने अपनी भतीजी ज्योति के प्रतिभा को निखारने के लिए उसके लालन- पालन और पढ़ाई में सहयोग करने का सकारात्मक पहल किया। उनका यह पहल सार्थक साबित हो रहा है। महज़ पांच साल की अल्पायु में ही अपने माता- पिता को खोने के बाद ज्योति कुमारी को लगा की उसके सपने टूट गए। लेकिन उसके बड़े पापा अरुण पांडेय ने सहयोग का बीड़ा उठाया। ज्योति ने भी दृढ़संकल्प के साथ यह ठान लिया की अथक साधना के बल पर अपने लक्ष्य को साधना है। जीवन में कुछ बेहतर करना है। बचपन से ही मेघावी रही छात्रा ज्योति कुमारी ने झारखण्ड एकेडमी काउंसिल द्वारा ज़ारी किए गए इंटरमीडिएट के कला संकाय के परीक्षा परिणाम में 419 अंक लाकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चौपारण टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। ज्योति के पिता स्व. बृजमोहन पांडेय और माता स्व.आशा देवी आज दुनिया में होते तो अपनी बिटिया के इस उपलब्धि पर गर्व करते। ज्योति कुमारी ने बचपन में ही अपने माता- पिता को खोने के बाद स्थानीय सरकारी विद्यालय से पढ़ाई की फिर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चौपारण में दाखिला लिया। ज्योति के बड़े पापा उसके लिए फरिश्ता बनकर उसे हरसंभव मदद कर रहें हैं। ज्योति भी कम उम्र में ही समझदार हो गई और प्रतिदिन 10- 12 घंटे पढ़ाई करके स्कूल टॉपर बनी है। ज्योति का ख़्वाब ऊंचा है। वो राष्ट्र और समाज के लिए कुछ बेहतर कर गुजरने की भरपूर क्षमता के साथ मानवीय संवेदना को बढ़ाना चाहती है। ज्योति का लक्ष्य है की आईएएस बनकर समाज को अपनी सेवा प्रदान करें। उसका सपना है की समाज के वैसे जरूरतमंद बच्चे जिनतक शिक्षा की रोशनी नहीं पंहुच पाती हैं और उनका जीवन अंधकारमय हो जाता है ऐसे बच्चों के प्रति स्नेह और दुलार का भाव रखते हुए इनके समेकित विकास के लिए हमें कुछ उत्कृष्ट कार्य करना है। ज्योति ने समाज के सक्षम और लोगों से भी अपील करते हुए आग्रह किया की ऐसे बच्चों को भी समाज में समानता का अवसर मिल सकें और उनकी प्रतिभा निखर सकें इसके लिए इन्हें हरसंभव सहयोग करें और आगे बढ़ने को प्रेरित करने में सकारात्मक भूमिका निभाएं।

### दर्जनों लोगों ने जदयू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सांसद राज्यसभा खीरू महतो के स्थित जदयू आवासीय कार्यालय में हजारीबाग युवा जदयू जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक के नेतृत्व में पतरातु प्रखंड के नेता भुषण उरांव अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जदयू पर आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से सनोज सोनकर ,परमेश्वर उरांव , मो .इब्राहिम , खुरसीद आलम , जितेंद्र करमाली , चिरेश्वर करमाली , रवि उरांव , दीपक गाड़ी , मुकेश पाहन , त्रिवेणी कुमार , घनश्याम ठाकुर , चेतु उरांव एवं महेंद्र तुरी है सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी को सांसद राज्यसभा खीरू महतो एवं मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किए। मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल ने बताया कि आगामी दिनांक 2.6.2023 दिन शुक्रवार को रामगढ़ के सत्कार होटल में जदयू मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भूषण उरांव को रामगढ़ जदयू युवा जिला अध्यक्ष के लिए घोषणा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी रामगढ़ जिला के जदयू कार्यकर्ताओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

# प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सदर अस्पताल रामगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त माधवी मिश्रा के द्वारा विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर 24 मार्च 2023 को पांच टीबी मरीजों को गोद लेकर इलाज के दौरान उन्हें फूड बास्केट उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी जिसके उपरांत आज दूसरी बार मरीजों को उपायुक्त द्वारा फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए एवं सभी लोग इस में अपना योगदान दें। इस दौरान उपायुक्त टीबी रोग को पहचानने एवं इससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए रोग के उपचार का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, रोग के लक्षण को पहचाने एवं इसमें सभी कार्यालयों, निजी संस्थानों, अस्पतालों, एजेंसियों आदी के महत्व की सभी को जानकारी दी। साथ ही उपायुक्त ने देश से टीबी रोग को खत्म करने के उद्देश्य से सभी सक्षम लोगों से अपने सामर्थ्य के अनुसार मरीजों को गोद लेने एवं जो भी मदद वे मरीजों को पहुंचा सकते हैं उस दिशा में कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज सहित अन्य अधिकारियों एवं चिकित्सकों ने भी टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया।

### तंबाकू का सेवन छोड़े, अन्य लोगों को भी करें तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक : माधवी मिश्रा

**रामगढ़ :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल रामगढ़ में हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं÷ थीम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मौके पर उपायुक्त ने विश्व तंबाकू दिवस पर आयोजित हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत तंबाकू के सेवन से किसी व्यक्ति को होने वाले नुकसान के प्रति सभी को जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए किसी भी व्यक्ति को तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही उन्होंने वर्तमान में तंबाकू का उपयोग कर रहे लोगों से आज ही तंबाकू छोड़ने की अपील की। उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से अपने अपने क्षेत्रों में अन्य लोगों को भी तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की अपील की।

## डीडीएमएस ने अरगड्डा- सिरका के बंद भूमिगत खदान का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल के अरगड्डा क्षेत्र के सिरका कहुवाबेड़ा व अरगड्डा काजू बागान(चपरी) भूमिगत बंद खदानों का डीडीएमएस माईनिंग रांची अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर जायजा लिया गया। दल में डीडीएमएस हनुमंता राव, डीडीएमएस अजाश मोहम्मद, सर्वेयर टीम शामिल थे। डीडीएमएस ने स्थानीय प्रबंधन से सिरका-अरगड्डा के बंद खदानों के विवरण रिकॉर्ड, बंद प्रक्रिया कागजात और प्रबंधन द्वारा भूमिगत खदानों के बंदी नोटिस के संदर्भ में जानकारी लिया। इसके बाद डीबीएमएस ने स्वतः ही बंद खदानों की तस्वीर और कितने वर्ष पहले खदानों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से बंद किया गया था। इसके बारे में स्थानीय प्रबंधन के अधिकारियों से पूछताछ किया। प्रबंधन सूत्रों की माने तो सिरका-अरगड्डा भूमिगत खदानों को करीब 6 वर्ष पहले बंद हुआ।

# जदयू की महिला प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बुधवार को सदर प्रखन्ड के सिंदूर पंचायत भवन में जिला जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग महिला प्रकोष्ठ की एक बैठक संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने किया ।बैठक का संचालन नजराना परवीन ने किया।बैठक में सिंदूर पंचायत की महिलाओं ने बारी-बारी से अपनी समस्याएं बताया। बैठक में उपस्थित मुखिया सरोज देवी और मुख्य प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद ने समस्याओं के शीघ्र निष्पादन का भरोसा दिलाया । महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष खुशबू कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा ।उन्होंने जदयू शासित प्रदेश की उपलब्धियों को भी गिनाया। बैठक को मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा एवं पूर्व अध्यक्ष चंद्र मोहन पटेल ने भी संबोधित किया। दोनों नेताओं ने जनता दल यूनाइटेड को पंचायत स्तर से ही मजबूत बनाने के लिए ग्रामीणों से समर्थन मांगा। बैठक में खुशबू कुमारी ने सिंदूर पंचायत के लिए गिरजा देवी को सर्वसम्मति से जदयू पंचायत अध्यक्ष मनोनीत किया । बैठक में जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ की महासचिव सुजाता सिंह, सचिव पिंकी देवी , नगवा पंचायत अध्यक्ष सुमन देवी ,वार्ड सदस्य उमा देवी, सदर प्रखंड अध्यक्ष कंचन देवी ,चंचल कुमारी, उषा देवी बैजन्ती देवी समेत दर्जनों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन 29 मई से शुरू हो गई है जो कि 14 जून तक चलेगी। व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ ब्रजेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पूरे जिले में पारा लिगल वोलेण्टियर द्वारा मध्यस्थता से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम मैं आम लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से वादों का निष्पादन किये जाने के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि मध्यस्थता द्वारा अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सके ।यह मध्यस्थता एक अनूठी पहल है यह अभियान आम जनमानस का समय धन तथा संबंध को बचाने के लिए काफी लाभकारी एवं कल्याणकारी साबित हो रहा है।

# शत प्रतिशत घरों में शौचालय निर्माण का लक्ष्य दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय के सभागर कक्ष में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी हरीनाथ महतो ने किया। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी प्रखंड के सभी पंचायत सेवक मुखिया एवं जलसहिया उपस्थित थे। तथा बैठक में सभी को ग्राम स्तर पर शत प्रतिशत स्वच्छता कवरेज प्राप्त करते हुए वैसे लाभुक परिवार जो व्यक्तिगत घरेलू शौचालय के लाभ से वंचित है वैसे लाभुक परिवार को पहचान कर उनके घरों में शौचालय का निर्माण कराकर राज्य एवं राष्ट्र को ओडीएफ घोषित करने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में लाइफ स्टाइल फॉर द इन्वायरमेंट के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी वर्तमान जीवन शैली को परिवर्तित करते हुए पर्यावरण जीवन शैली अपनाने।साथ ही 2025 तक राज्य एवं राष्ट्र को टीवी मुक्त राष्ट्र बनाने का भी लक्ष्य दिया गया।

# पतरातू दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, तीन घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** बुधवार सुबह लगभग 9:30 बजे पतरातु लेक रिसॉर्ट के समीप कटवा कोचा में सड़क दुर्घटना सीसीएल कर्मी प्रमोद कुमार शर्मा टनगरा टोली कांके रांची निवासी की मौत हो गई । प्रमोद कुमार शर्मा पिता स्वर्गीय सुरेंद्र नाथ शर्मा अपने दो साथी बीरेन्द्र कुमार (फाइनेंस ऑफिसर)और संजय करकेटा (ईएनटी स्टाफ) के साथ जार स्विफ्ट डी जारकार संख्या-जे एच 24 बी-1344 से अपने एरिया फाइनेंस मैनेजर ऑफिस बरका-सयाल आ रहे थे । वहीं रांची की ओर जा रहे ईटा लोड टर्बो ट्रक संख्या-जेएच-05 सी डब्लू-9657 ने जोरदार टक्कर मारी जिससे प्रमोद कुमार शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई द्व साथ ही कार में बैठे संजीत करकेटा और वीरेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए । मौके पर पहुंचे लोगों ने संजीत करकेटा और वीरेंद्र कुमार को बेहतर ईलाज के लिये सीसीएल हॉस्पिटल गांधीनगर रांची भेज दिया गया द्व इधर,प्रमोद कुमार शर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू लाया गया जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया । यह जानकारी प्राप्त होते ही बरका-सयाल जी एम यूनिट में खलबली मच गई । जिसके बाद तुरंत एरिया फाइनेंस मैनेजर ऑफिस के अधिकारी और स्टॉफ सीएचसी पतरातू पहुंचे । कागजी कार्रवाई के बाद प्रमोद कुमार शर्मा का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर हॉस्पिटल रामगढ़ भेजा गया । मौके पर यूनियन नेता विंध्याचल बेदिया और सुदेश प्रसाद रमेश प्रसाद राजेंद्र साव राजकुमार यादव जेएन प्रसाद गोस्वामी मनोज कुमार राजकुमार अहिरवार सूरज कुमार शत्रुघन विश्वकर्मा सूरज कुमार शशि कुमार आदि उपस्थित थे द्य इधर,मंगलवार रात्रि लगभग 1:00 बजे पालू पंचायत में मंडा पूजा देखने जा रहे खुलेश कुमार महतो को पालू तालाब के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से मौत हो गई।जिसे रात में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू लाया गया जहां उसे सदर हॉस्पिटल रेफर किया गया। उसके बाद स्थिति को देखते हुए उसे रांची रिम्स ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । इसके बाद पालू पंचायत के ग्रामीणों ने खुलेश कुमार महतो के शव को लेकर खलारी पतरातू मार्ग को जाम कर दिया ।पतरातू पुलिस को जानकारी मिलते ही जाम स्थल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर हॉस्पिटल रामगढ़ भेजा गया ।

### आर्ट्स में श्रेया कुमारी बनी प्रखंड टॉपर, कॉमर्स में मोहम्मद कैफ बने विद्यालय टॉपर

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड कॉलेज लगातार 2014 से अभी तक झारखंड स्टेट टॉपर से लेकर जिला एवं प्रखंड टॉपर देने का कार्य करते आ रहा है। इस वर्ष आर्ट्स मे कुल 352 छात्र-छात्राएं ने एग्जाम दिया था जिसमें 99प्रतिशत रिजल्ट रहा। साथ ही कॉमर्स में सत प्रतिशत रिजल्ट रहा। आर्ट्स में 427 अंक लाकर श्रेया कुमारी प्रखंड टॉपर बनी। कॉलेज की द्वितीय टॉपर 415 अंक के साथ कीर्ति कुमारी एवं तृतीय स्थान पर 410 अंक के साथ बुलबुल कुमारी रही। कॉमर्स में प्रथम स्थान मोहम्मद कैफ 382, नूर बाज आलम 377, अब्बू सुफियान371 लाकर अपने कॉलेज एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। इस सफलता पर कॉलेज प्राचार्य बिनोद यादव एवं सचिव श्याम सुन्दर ने सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कॉलेज के सभी प्रोफेसर गणों को बधाई दिया। मौके पर कॉलेज के प्रोफ़ेसर मोहम्मद शमशेर अंसारी, किरण कुमार, मोहम्मद मुदस्सर, अजय कुमार पटेल, रंजीत कुमार साहू, सतनारायण कुमार, विनोद कुमार साव, रंजीत कुमार विश्वकर्मा हुलास देवी ने भी छात्रों को बधाई दिया।

### अध्ययन को प्रेरित करने वाले आयोजन होना चाहिए : प्रो सरिता सिंह



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के उर्दू विभाग में संगोष्ठी और क्विज का आयोजन किया गया। संगोष्ठी और क्विज का विषय था ÷मर्सिया निगारी की तारीख और अहम मार्सिया गो शायर । सेमेस्टर छह के पाठ्यक्रम में यह विषय शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो सरिता सिंह और विशिष्ठ अतिथि प्रो बीरबल महतो उपस्थित थे। प्राध्यापिका प्रो सरिता सिंह ने कहा कि संगोष्ठी का आयोजन एक अच्छा प्रयास है। इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास होता है सिर्फ व्याख्यान और लिखित परीक्षा से विद्यार्थियों का पूर्ण विकास संभव नहीं है। प्रो बीरबल महतो ने कहा कि अध्ययन के बगैर सफलता हासिल नहीं हो सकता है और अध्ययन कभी बेकार नहीं होता है।अतः विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक का अध्ययन जारी रखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शाहनवाज खान ने कहा कि उच्च शिक्षा में शोध के साथ अध्ययन करना चाहिए इस बात को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्वीकार करते हुवे स्नातक स्तर पर हो शोध वाले पत्रों को शामिल किया गया है।कार्यक्रम का शुभारभ शबाना परवीन ने कुरान पाक की तिलावत से की उसके बाद रुखसार परवीन ने नाते पाक का नजराना ए अकीदत पेश किया। संगोष्ठी और क्विज दोनों कार्यक्रम संचालन तलत आफरीन ने सफलता पूर्वक किया। संगोष्ठी में रहबरी नाज, रेहाना परवीन, गुलबनफशा ने अपना अपना लेख प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शमा परवीन, शाइस्ता परवीन, सुहाना परवीन आदि सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बरही की बेटी अस्मिता कुमारी बनी वाणिज्य संकाय की जिला टॉपर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड बोर्ड द्वारा जारी इंटर वाणिज्य संकाय के रिजल्ट में प्लस टू उच्च विद्यालय,बरही में पांच विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर परचम लहराया है। परचम लहराने वाली सभी विद्यार्थी हजारीबाग रोड में स्थित दी,आर्यभट्ट इंस्टीट्यूट,बरही के विद्यार्थी हैं।जिसमें समंतो पम्प, बरही के पास स्थित कोनरा निवासी अर्जुन यादव की पुत्री अस्मिता कुमारी वाणिज्य संकाय के रिजल्ट में 466 अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनी है।अस्मिता कुमारी के घर में खुशी का माहौल है। उन्हें बधाई देने वालों की तांता लगी हुई है। जिला का टॉपर बनी अस्मिता कुमारी के पिता अर्जुन यादव व बड़े भाई उदय कुमार यादव ने बताया कि अस्मिता कुमारी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। वही जिला स्तर पर प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के ही निवासी पवन कुमार की पुत्री तानिया कुमारी 455 अंक प्राप्त कर जिला स्तर की तृतीय टॉपर बनी है। वही समन्तो पम्प के पास स्थित कोनरा ग्राम निवासी बाबुल यादव की पुत्री संगीता कुमारी एवं बरही ओम प्रकाश सिन्हा का पुत्र प्रिंस कुमार सिन्हा 454 अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर चौथा टॉपर बने हैं। बरही तिलैया रोड निवासी मनोज केसरी की पुत्री मानसी कुमारी 446 अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर पांचवा स्थान प्राप्त की है। लक्ष्मी कुमारी 412 सोनम कुमारी 402, गायत्री कुमारी, 394,पूजा कुमारी, 394,शबाना आजमीन 376, कुसुम साहनी 372,लक्ष्मी कुमारी 368,प्रिया कुमारी, 363,श्वेता कुमारी 361,सुनीता कुमारी, 359, रीमा कुमारी,353, रोशनी कुमारी 350, रुखसाना परवीन,344, विद्या कुमारी, 344,स्वीटी कुमारी,329, शिवरानी कुमारी,318,श्याम कुमार,326, विशाल कुमार,327,गणेश कुमार, 333,सचिन कुमार यादव,316,प्रीति कुमारी,312,काजल कुमारी,320, आशिया प्रवीण,331,संतोषी कुमारी, 333,खुशबू कुमारी,334,तनु कुमारी, 324,काजल कुमारी,300,नीतू कुमारी ,303नीलम कुमारी, 312, खुशबू कुमारी 302 सपना कुमारी 302 खुशबू कुमारी,314, दीपा कुमारी 321, सुष्मिता कुमारी,329,पूजा कुमारी,357, अंक प्राप्त कर सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए।उक्त विद्यार्थियों को प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवकुमार, विद्यालय के अध्यक्ष नरेश सिंह, दी आर्यभट्ट इंस्टीट्यूट के निर्देशक अरुण कुमार शर्मा, उप निर्देशक अधिवक्ता कुंदन कुमार, सहित सभी शिक्षकों ने बधाई दी है। एवं बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना की है।

## झारखंडियों के अधिकारों का हो रहा है अतिक्रमण, अब दमन और बर्दाश्त नहीं : संजय मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जनसंवाद यात्रा लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। अगले कुछ दिनों में सभाओं की संख्या सैकडों में पहुँच जाएगी। स्थानीय मुद्दों को लेकर निकाली गयी यह यात्रा काफी सफल हो रही है। हर इलाके में जनता का असीम समर्थन प्राप्त हो रहा है। यात्रा के तहत चंदवारा बाजार में सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि झारखंड कोई स्वाभाविक राज्य नहीं है।यह माटी हमें सालों के संघर्ष, खून, पसीने और बलिदान से मिला है। देश के सभी राज्यों में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता के आधार पर हक और अधिकार दिया जाता है।निर्वाचन एवं नियोजन में अन्य राज्यों में जाकर दूसरे राज्य के लोग दखल नहीं देते। झारखंड देश का एक मात्र ऐसा राज्य है जिसे प्रयोगशाला बना दिया गया है।यहाँ के नियोजन में बाहरी तत्वों का कब्जा हो जा रहा है। विधायिका पर भी कब्जा बाहरी तत्व कर ले रहे हैं।

सांसद, विधायक के पदों पर वैसे लोग निर्वाचित हो रहे हैं जिनका इस माटी से कोई भावनात्मक लगाव नहीं है।

विस्थापन के बाद न पुनर्वास नीति बनी, स्थानीयता के लिए न स्थानीय नीति बनी। नियोजन के लिए न ढंग की नियोजन नीति बनी।संजय मेहता ने कहा कि शिक्षा, रोजगार, स्थानीयता के सवाल पर हर झारखंडी को मुखर होना होगा। बिना आवाज बुलंद किये इससे नहीं निपटा जा सकता।सबको मिलकर जन आंदोलन खड़ा करना होगा। झारखंड को 81 झारखंडी विधायक, 14 लोकसभा क्षेत्र में स्थानीय सांसद, 6 लोकल राज्यसभा सांसद चाहिए। दूसरे राज्य के लोग सांसद विधायक तो बन रहे हैं लेकिन जनता के मुद्दों पर चुप रहते हैं।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## शॉप्सी ने 2023 की पहली तिमाही में बिक्री योग्य यूनिटों और विक्रेताओं की संख्या में 3 गुना वृद्धि दर्ज की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सबसे तेज़ी से वृद्धि दर्ज कराने वाले हाइपर-वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉप्सी ने देश भर के अपने लाखों ग्राहकों तक लाभ पहुंचाया है। शॉप्सी के प्लेटफॉर्म पर पिछले एक वर्ष के दौरान बिकने वाली यूनिटों, ग्राहकों और विक्रेताओं की संख्या में 3 गुना तक वृद्धि देखने को मिली है और इसके ऐप्लिकेशन को डाउनलोड करने वालों की संख्या 17.5 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है।पिछली सिर्फ एक तिमाही के दौरान शॉप्सी ने लास्ट-माइल डिलीवरी क्षमता का विस्तार देशभर के टियर-2 और टियर-3 क्षेत्रों में 350 नए पिन कोडों तक किया है। शॉप्सी के साथ अपने ई-कॉमर्स सफर की शुरुआत करने वाले ज़्यादातर ग्राहकों में 26 से 45 वर्ष उम्र की महिलाएं शामिल हैं। मार्च, 2023 में शॉप्सी ऐप्लिकेशन डाउनलोड करने वालों की संख्या 17.5 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई। लेन-देन करने वाले 90 फीसदी नए ग्राहक 35 वर्ष से कम आयुवर्ग से हैं। फिलहाल, शॉप्सी के करीब 70 फीसदी ग्राहक देश के टियर-2 और टियर-3 इलाकों से आते हैं और फ्लिपकार्ट समूह के पहली बार के ग्राहकों में इसका योगदान 40 फीसदी से ज़्यादा का है। कपिल थिरानी, हेड, शॉप्सी, फ्लिपकार्ट ने कहा, शॉप्सी उभरते हुए भारत की कहानी है, ऐसा देश जो अपने स्मार्टफोन, हाई डेटा स्पीड और तेज़ी से बढ़ती आय का सर्वाधिक इस्तेमाल करना चाहता है।

## मिंत्रा की ईओआरएस-18 1 जून से शुरू: 6000 से ज्यादा ब्रांड्स के मिलेंगे 20 लाख स्टाईल

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल के लिए भारत के अग्रणी डेस्टिनेशन, मिंत्रा ने सोमवार को बताया कि यह अपने ऐप पर नॉन-मेट्रो शहरों से 15 मिलियन नए यूज़र्स का स्वागत करने वाला है क्योंकि देश में लाखों ग्राहकों के लिए मिंत्रा की अर्द्धवार्षिक एंड ऑफ रीज़न सेल (ईओआरएस) 1 जून से शुरू होने वाली है, जिसमें 6,000 से ज्यादा अग्रणी घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय और डी2सी ब्रांड्स के 20 लाख से ज्यादा फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल उत्पाद उपलब्ध होंगे।कंपनी सबसे ज्यादा भीड़ के वक्त एक साथ 9 लाख ग्राहकों को संभाल सकेगी। मिंत्रा पर 17,000 से ज्यादा किराना पार्टनर्स का मेन्सा नेटवर्क पूरे देश में सुगम डिलीवरी संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।मिंत्रा की सीईओ, नंदिता सिन्हा ने कहा, ''मिंत्रा के अग्रणी टेक इन्हेंसमेंट्स और फीचर्स द्वारा हम ग्राहकों के हर वर्ग, चाहे जैनज़ी हो या मिलेनियल्स या फिर टियर 2 और 3शहरों से हमारे ग्राहक या फिर सौंदर्य प्रसाधन सामग्री के चाहने वाले, हर तरह के ग्राहकों को हम अतुलनीय ऑफर और बेहतरीन शॉपिंग का अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।उन्होंने कहा, ''हमारी ईओआरएस फिल्म्स में शाहरुख खान जैसे सुपरस्टार्स की मौजूदगी विभिन्न आयु समूह और क्षेत्रों में इस शॉपिंग महोत्सव की ओर रूझान को बढ़ाती है।

# सीबीआई टीम ने चरही रेलवे साइडिंग इंचार्ज को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** बुधवार को दोपहर सीबीआई की रांची से आई हुई टीम में रेलवे साइडिंग पर दबिश दी। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम ने छापेमारी में चरही रेलवे साइडिंग के इंचार्ज विजय मेहता को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टीम ने विजय मेहता से घंटों बंद कमरे में पूछताछ की। जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर वहां से सीबीआई की टीम रवाना हुई। सूत्रों की माने तो विजय मेहता की गिरफ्तारी के पीछे मामला लेनदेन से जुड़ा हुआ है, विजय मेहता द्वारा अपने ही कर्मचारी से हाजरी सेटलमेंट के एवज पैसे की मांग कि गई थी वही हाजरी रजिस्टर को जब्त कर साथ ले गए जिसे रांची मुख्यालय से रिलीज किया जाएगा। हालांकि मौके पर सीबीआई के किसी भी अधिकारी ने कुछ भी कहने से साफ तौर पर इंकार कर दिया और ना ही रेलवे साइडिंग के किसी स्टाफ ने कोई जानकारी दी सभी लोग इस मामले से बचते हुए दिखे।

## शैल लुब्रिकेंट्स ने मैकेनिक समुदाय को सशक्त बनाने के मकसद से लॉन्च किया सपने होंगे अपने



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फिनिश्ड लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में दुनिया की दिग्गज शैल ने मैकेनिक समुदाय के लिए 'सपने होंगे अपने' पहल शुरू करने की घोषणा की है जो उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद पहुंचाएगी। इस पहल को, शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया द्वारा हाल में कराए एक आंतरिक सर्वे का भी समर्थन हासिल है जिससे यह खुलासा हुआ था कि अधिकांश मैकेनिक्स किसी ब्रैंड के साथ जुड़ाव के लिए कई भावनात्मक पहलुओं जैसे कि आमदनी (वर्कशॉप अपग्रेड), परिवार (बच्चों की पढ़ाई और घर-परिवार की जरूरतें), पहचान (मान्यता), और हुनर (उन्नत कौशल हासिल करना) से प्रेरित होते हैं। वे इन क्षेत्रों में ब्रैंड से सार्थक सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। शैल शेयर प से जुड़े 80,000 से अधिक मैकेनिक्स तक पहुंचने का इरादा रखने वाली पहल सपने होंगे अपने भारत में मैकेनिक्स को वित्तीय रूप से सशक्त बनाते हुए उनके सपनों को पूरा करने तथा भविष्य मजबूत बनाने में मदद करेगी।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर डेंटल कॉलेज में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में दिन बुधवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विभिन्न प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। तम्बाकू के सेवन से होने वाला हानिकारक प्रभाव को प्रस्तुति देकर जन जागरूकता फैलाया गया। कई प्रकार के जन जागरूकता का स्लोगन तंबाकू छोडे जीवन से नाता जोडो का उद्घोष कर तम्बाकू का सेवन ना करने की लोगों से अपील की गई। नुक्कड़-नाटक एवं संबोधन कर तम्बाकू की सेवन से होने वाली खतरनाक बिमारियों से अवगत कराया गया। इस दौरान तंबाकू निषेध का उपस्थित जनों ने शपथ लिया। शपथ के दौरान समाज को तंबाकू मुक्त बनाने अपना योगदान देने की बात कही।सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने संबोधित में कहा कि तंबाकू जानलेवा है। जितनी भी गंभीर बीमारियां जैसे फेफड़ों का कैंसर, शवसन रोग, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करता है। तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी यह कैंसर की पहली सीढ़ी है अतः उपस्थित लोगों से अपील है कि आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू जैसे नशे को छोड़ने का संकल्प लें और अपने जीवन को बीमारियों से बचाएं। उन्होंने कहा कि तंबाकू से दूर रहकर वातावरण को भी स्वच्छ बना सकते हैं। तंबाकू के लिए जागरूक करने के लिए समाज को आगे आने की जरूरत है। उप प्राचार्य डॉ. अंकुर भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि तंबाकू के गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं सबसे खतरनाक कैंसर है जो तंबाकू से होता है। गर्भावस्था में तंबाकू सेवन से शिशु को अस्थमा, निमोनिया, टीवी आदि रोग होने की संभावना होती है। सभी नागरिकों से अपील है कि इसे हर हाल में छोड़ें जिससे आपका जीवन निरोग हो। कैंसर जैसी समस्याओं से बचने का एक ही उपाय है।

## इंटीग्रेटेड की परीक्षा में पूछे गए आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न, छात्रों ने किया हंगामा

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर्गत 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड क्वश्वस्त्र की परीक्षा चल रही है, बुधवार को लॉ कॉलेज सेंटर में इंटीग्रेटेड बीएड पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान पिछले सेमेस्टर के प्रश्न पूछ दिया गया। पांचवें सेमेस्टर में भूगोल विषय के छात्रों के लिए परीक्षा का आयोजन लॉ कॉलेज में हो रहा था। 2020 -24 सत्र के भूगोल विषय के छात्रों को पुराने सेमेस्टर का प्रश्न पत्र थमा दिया गया, छात्रा की पांचवा सेमेस्टर परीक्षा लिख रहे थे, लेकिन उन्हें तीसरा सेमेस्टर का प्रश्न पत्र दिया गया। इस दौरान छात्रों ने अपना विरोध परीक्षा भवन में ही दर्ज कराया और पर्यवेक्षक और परीक्षा सुपरिटेंडेंट को बुलाकर आउट ऑफ सिलेबस क्वेश्चन पत्र की जानकारी दी। हर बार आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न पत्र आता है लेकिन इस बार परीक्षा भवन से ही जानकारी विहीन व्यक्ति ने क्वेश्चन सेट किया था इसलिए पिछले सेमेस्टर का क्वेश्चन छात्रों को दिया गया ,जो छात्र पिछला सेमेस्टर पास कर चुके उसी समेस्टर की परीक्षा लिखने के लिए उन्हें क्वेश्चन दिया गया था।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /

**-: निविदा शुद्धि पत्र :-**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के **PR No 297633 (Building) (23-24#D)** से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 19.06.2023 एवं निविदा प्राप्ति की तिथि 21.06. 2023 है। निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.298754 Building(23-24):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

**शुद्धि पत्र**

इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित ई०-निविदा सूचना संख्या-RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23 (2nd Call), जो पी०आर० संख्या 297733 RURAL DEVELOPMENT (2023-24)_D द्वारा प्रकाशित है, में निम्न रूप से आंशिक संशोधन किया जाता है:-

1. ई०-निविदा सूचना संख्या- RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23 (2nd Call) के स्थान पर ई०-निविदा सूचना संख्या- RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23 पढ़ा जाय।
2. ई०-निविदा सूचना संख्या- RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23 के ग्रुप सं० 01 में वेबसाईट में प्रकाशित Bidding Document के स्थान पर शुद्धि पत्र के साथ संशोधित Bidding Document अपलोड किया जा रहा है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी

PR 298813 Rural Development(23-24).D

### कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)- 825401
दुरभाष : 06541-253030, ई-मेल : npchatra@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी फुटपाथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, चतरा क्षेत्रान्तर्गत निर्मित Vending Zone में स्टॉल ( चबूतरा 8"x6" लॉकर सहित ) का आवंटन किया जाना है। स्टॉल (चबूतरा, लॉकर सहित) प्राप्ति हेतु आवेदक के पास नगर परिषद्, चतरा के द्वारा निर्गत सर्टिफिकेट (प्रमाण पत्र) एवं आइ डी कार्ड (COV एवं ID) का होना अनिवार्य है।

अतः उक्त के आलोक में Vending Zone में दुकान आरक्षित कराने हेतु इच्छुक व्यक्ति अपना प्रमाण पत्र एवं COV तथा ID कार्ड तथा आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ दिनांक-05.06.2023 तक नगर परिषद्, चतरा कार्यालय में आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें।

**नोट** :- अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।
1. श्रीमती पिंकी सिन्हा, नगर मिशन प्रबंधक, मो0-7488475790
2. श्रीमती सोनी कुमारी, सामुदायिक संगठनकर्ता, मो0-8210694286
3. मंजित कुमार वर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मो0-8102864220

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा

PR 298723Urban Development(23-24)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।

अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-04/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुढमू प्रखण्ड अंतर्गत चैनगड़ा पंचायत के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय चैनगड़ा में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य। | 67,17,000.00 | 1,34,400.00 | 10,000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - दिनांक 01.06.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक 02.06.2023 से दिनांक 08.06.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 10.06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :-
   i) ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   ii) ग्रामीण विकास विशेश अंचल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 12.06.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता - कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
10. ई0-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 - 9523491111 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाश नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, राँची के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।

PR 298728 Rural Development(23-24)D

### कार्यालय:-जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा समाहरणालय भवन, सी ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर, खुँटीटोली, सिमडेगा

Email Id- simdegamdm@gmail.comFax & Phone : 06525-226448

(आवश्यक सूचना)

जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं का विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची का प्रकाशन के संबंध में आवश्यक सूचनाः-

जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं का विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची का प्रकाशन जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.simdega.nic.in पर करते हुए संबंधित शिक्षिकों से प्रकाशित औपबंधिक सूची के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मांग की जाती है प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से निम्न विहित प्रपत्र में दिनांक- 15.06.2023 तक हार्ड कॉपी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करेगें तथा कार्यालय के ई0 मेल0 आई0 डी0 dseofficesimdega@gmail.com पर भी उपलब्ध करायेंगे। प्रकाशित सूची में यदि किसी शिक्षक/ शिक्षिका का नाम छुट गया है तो प्रकाशित सूची के अनुसार विहित प्रपत्र में कॉलम 1 से 44 तक भरकर ई0 मेल0 आई0 डी0 dseoffice simdega@gmail.com पर सॉफ्ट कॉपी (Excel sheet) में तथा हार्ड कॉपी नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करायेगें।

निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार दावा/आपत्ति मान्य नही होगा।

विहित प्रपत्र

| आपत्ति कर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची मे कं0 सं0 | जिस कॉलम मे त्रुटी है उसकी संख्या | त्रुटी का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर — नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर

जिले के सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी/अवर विद्यालय निरीक्षक/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्राधीन कार्यरत शिक्षक/ शिक्षिकाओं का वेतन भुगतान पंजी से मिलान करते हुए संबंधित सूची की जाँच करेगें। संबंधित सूची मे यदि कोई त्रुटी/विसंगति हो या किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छुट गया हो तो प्रकाशित सूची के अनुसार विहित प्रपत्र कॉलम 1 से 44 तक कार्यालय के ई-मेल पर soft copy ( Excel sheet) में तथा हार्ड कॉपी विशेश दूत के माध्यम से प्रखण्डवार समेकित कर अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय को दिनांक 15.06.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

PR.NO.298714 Primary Education (23-24):D — जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा।

### -: कार्यालय :- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

-: आवश्यक सूचना :-

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा-52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 07.06.2023 निर्धारित की जाती है :-

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 11/2020 | 19.06.2020 | मनीषा देवी | Tractor Reg. No. JH-19B-3514 | कोयला-80 CFT |
| 02 | 19/2022 | 04.06.2022 | अमित कुमार, अर्जुन प्रसाद, बब्लू कुमार, जितेन्द्र प्रसाद भुईयां | Tempu Reg. No. JH-03AB-6914 | करम एवं अन्य प्रजाति के जलावन |
| 03 | 10/2023 | 12.04.2023 | पंकज कुमार | Tractor Reg. No. JH-19B-5145 | बालू-100 CFT |
| 04 | 11/2023 | 12.04.2023 | कामेश्वर गंझू | Tempu Reg. No. JH-19A-5080 | कोयला-50 CFT |
| 05 | 12/2023 | 15.04.2023 | अमित कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, विकास कुमार सिंह | Tractor Reg. No. JH-19C-1940 | सखुआ बल्ली-30 पीस |
| 06 | 13/2023 | 15.04.2023 | शंकर भुईयां, रूपेश सिंह, इन्द्रदेव उरांव | --- | साल चौकठ चिरान-08 पीस |
| 07 | 35/2022 | 11.11.2022 | इनोद तुरी | Truck Reg. No. JH-02AF-1522 | कोयला-25.02 MT |
| 08 | 15/2023 | 28.04.2023 | रियाजुल अंसारी | Tractor Reg. No. JH-19A-5973 | कोयला-02 टन |
| 09 | 16/2023 | 03.05.2023 | इस्राफील मियां, जाफीर अंसारी, विजेन्द्र साव | Motorcycle Reg. No. HR-27N-4276 | कोयला-03 टन |
| 10 | 17/2023 | 07.05.2023 | जगरनाथ साव | Motorcycle Reg. No. JH-08B-7336 | कोयला-04 क्विंटल |
| 11 | 18/2023 | 10.05.2023 | लालदेव यादव | Motorcycle Reg. No. JH-19C-1648 | कोयला-02 क्विंटल |
| 12 | 19/2023 | 10.05.2023 | रूपेश कुमार, धमेन्द्र साव, उपेन्द्र कुमार | Pickup Van Reg. No. JH-01P-1314 | कोयला-100 CFT |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.06.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

PR 298720 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

### झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

EOI No- O1/HATIAPROJECTRANCHI-2022-23

एतद् द्वारा द्वारा सुचित किया जाता है कि PR No. 298116 Drinking Water and Sanitation (23-24) जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है में आंशिक निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है:-

| SL No. | Particulars | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | PREPRATION OF DPR FOR CONSTRUCTION OF PARK INCLUDING RENOVATION OF FOUNTAIN AND BEAUTIFICATION OF ALL BUILDINGS AND ROADS of Hatia Water Treatment Plant at Dhurwa, Ranchi UNDER D. W. & S. DIVISION, HATIA PROJECT, RANCHI. |
| 2 | Name of Advertisement Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hatia Project, Doranda, Ranchi-02. |
| 3 | EOI Publish Date | 02/06/2023 at 12.30 PM |
| 4 | EOI Downloading Start Date | 02/06/2023 From 2.00 PM |
| 5 | Last Date for sending pre-EOI Queries | 08/06/2023 (Working days 10.00 am to 4.00 PM) |
| 6 | Last date of Submission of EOI Applications | 17/06/2023 at 5.00PM |
| 7 | Date of Opening of EOI Applications | 19/06/2023 at 2.00 PM |

नोटः- इच्छा की अभिव्यक्ति के शेष अंश यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,हटिया योजना, राँची

PR298756 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

### e-Procurement Cell Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi JHARKHAND, RANCHI

Very Short Term e-Procurement Notice Tender Reference No.- 07/2023-24

| Sl. No | Name of Scheme | Estimated Amount (Lakhs) | Earnest Money (Lakhs) | BoQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुढमू प्रखण्ड के डा० राम मनोहर लोहिया उच्च विद्यालय उमेडण्डा में आठ अतिरिक्त वर्ग कक्ष तथा एक छात्र एवं एक छात्रा के लिए शौचालय का निर्माण | 66,93,048.00 | 1,33,861.00 | 10,000.00 | 09 Month | कार्य के अनुरूप |
| 2 | बुढमू प्रखण्ड के राजकीय मध्य विद्यालय उमेडण्डा बालिका में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष तथा एक छात्र एवं एक छात्राओं के लिए शौचालय का निर्माण | 55,57,253.00 | 1,11,145.00 | 10,000.00 | 09 Month | कार्य के अनुरूप |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Date of Publication of Tender on Website | 07.06.2023 at 11:00 AM |
| 4 | Start Date of Submission of Bids | 07.06.2023 at 11:00 AM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 14.06.2023 at 11:00 AM |
| 6 | Hard Copy Submission Date and Time | 14.06.2023 at 2:00 PM<br>Office - National Rural Employment Programme, Ranchi |
| 7 | Date/Time of opening of Bid | 15.02.2023 at 11:00 AM |
| 8 | Name & Address of office Inviting tender e-Procurement Cell, | **Executive Engineer,N.R.E.P-1, Jharkhand, Ranchi.** |
| 9 | Helpline Number of e-procurement Cell | 94727-45569 |

**Any change can be seen on Website *http:// Jharkhandtenders.gov.in.***
***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.***
इस निविदा में भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड रॉंची सम्बन्धित निबंधित संवेदक भाग लेगे।

**Nodal Officer e-Procurement Cell**
**Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi**

PR298736 (NREP)23-24*D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन० आर०ई०पी०-1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 06/2023-24

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०-1,राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०-1,राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 06.06.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 07.06.2023 को 3.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 08.06.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यालय एन०आर०ई०पी०-1,राँची
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 स0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अविध | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुढमू प्रखण्ड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय पिरागुटू मे दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष एक छात्र एवं छात्रा के लिए शौचालय का निर्माण | 29.81973 | 59640 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | बुढमू प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डिवहाटोली में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष, एक छात्र एवं एक छात्रा के लिए शौचालय का निर्माण | 29.81973 | 59640 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | बुढमू प्रखण्ड के राजकिशोर उच्च विद्यालय मक्का में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष एवं एक शौचालय का निर्माण | 29.81972 | 59640 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |
| 4 | बुढमू प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मक्का में एक छात्र एवं एक छात्रा के लिए शौचालय एवं चहारदिवारी एवं धेराव कार्य निर्माण | 19.70700 | 39415 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |
| 5 | बुढमू प्रखण्ड के भवानी शंकर 10+2 उच्च विद्यालय में शौचालय का निर्माण | 12.31310 | 24626 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 6 | बुढमू प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोटारी में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण | 18.84976 | 37700 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |
| 7 | बुढमू प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय केदली में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण | 18.84976 | 37700 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |
| 8 | बुढमू प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहनपुर उर्दू में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण | 18.84976 | 37700 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |
| 9 | बुढमू प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरूपीड़ी में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण | 18.84976 | 37700 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |
| 10 | बुढमू प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पतराटोली उर्दू में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष तथा एक छात्र एवं एक छात्रा के लिए शौचालय का निर्माण | 29.81973 | 59640 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |
| 11 | बुढमू प्रखण्ड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बंसरी में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण | 18.84975 | 37700 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :- 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्ते कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0-1, रॉंची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रॉंची अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेगे।

कार्यपालक अभियंता
एन०आर०ई०पी०-1, राँची

PR 298730 NREP (23-24)_D

# मामला दहेज प्रताड़ना का : हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने के लिये जलाया शव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सरकार बेटियों की सुरक्षा के मामले कैसे नई क़ानून बना रही है, कई योजनाए संचालित कर रही है लेकिन फिर भी बेटियों की हत्या के मामले कम नहीं हो रही है, हम आपके सामने कुछ ऐसा ही एक मामला सामने ला रहे है. जिसे सुनकर आपका दिल दहल सकता है. दरअसल, यह मामला गिरिडीह जिले का है जहां शादी के बाद बच्चा नहीं होने और दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर कलयुगी ससुरालवालों ने अपने घर की बहू निक्की कुमारी की हत्या कर दी. इतना ही नहीं साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उन्होंने शव को भी जला दिया.

**2018 में सूरज कुमार से हुई थी शादी :-** बता दें, यह मामला सरिया थाना क्षेत्र के सिमराबेड़ा गांव का है. इधर इस मामले की जानकारी देते हुए मृतका के भाई अमन कुमार ने बताया कि निक्की की शादी सिमराबेड़ा गांव के सुरज कुमार के साथ साल 2018 में हुई थी. शादी के तीन साल तक कोई संतान नहीं होने पर परिवार वाले उन्हें अपशब्द बोलकर प्रताड़ना करने लगे. साथ ही उसके पति पर दूसरी शादी का दबाव बनाने लगे. ससुरालवाले निक्की के साथ हमेशा मारपीट किया करते थे. इतना ही नहीं कभी-कभी घर से बाहर भी निकाल दिया करते थे.



**निक्की के खिलाफ सूरज की कराई दूसरी शादी :-** ससुराल वालों के प्रताड़ना और घर में हमेशा निक्की के साथ मारपीट को लेकर कई बार सामाजिक समझौते भी किए गए. लेकिन कलयुगी ससुराल वाले उनपर हमेशा अत्याचार करते रहे. इसके बाद साल 2021 में अचानक निक्की के मर्जी के खिलाफ ससुराल वालों ने सूरज (निक्की के पति) की खेताडाबर गांव के भरत सिंह की बेटी सुरभी कुमारी के साथ दूसरी शादी करा दी. इस दौरान भी ससुराल वाले निक्की पर प्रताड़ित करते रहे. 2022 दिसंबर में उन्होंने उसे फिर से घर से बाहर निकाल दिया और उसे नैहर भेज दिया.

**दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर हत्या :-** जब ससुराल वालों से कारण पूछे गए तो उन्होंने 500000/- रुपये की मांग की. इसपर परिजनों ने निक्की के ससुराल वालों को 2 लाख दिया और उसे ससुराल भेजा. हालांकि इस बीच वे बाकी के 3 लाख की मांग करते रहे और निक्की को भी प्रताड़ित करते रहे. इसी बीच अचानक मंगलवार (30 मई) को निक्की के मौत की खबर मिली. जानकारी के बाद जब परिजन निक्की के ससुराल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि ससुराल वाले अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से नदी किनारे निक्की की लाश जला दिया. और वे वहां से परिजनों को देखकर भागने लगे.

**पति समेत कई लोगों के खिलाफ परिजनों ने कराया मुक़दमा दर्ज :-** मृतका के भाई निक्की ने बताया कि लाश जला रहे लोगों में पति सूरज के साथ नागो चौधरी, पिंकी देवी, सरस्वती देवी, अंशु देवी, सुरभि कुमारी और भगत सिंह शामिल थे. मामले में परिजनो ने थाने में स्नढ्ढक्र दर्ज करा ली है जिसके बाद थाना प्रभारी संतोष मौर्या की अगुवाई में मामले की जांच शुरू हो गई है।

# टुंडी : शिबु सोरेन का रिजल्ट में दोनों संकायों के छात्रों ने परचम लहराया

दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र

**टुंडी :** टुंडी शिबु सोरेन इंटर कॉलेज की छात्राओं ने इस बर्ष भी परीक्षाओं में सफलता का परचम लहराया है। जानकार सूत्रों के मुताबिक इंटर कॉलेज आट्स व कॉमस् संकाय में शिबु सोरेन इंटर कॉलेज दुबराजपुर की छात्रों ओं का दबदबा बरकरार रहा। कॉमस् में कुल 12 परीक्षाथी शामिल हुए थे जिसमें छः ने प्रथम श्रेणी हासिल किया वहीं तीन छात्राओं ने दृितीय से उतीण रहीं । खुशी कुमारी नामक छात्राओं ने 367 अंक लाकर टॉपर रहीं कुणाल धार 366 व संजना दास 333 अंक लाकर दृितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कला में कुल 260 परीक्षाथी में 129 प्रथम123दृितीय तथा दो तृतीय श्रेणी से उतीण रहे तनु कुमारी ने 433 अंक लाकर टॉपर रहीं। विवेक कुमार गुप्ता412 तथा चंचला कुमारी396 अंक से दृितीय व तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य श्याम सुन्दर पाण्डेय ने सभी सफल छात्र छात्राओं को बधाई दिया है।

## अपेक्स-1 कॉमर्स क्लासेस के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

# पढ़ेगा वासेपुर तो बढ़ेगा वासेपुर : अबु तलहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वासेपुर स्थित अपेक्स-1 कॉमर्स क्लासेस जो पिछ्ले 14 वर्षो से लगातार शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। इस बार भी अपेक्स-1 कॉमर्स क्लासेस के बारहवीं के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए हैं जिसमे मोहम्मद इमरान 80.20 प्रतिशत और सानिया परवीन 80 प्रतिशत अंक के साथ कोचिंग मे टॉप की हैं। बाकी बच्चों का भी रिज़ल्ट काफी बेहतर रहा है। अपेक्स -1 कॉमर्स क्लासेस के डायरेक्टर सह टीचर अबु तलहा ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अबु तलहा का एक ही नारा है "पढ़ेगा वासेपुर तो बढ़ेगा वासेपुर"।



# एशियन हॉस्पिटल मे क्षतिग्रस्त कूल्हे का सफलतापूर्वक हुआ टोटल हिप रिप्लेसमेंट

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 55 वर्षीय आरपीएफ के कर्मचारी




अमित कुमार का 15 वर्ष पूर्व दुर्घटना में कुल्हा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। उनके लिये चलना या उठना बैठना बड़ा मुश्किल था जिससे उनके परिजन काफी चिंतित थे। काफी विचार विमर्श के बाद परिजन ने एशियन अस्पताल, फरीदाबाद में पदस्थापित ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. लोकेश गर्ग से संपर्क स्थापित किया। डॉ. लोकेश गर्ग ने ऑपरेशन के लिए हामी भरी तथा धनबाद आकर एशियन अस्पताल की ऑपरेशन टीम के संग मात्र डेढ़ घंटे में मरीज का सफल टोटल हिप रिप्लेसमेंट किया। इस क्रिटिकल ऑपरेशन के दौरान हॉस्पिटल के अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉ विनीत अग्रवाल सक्रिय थे। डॉ लोकेश कुमार ने बताया कि इतना गंभीर मामला उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण था। लेकिन उन्होने अपने अनुभवों के आधार पर अरुण के क्षतिग्रस्त कुल्हे का सफल ऑपरेशन किया जिससे अरुण अब सामान्य एवं रोजमर्रा की गतिविधियों में अच्छी तरह मूवमेंट ले सकेंगे। वहीं एशियन अस्पताल के सेंटर हेड सी. राजन ने कहा की एशियन हॉस्पिटल में किसी भी चिकित्सा मे खर्च अन्य अस्पतालों की तुलना में बहुत ही न्यूनतम है जो मरीजों के लिए काफी राहत की बात है। बताया की झारखंड समेत समस्त भारत में मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा देना एशियन हॉस्पिटल का प्रथम शपथ है। एशियन हॉस्पिटल के अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी एवं समस्त अस्पताल प्रबंधन मरीजों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमेशा समर्पित है।

# पांचवी एसडीपीएस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में बड्स गार्डन स्कूल का शानदार प्रदर्शन

## 14 वर्ष वर्ग फुटबॉल में दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर जीता

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मिनिस्ट्री ऑफ स्पोर्ट्स एंड यूथ




अफेयर्स के अंतर्गत स्पोर्ट्स एंड डेवलपमेंट एंड प्रमोशन फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश के ग्वालियर में तीन दिवसीय पांचवी एसडीपीएफ स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2023 का आयोजन दिनांक 28 मई से 30 मई 2023 तक किया गया था। जिसमें झारखंड के एलावा अनेकों राज्यों के स्कूलों एवं क्लब की टीम ने विभिन्न प्रकार के खेलों में हिस्सा लिया था। झारखंड की ओर से पूर्व में ही चयनित बड्स गार्डन स्कूल राजगंज की 14 वर्ष आयु वर्ग में बालक फुटबॉल की टीम ने भी हिस्सा लिया जिसमें टीम ने अपने फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ के टीम के साथ 2-3 के स्कोर से मैच हारकर फाइनल में दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं सिल्वर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। बड्स गार्डन स्कूल की ओर से टीम कोच स्कूल के पीटीआई टीचर दीपक कुमार थे और टीम में कप्तान के रूप में प्रकाश मरांडी एवं अन्य खिलाड़ी के रूप में अनिमेष महतो, आशीष कुमार, प्रसनजीत मरांडी, रूपेश कुमार, शिव कोल, विजय मरांडी, अविनाश सिंह, मनीष कुमार, सुमित कुमार, कृष्ण कुमार, मोहित कुमार, अजय महतो, सचिन कुमार व वीरेंद्र टूडू शामिल थे। इस मैच में फाइनल में दूसरा स्थान प्राप्त करने के लिए बड्स गार्डन स्कूल के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया, चेयरमैन ए के पाल के अलावे सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्कूल की टीम को शुभकामनाएं दी हैं और इसे गर्व का अवसर बताया है।

# न्यू एंजेल्स होम स्कूल के संस्थापक सह निदेशक शब्बीर अख्तर का निधन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** न्यू एंजेल्स होम स्कूल डिगवाडीह के संस्थापक सह निदेशक तथा समाजसेवक मो शब्बीर अख्तर का निधन हो गया। वे बीते कई सालों से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे।अहले सुबह अस्पताल ले जाने के क्रम में उनका निधन हो गया। भाई परवेज अख्तर ने बताया कि पिछले एक वर्ष से वो बीमार चल रहे थे। इलाज के लिए वेल्लोर भी गए थे। सोमवार को अचानक तबियत बिगड़ने लगा। घर वालो ने जालान अस्पताल में भर्ती कराया। बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उनका निधन हो गया। वहीबुधवार को डिगवाडीह कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया।

# कृषि अवसंरचना कोष व झारखंड कृषि ऋण माफी योजना विषयक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** न्यू टाउन हॉल में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड द्वारा उपायुक्त श्री संदीप सिंह की अध्यक्षता में ÷कृषि अवसंरचना कोष एवं झारखंड कृषि ऋष्ा माफी योजना विषयक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त संदीप सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा आमजनों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। योजनाओं के कन्वर्जन से विभिन्न प्रकार के लाभ से किसानों को लाभान्वित किया जा सकता है। उन्ही योजनाओं में से एक कृषि अवसंरचना कोष एवं झारखंड कृषि ऋष्ा माफी योजना है। उन्होंने पूरे धनबाद जिले के किसानों तथा कृषि से संबंधित व्यवसाय से जुड़े लोगों स्वयं सहायता समूहों को भी इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस योजना का व्यापक जागरुकता अभियान चलाकर जिले के सभी प्रमुख कृषि उद्यमियों तथा कृषि कार्य से जुड़े लोगों को लाभ देने का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रशासन के द्वारा जिले के अधिक से अधिक किसानों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। कृषि क्षेत्र में उपलब्धता और आवश्यकता की कमी को पूरा करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है।

**कैसे लें इस योजना का लाभ :-** www.agriinfra.doc.gov.in पर लॉगिन कर आवेदन किया जा सकता है। हेल्पलाइन नंबर 18001231136 पर भी बात करके योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। केन्द्र सरकार की ओर से किसानों के ऋष्ा खाते में सीधे सब्सिडी दी जाएगी। आवेदन की प्रक्रिया सरल है। परियोजना प्रबंधन ईकाई कृषि निदेशालय से आए श्री प्रभाष चन्द्र दुबे ने प्रेजेंटेशन के जरिए बताया कि आवेदन कैसे करना है और परियोजना का कैसे लाभ लेना है। प्रतिभागियों ने योजना को समझकर किसानों तथा उनके समूहों तथा कृषि उद्यमियों से आवेदन



कराने का निर्णय लिया। पीएमयू से आवेदन करने, ऋष्ा दिलवाने में पूरा सहयोग देने की बात कही गयी। विश्वस्तरीय संगठन ग्रांट थोर्नटॉन भारत (जी0टी0भारत) की ओर से झारखंड में परियोजना प्रबंधन ईकाई का संचालन कृषि निदेशालय में किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजना संबंधी जानकारी दी।

**क्या है कृषि अवसंरचना कोष :-** केंद्र सरकार की ओर से 'कृषि अवसंरचना कोष की स्थापना की 2020 में की गई थी। यह फंड फसल कटाई के बाद बुनियादी ढांचा प्रबंधन एवं सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों में निवेश के लिए मध्यम व दीर्घकालिक ऋष्ा वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करती है।

# एम्बुलेंस व स्ट्रेचर पर न्यायालय में पेश हुए संजीव सिंह, एक मामले में दोषमुक्त करार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले में झरिया के पूर्व विधायक तथा मजदूर नेता स्व सूर्यदेव सिंह के पुत्र संजीव सिंह को बुधवार को एंबुलेंस से धनबाद कोर्ट लाया गया। जहां वह न्यायालय के समक्ष पेश हुए। पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह तथा अन्य के हत्या के आरोप में धनबाद जेल में बंद संजीव सिंह को वर्ष 2014 में झरिया विधानसभा चुनाव के दौरान पब्लिक प्रॉपर्टी डैमेज के आरोप में चुनाव आयोग के उड़नदस्ता टीम द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। उस वक्त संजीव सिंह झरिया विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार थे। उसी मामले में आज धनबाद न्यायालय में छह गवाहों का परीक्षण



हुआ। जिसमें संजीव सिंह पर आरोप साबित नहीं हो सका। जिसके उपरांत न्यायालय ने पूर्व विधायक संजीव सिंह को मामले में दोषमुक्त करार दिया।

इस दौरान धनबाद जेल से धनबाद कोर्ट तक संजीव सिंह को प्रस्तुत करने के लिए जिला पुलिस ने अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था लगाया। जिसके तहत जेल प्रशासन के एंबुलेंस से संजीव सिंह को धनबाद न्यायालय परिसर लाया गया। जहां से स्ट्रेचर पर टांग कर उन्हें न्यायाधीश के समक्ष ले जाया गया। मालूम हो कि धनबाद जेल में बंद पूर्व विधायक संजीव सिंह की तबीयत काफी खराब है। उनकी खराब स्वास्थ्य को देखते हुए पिछले दिनों शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां से कुछ दिनों के इलाज के बाद उन्हें धनबाद जेल वापस ले जाया गया। इस दौरान उनकी पत्नी व भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया था कि राजनीतिक विद्वेष की भावना से ग्रसित झरिया विधायक उनके पति संजीव सिंह को जेल में नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं।

# समस्तीपुर व अमृतसर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** ग्रीष्मकालीन अवकाष के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई समर स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 06.06.2023 से मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-छपरा-गोरखपुर के रास्ते 05273/05274 समस्तीपुर-अमृतसर-समस्तीपुर साप्ताहिक समर स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा ।

गाड़ी सं. 05273 समस्तीपुर-अमृतसर समर स्पेषल दिनांक 06.06.2023 से 27.06.2023 तक प्रत्येक मंगलवार को समस्तीपुर से 23.00 बजे प्रस्थान कर 00.05 बजे मुजफ्फरपुर, 01.40 बजे हाजीपुर 03.10 बजे छपरा रूकते हुए गुरूवार को 02.20 बजे अमृतसर पहुंचेगी । यहां से वापसी में गाड़ी सं. 05274 अमृतसर-समस्तीपुर समर स्पेषल दिनांक 08.06.2023 से 29.06.2023 तक प्रत्येक गुरूवार को अमृतसर से 12.45 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेषनों पर रूकते हुए अगले दिन 11.00 बजे छपरा, 12.10 बजे हाजीपुर, 13.15 बजे मुजफ्फरपुर तथा 15.00 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी ।

# गिरिडीह में भाजयुमो की जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडिह :** बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा गिरिडीह के जिला कार्यसमिति बैठक जिला कार्यालय हरिचक पचंबा में आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय ने किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संभू शर्मा ने किया । वही मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी विशिष्ट अतिथि गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहबादी उपस्थित थे। वही मुख्य वक्ता किसलय तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन का वृत्त लेते हुए सभी लोगो को महा जन संपर्क अभियान में लगने को कहा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के किए कार्यो को लेकर जन जन से डोर टू डोर जाने को कहा । साथ ही नवमतदाता सम्मेलन मंडल वाइस करने पर जोर देने को कहा और आगामी कार्यकर्म को सुचारू रूप से चलने पर प्रकाश डाला ।मौके पर निर्भय शाहबादी ने कहा की युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पार्टी के लिए एक अहम मोर्चा है जिसे काफी जिम्मेवारी मिली है एक तरफ जहां केंद्र में अपनी सरकार की योजना को जन- जन तक पहुंचा है वही दूसरी तरफ जन विरोधी राज्य सरकार के काले कारनामे को भी उजागर करने का काम युवा मोर्चा के कंधे पर है। जिला अध्यक्ष रंजीत राय ने कहा की प्रदेश द्वारा दिए गए सारे कार्य को मंडल और बूथ स्तर पर ले जाने का काम युवा मोर्चा करेगी और आगामी सभी कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बनाने का काम करेंगे ।

# नाबालिक से दुष्कर्म व हत्या के मशाल जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र के भरकट्टा में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म व हत्या मामले में भाजपा एवं हिंदू संगठनों ने संयुक्त रूप से मशाल जुलूस निकाल कर विरोध जताया। कार्यक्रम का नेतृत्व विहिप जिला मंत्री निरंजन कुमार वर्मा तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष राजदेव साव एवं अशोक कुमार वर्मा ने किया । मशाल जुलूस में मण्डरखा, बैदापहरी, सिरमाडीह, मधवाडीह, केशोडीह, मनकडीहा, तुलाडीह, बराडीह, सरंडा, विशुनपुर समेत दर्जनों गांवों के हजारों लोगों ने भाग लिया। उक्त मशाल जुलूस प्लस टू उच्च विद्यालय भरकट्टा से पूरे भरकट्टा बाजार, तुलाडीह होते हुए पुनः उच्च विद्यालय पहुँचा तथा नुक्कड़ सभा मे बदल गया । मशाल जुलूस में शामिल लोगों ने मो0 कैफ को फांसी दो,फरार आसिफ व फारूक की अविलम्ब गिरफ्तारी हो, नाबालिग को न्याय दो आदि नारे लिखे तख्तियों को लेकर प्रदर्शन किया। मशाल जुलूस समाप्ति के बाद मृतका के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

# निजी खर्च पर सामजसेवी ने किया सड़क का मिट्टीमोरम

# कच्ची ही सही लेकिन वर्षो बाद ग्रामीणों को मिली सड़क



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** प्रखंड के बदवारा पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती इलाका खोसोखार में वर्षो सड़क के आभाव को देखते हुवे 500 मीटर लम्बी सड़क दुरी पर राजकुमार और रूपलाल दोनों सामजसेवी ने अपने निजी खर्च पर मिट्टी डालकर सड़क का निर्माण करवाया । देश आज आजादी के अमृत महोत्सव मन रही है वही इस गांव के लिए अब तक सड़क नहीं था जिससे सैकड़ो ग्रामीणों को गांव आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। वही समाजसेवी राजकुमार और रूपलाल के प्रयासों से इस गांव को एक सड़क मिल पाया। इन दोनों ने करीब 600 ट्रेक्टर मिट्टी डालकर गांव को एक नया सड़क देने का काम किया है। वही ग्रामीणों ने इस सड़क निर्माण में श्रम दान करते हुवे दोनों समाजसेवी द्वारा किये गए इस कार्य के लिए धन्यवाद देते हुवे आभार व्यक्त किया। ग्रामीण अशोक पासवान ने कहा की सड़क के बिना हमलोग को काफी दिक्कत होता था खाश करके बारिश में हमलोग को गांव से निकलना मुश्किल हो जाता है। पंचायत के मुखिया सहित अन्य प्रतिनिधि कभी इस सड़क पर कभी ध्यान नहीं दिए इस गांव के लोगो की समस्या को देखते हुवे ललिता देवी के माध्यम से विधायक सरफराज अहमद को कई बार आवेदन देकर इस समस्या से अवगत कराया गया था लेकिन आज तक देखने नहीं आये। ग्रामीण कटी सिंह ने कहा की सड़क के लिए नक्सा कब से तैयार है लेकिन आज तक सड़क नहीं बन पाया प्रतिनिधि वोट के लिए तरह तरह के वादा करते है लेकिन चुनाव के बाद गहरी नींद में सो जाते है।

# रमजानपुर से सऊदी अरब के लिये निकला हाजियों का जत्था

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** "लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक" कहते हुवे अपने अपने घर से हाजियों का जत्था जामाडोबा रमज़ानपुर से निकला। रमज़ानपुर के लोगो ने जा रहे हाजियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सैकड़ो की संख्या में उनके साथ लोग मस्जिद पहुचे। मस्जिद में नमाज़ ए तौबा अदा की गई। आए हुए लोगो से गले मिलकर हाजियों ने अपनी गलतियों को माफ़ करने को कहा। एक ओर हज पर जाने की खुशी सबके चेहरे पर दिख रहा था वहीं दूसरी ओर परिजन के आंखों में खुशी के आंसू भी दिख रहे थे। सभी एक दूसरे को



हाथ और गले मिला कर सलामती की दुआ दे रहे थे। इस जत्थे में महिला हाजी भी थी। लोगो ने फूलो का हार दे कर उनका स्वागत किया। काफी संख्या में लोग धनबाद स्टेशन तक छोडने गए। हाफिज मेराज ने हज के बारे में पूरी जानकारी दी। उन्होने कहा की अल्लाह अगर जिसको दौलत से नवाज़ा है तो उस पर हज फ़र्ज़ है नहीं तो वह गुनाहों का हकदार है। जिनके पास दौलत है उनको हज करनी चाहिये। साथ ही हाजीयों से अपने देश भारत मे अमन, चैन, शांति, तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ की दर्खवाश्त की गई।

# जिला की बेहतरी के लिए कार्य करने से मिलती है उर्जा : डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्णा

**➲नगर भवन में कौशल विकास योजनांतर्गत प्रमाण-पत्र, नियुक्ति-पत्र, वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला की बेहतरी के लिए कार्य करने से उर्जा मिलती है। यह छोटी सी पहल है, आगे और भी कार्य करने हैं। आईएचम, ब्रांबे, रांची और झारखण्ड राज्य टूल रूम के साथ एमओयू करने के बाद यहां के युवक-युवतियों को एक बेहतर कोर्स उपलब्ध करा पाया और आज उन युवक-युवतियों को प्रशिक्षणोपरांत नियुक्ति मिल रही है तो बहुत संतुष्टि का एहसास हो रहा हैं। उक्त बातें उपायुक्त, लोहरदगा आज विशेष केंद्रीय सहायता एवं सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजनांतर्गत नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित प्रमाण-पत्र, नियुक्ति-पत्र, वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि जिन युवक-युवतियों को दोनों संस्थानों में भेजा गया था उनके कॅरियर को एक बड़ा मंच मिल गया है। आज जिनको नियुक्ति पत्र मिला है वे राज्य व देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर अपनी सेवाएं देंगे और भरोसा है कि जिला और राज्य का नाम रौशन करेंगे। सिर्फ यहीं नहीं बल्कि एक उड़ान भरना और विदेशों में जाकर देश का नाम रौशन करना है। आईएचएम में होटल मैनेजमेंट और झारखण्ड राज्य टूल रूम में जो कोर्स जिला की ओर से कराये जा रहे हैं वे पूरी तरह निःशुल्क हैं। जो भी इच्छुक युवक-युवतियां है वे जिला योजना कार्यालय या अपने प्रखण्ड कार्यालय में संपर्क करें,उन्हें संबंधित संस्थान में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। तेजस्विनी परियोजना से जुड़े युवा व 10 वीं पास भी इसके लिए आवेदन करें। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि यह जिला के लिए गौरव की बात है कि यहां के युवक-युवतियों को बडी-बड़ी कंपनियों में रोजगार मिला है। इसके लिए अतिरिक्त जो मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं उनके लिए भी जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था कराया जाना प्रशंसनीय कदम है। सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा होटल मैनेजमेंट व झारखण्ड राज्य टूल रूम में जो निःशुल्क कोर्स की व्यवस्था की गई है उसमें यहां के युवक-युवतियों का भविष्य उज्जवल है। आप देश के भविष्य हैं और हमेशा बेहतर करने की सोच रखें। यह नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र रहा है लेकिन अब यहां के युवक-युवतियों को लगातार समाज की मुख्यधारा में जोडे जाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह ने कहा कि होटल मैनेजमेंट से संबंधित तीन कोर्स के लिए कक्षाएं अगस्त माह से प्रारंभ होने वाली है जिसके रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है। जो युवक-युवतियां इच्छुक हैं वे अपने संबंधित प्रखण्ड या जिला योजना कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड अप्लाईड न्युट्रिशन ब्रांबे रांची में कोर्स करने के उपरांत आज लोहरदगा जिला के 34 युवक-युवतियों को उपायुक्त समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। इनकी नियुक्ति मरासा सरोवर तिरूपति, चाणक्य बीएनआर रांची, रेडिशन ब्लू रांची, होटल ग्रीन एकर रांची, बालाजी सरोवर सोलापुर महाराष्ट्र, मरासा सरोवर प्रीमियर बोधगया बिहार, आरवीआर सरोवर पोर्टिको आंध्र प्रदेश और लीलैक सरोवर रांची में हुई है।

## विश्व तम्बाकू दिवस के अवसर पर तम्बाकू निषेध का दिलाया गया शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** विश्व तम्बाकू दिवस के अवसर पर सेन्हा अस्पताल व प्रखंड परिसर में तम्बाकू निषेध का अधिकारियों ने दिलाया शपथ। सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर व प्रखंड सभागार में बुधवार को विश्व तम्बाखू निषेध दिवस मनाया गया। वहीं चिकित्सा प्रभारी डॉ0 दिव्या निशि ने तम्बाकू गुटखा सेवन से होने वाली बीमारी पर प्रकाश डालते हुए कहा अपने एवं परिवार के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए नशा जैसा बुरा आदत को छोड़ना होगा। जिससे घातक बीमारी से बच सकते है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने तम्बाखू के सेवन नही करने का अपील करते हुए सभी को तम्बाकू छोड़ने का शपथ दिलाया। उन्होंने कहा की तम्बाखू ना खायेंगे और दुसरो को ना खाने दें। लोगों के बीच तम्बाखू सेवन नही करने को लेकर जागरुकता चलाया जायेगा। बताते हुए कहा की तम्बाकू सेवन से शरीर, दिमाग व घर परिवार बर्बाद हो जाता है। और घातक एवं जानलेवा जैसी बीमारी कैंसर का शिकार हो पूर्ण रूप से जीवन बर्बाद हो जाता है। जिसे जागरूक करते हुए कहा की 500 रूपया महीना का जो तम्बाखू गुटका में खर्च करते हैं। उसकी बचत करेगें तो पुरी उम्र में 36 लाख रूपया का बचत होगा और बुढ़ापा आसानी से कटेगा। साथ ही कहा की प्रखंड परिसर में कोई गुटका तम्बाखू खाते पकड़े गए तो उससे जुर्माना राशि वसूला जाएगा। मन शरीर को स्वस्थ रखे। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, बीपीओ निलेंद्र कुमार, कृषि पदाधिकारी रघुंदन वैध, डा.मनोज कुमार, सूर्या भगत,जनक साहू, कमला देवी आदि उपस्थित थे।

## दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना पर हुआ कार्यशाला का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसायटी द्वारा टाउन हॉल सिमडेगा में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में दीदियों द्वारा अतिथियो का स्वागत गान के माध्यम से किया गया तदोपरांत माननीय जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रोश प्रतिमा सोरेंग, उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैकरा, उप विकास आयुक्त श्री अरुण वाल्टर सांग, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीषा मालिनी साँचा एवं जिलाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो दिखाकर दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कौशल विकास एवं इसकी आवश्यकता के बारे में चर्चा की गई एवं बताया गया कि इस योजना से जुड़ने के लिए क्या क्या आवश्यक दस्तावेज लगते हैं। इसके उपरांत पर डी डी यू जी के वाई द्वारा प्रशिक्षित उम्मीदवार पाकरटांड़ प्रखंड से दीपिका कुमारी के द्वारा स्वयं की सफलता की कहानी प्रस्तुत की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस योजना का खास उद्देश्य कम पढ़े लिखे बेरोजगार युवा को ट्रेनिंग देकर इस लायक बनाना है ताकि वह अपने पैरों पर खड़े हो सकें और अपनी बेरोजगारी दूर करने के अलावा देश की तरक्की में योगदान दे सकें। इस योजना का मुख्य उद्देश्य खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में वह युवा जो बेरोजगार उन्हें प्रोत्साहित करना है। जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रोश प्रतिमा सोरेंग ने कहा की जेएसएलपीएस के तत्वाधान में यह सरकार की महत्वकांक्षी योजना है जिससे अधिक से अधिक मात्रा में रोजगार सृजन किया जा सके और बेरोजगारी दूर की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिला अत्यंत पिछड़ा जिला है इसलिए वैसे युवक युवती को जो पढ़ाई छोड़ चुके हैं उन्हें प्रेरित कर डी डी यू जी के वाई के तहत आच्छादित करें ताकि वह स्वावलंबी बन सके एवं अपने परिवार को भी आर्थिक सहायता प्रदान कर सकें।

## बढ़ते गर्मी को संज्ञान में लेते हुए बीडीओ ने प्रखंड मुख्यालय में कराया पेयजल व्यवस्था



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** भीषण गर्मी को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ के सौजन्य से ग्रामीणों के लिए व्यवस्था किया गया फिल्टर शीतल पेयजल। सेन्हा प्रखंड मुख्याल में पेयजल व्यवस्था नही रहने तथा गर्मी को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा फिल्टर शीतल पेयजल के लिए स्थाई रुप से व्यवस्था की गई। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने करते हुए कहा कि अधिकारियों सहित ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किया गया है। साथ ही पौधा भी गमला में लगाया गया। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय में सुदूरवर्ती क्षेत्र आने वाले ग्रामीणों के लिए पीने का पानी की व्यवस्था नहीं था। जिसको संज्ञान में रखते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर में पेयजल का स्थाई रूप से व्यवस्था किया गया। ताकि लोगों को पेयजल की समस्या दूर हो सके। जल को बेकार नहीं बहाने के लिऐ बोर्ड भी लगाया गया है। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, कृषि पदाधिकारी रघुंदन वैध, बीपीओ निलेंद्र कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल कुमार तिर्की, सूर्या भगत, आदि उपस्थित थे।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, रांची के निदेश पर आज जिला मुख्यालय समेत, प्रखण्ड कार्यालयों में भी विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शपथ में किसी भी प्रकार का तम्बाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने, अपने परिजनों, मित्रों व परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने हेतु प्रेरित करने, तंबाकू नहीं, भोजन चाहिए का उद्देश्य पूरा करने में सहयोग करने, जीवन पर्यंत तंबाकू का सेवन नहीं करने व अन्य को इसके खतरे के बारे जागरूक करने, तंबाकू का सेवन छोड़ने हेतु प्रेरित किये जाने, अपने कार्यालय व कार्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त करने में सहयोग करने का शपथ लिया गया। उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में यह शपथ समाहरणालय सभागार व जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में लिया गया। इसी प्रकार अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, सभी प्रखण्ड स्तरीय कार्यालयों में भी यह शपथ लिया गया।

## आजीविका संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त समीरा एस0 की अध्यक्षता में आज सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड, रांची (SIDHKOFED) द्वारा सहकारिता के माध्यम से कृषि और वन उपज के द्वारा आजीविका संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज बुधवार को लोहरदगा जिले के जिला परिषद् भवन के सभागार में किया गया।कार्यशाला का शुभारंभ उप-विकास आयुक्त समीरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप-विकास आयुक्त ने कहा कि कृषि एवं वनोपज से किसानों की आय में वृद्धि करने के आपार संभावनाए हैं। सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं वनोपज के व्यापार से ठेकेदारी प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त कराना है। राज्य के ग्रामीणों इलाकों में बिचौलिये इतने सक्रिय हैं कि आज ग्रामीणों को उनके कृषि एवं वनोपज उत्पादों का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों को उनके द्वारा उत्पादित एवं संग्रहित उत्पादों का उचित पारिश्रमिक दिलवाना, कृषि एवं वनोपज का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधयों को सहकारी आधार पर संगठित करना,क्रय-विक्रय एवं वितरण की ऐसी व्यवस्था करना जिससे कि सदस्यों को सर्वोत्तम लाभ मिले इस संघ का उद्देश्य है।

## धार्मिक अनुष्ठान के आयोजित कार्यक्रम से क्षेत्र में रहती है अमन शांति की माहौल : अजातशत्रु

**➲तीन दिवसीय श्री हनुमान मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा सह यज्ञ कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के नरौली गाँव मे विगत 12 वर्षो से बन रहे श्री हनुमान मन्दिर का निर्माण कार्य पूर्ण है। 03 दिवसीय मन्दिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजन में पहुँचे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्री अजातशत्रु सिंह ने सर्वप्रथम मन्दिर मे पुजा अर्चना कर नारियल फोड़कर पवनपुत्र महावीर हनुमान से क्षेत्र मे अमन, शांति सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से क्षेत्र मे वातावरण शुद्ध हो जाते हैं,वही प्रभू श्री राम भक्त हनुमान की कृपा से क्षेत्र मे सुख समृद्धि के साथ अमन शांति का बना रहता है माहौल। मौके पर अयोज्न समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, अमृतदास गोस्वामी, विनोद कुमार इत्यादि ने बताया की 03 दिवसीय मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ कार्यक्रम में मंगलवार को कलशस्थापन, बुधवार को नगर भ्रमण, एवं गुरुवार को प्राण-प्रतिष्ठा सह यज्ञ का कार्यक्रम आचार्य श्री नीरज कुमार त्रिपाठी, पिन्टू कुमार त्रिपाठी के आचार्यत्व मे अनुष्ठान सम्पन्न हो रहें है वही तीनो दिन रात्रि मे श्री राम-कथा वाचन मे काफी संख्या मे श्री राम की कथा का श्रवण पान करने के लिये श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही है। मौके पर कैरो प्रखंड 20 सुत्रि सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, पुर्व उप-प्रमुख दिलीप कुमार सिंह, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव, जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू, बाल्मीकि कुमार, कैरो महाबीर मंडल के शंभू सोनी, प्रसाद साहू, सुजीत प्रसाद, बलराम साहू इत्यादि हनुमान भक्त कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

**ठेठाईटांगर प्रखण्ड में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन**

## कांग्रेस की सरकार ने गरीबों के लिए एक से बढ़कर एक कानून लाकर गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया : विधायक कोलेबिरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** बुधवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ठेठाईटांगर प्रखण्ड में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अशफ़ाक आलम ने किया। मंच संचालन बीस सूत्री प्रखण्ड उपअध्यक्ष सह पूर्व प्रखंड अध्यक्ष फ्रांसिस बिलुंग ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की प्रक्रिया चल रही है, बाबा भीमराव अम्बेडकर के बनाए संबिधान को तार तार किया जा रहा है।देश के आजाद होते ही कांग्रेस की सरकार ने गरीबों के लिए एक से बढ़कर एक कानून लाकर गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया, बहुत सारी योजनाओं को लाया जैसे इन्दिरा आवास योजना, बृध्दा पेंशन योजना, किसान समृध्दि योजना, युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना, गम्भीर बीमारी योजना आदि लाकर सशक्त बनाने का कार्य किया है। 2014 में केन्द्र की सरकार आदरणीय श्री मनमोहन सिंह जी की सरकार कम दामों में सभी सामग्री को उपलब्ध कराने का काम किया, पेट्रोल डीजल सरसों तेल,आटा चावल आदि की उपलब्धतता आसानी से किया जाता था।उस समय भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता मंहगाई मंहगाई का हल्ला मचाया और कहा कि हमें जीता कर देश में लाईए हम सस्ता दामों में सामग्री उपलब्ध कराएंगे। हमारे लोगों ने भाजपा के लुभावने वादे में फंसकर जीताने का काम किया और लोकप्रिय सरकार आदरणीय श्री मनमोहन सिंह जी के सरकार को हटा दिए।पर वर्तमान में जो भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार सभी चीजों के दामों को बढ़ा दिया,जी एस टी लगा कर मंहगाई को चरम पर पहुंचा दिया।ये तो मंहगाई की बात, लेकिन सबसे बड़ा दुर्भाग्य की बात है कि देश जितने भी स्वतंत्र रूप से काम करने वाली संस्था का केंद्र सरकार दुरूपयोग कर अपने उंगलियों पर नचाने का कार्य किया जा रहा है। जबकि संबिधान के दाता बाबा भीमराव अम्बेडकर ने स्वतंत्र रूप से काम का अधिकार दिया।ये एक छोटा सा उदाहरण है। मैं आपलोगों से कहना चाहूंगा कि आने वाला 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों को मध्यनजर रखते हुए भाजपा एक से एक षडयंत्र रचकर भाई चारगी को ख़त्म करने का खेल कर रहा है।

## कैरो डॉ. अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय का इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉक्टर अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओ का इंटरमीडियट परीक्षाफल परिणाम रहा शत प्रतिशत। इंटर कला में कुल 71 विद्यार्थी प्रथम, 139 विद्यार्थी द्वितीय व पांच विद्यार्थी तृतीय स्थान से सफल हुए। जिसमें सबसे अधिक अभय शाह 426 अंक लाकर प्रथम स्थान, रौशनी कुमारी 419 अंक लाकर द्वितीय स्थान व पूजा कुमारी 418 अंक लाकर विद्यालय में तीसरे स्थान पर रही उत्तीर्ण। वहीं वाणिज्य में 371 अंक लाकर परदेशिया उरांव पहले स्थान पर रहे। जबकि निकेत कुमार सोनी 359 अंक लाकर दूसरे स्थान पर व रौशनी खातून 351 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य गणेश शास्त्री, शिक्षक संध्या मुक्ति केरकेट्टा, अणिमा एक्का, मसाद खंदा, शैलेन्द्र प्रियदर्शी, सोनामणि बाखला, नईम अंसारी सुनील, पन्ना, राजेश साहू, सहित प्लस टु उच्च विद्यालय के सभी अन्य शिक्षकों ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## उप प्रमुख मधुलिका रानी ने अंचल कार्यालय परिसर में किया पेयजल की व्यवस्था



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में पेयजल के लिए प्याऊ का वैकल्पिक व्यवस्था उप प्रमुख मधुलिका रानी के द्वारा किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती थी। भीषण गर्मी को देखते हुए आमजनों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई है। मौके पर उपस्थित बीडीओ पवन कुमार महतो ने कहा प्यासे को पानी पिलाना काफी पुण्य के साथ-साथ काफी सराहनीय कार्य है। उप प्रमुख मधुलिका रानी द्वारा उपस्थित लोगों को पानी पिलाकर मुंह मिट्ठा कराया गया। मौके पर सीओ कमलेश उरांव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, बीस सूत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, मुमताज अंसारी आदि मौजूद थे।

## सुदर्शन भगत ने विद्यालय में हिंदू शब्द हटाए जाने पर मुख्यमंत्री व शिक्षा सचिव को लिखा पत्र



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नदिया हिंदू हाई स्कूल से हिंदू शब्द हटाए जाने पर सांसद श्री सुदर्शन भगत ने मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन और शिक्षा सचिव झारखंड सरकार को पत्र लिखकर जनभावनाओं को अवगत कराते हुए नामकरण को यथावत रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि पत्र लोहरदगा में सन-1931 से संचालित नदिया हिंदू हाई स्कूल चल रहा है। अभी-अभी देखा गया की इस विद्यालय के नाम में से हिन्दू शब्द हटा दिया गया है द्व जिसको लेकर स्थानीय जनता में रोष है द्व जनभावना के प्रतिकूल राज्य सरकार द्वारा दिए गए आदेश को अविलम्ब वापस लिए जाने की आवश्यकता है। ज्ञातव्य हो कि विद्यालय संचालन करने वालों की, भूमि दानदाताओं द्वारा हिन्दू शब्द को विद्यालय के नाम में आवश्यक रूप से प्रयोग किये जाने की शर्त पर ही भूमि हस्तांतरित की गयी था। लोहरदगा सभी समुदाय के बालक इस विद्यालय में बिना की किसी भेदभाव के अनेकों वर्षो से पढ़ते आ रहे हैं द्व पुरातन विद्यार्थियों की भावनाएं भी इससे भावनात्मक यादें जुडी हुई हैं द्व इसलिए जनभावना को ध्यान में रखते हुए आपको जल्द हस्तक्षेप करना चाहिए,और सम्बंधित विद्यालय के यथावत नदिया हाई स्कूल लोहरदगा करने के आदेश जारी करने चाहियें द्व आशा है कि जनहित में राज्य सरकार अविलम्ब आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करेंगी।

## अपोस्टोलिक स्कूल में चोरी की घटना के बाद विधायक भूषण बाड़ा पहुंचे स्कूल, ली जानकारी



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के सामटोली स्थित अपोस्टोलिक स्कूल में भीषण चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही विधायक भूषण बाड़ा स्कूल पहुंच मामले की जानकारी ली। विधायक के साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की भी उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने मामले की विस्तार से जानकारी ली। वहीं एसपी सौरभ कुमार को ततकाल फोन के माध्यम से बात कर मामले का उदभेदन करते हुए चोरों की गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर स्कूल के डायरेक्टर फा जॉन कुजूर ने बताया कि स्कूल में स्थित उनके कमरे से अपराधियों ने ताला तोड़कर करीब तीन लाख रुपए लेकर फरार हो गए। वहीं अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के बाद शॉट सर्किट का रुप देते हुए सोफा, एलईडी टीवी, सीसीटीवी सहित अन्य सामग्री को भी जला दिया है। घटना सोमवार के रात की है। फा जोन ने बताया कि वे सोमवार की रात स्कूल में नहीं थे। इसी क्रम में अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। मंगलवार को कमरे का ताला खुला देखे जाने के बाद लोगों ने फा जोन से संपर्क कर घटना की सूचना उन्हें दी। सूचना मिलते ही फा जोन मंगलवार को स्कूल पहुंचे और अपने कमरे की जांच पड़ताल की। जिसमें उन्होंने पाया कि उनके कमरे में रखा करीब तीन लाख रुपए गायब है। इसके अलावे कुछ चेंज पैसे और बच्चों के दो मोबाईल भी गायब मिला। वहीं अपराधियों के द्वारा आग लगाए जाने से करीब 76,500 रुपए का समान भी जल गया।

## सेवानिवृत्त होने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी को दी गई विदाई

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर प्रखण्ड सभागार में आयोजित किया गया विदाई समारोह। लोहतदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा प्रखंड में कार्यरत प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद का सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि बहुत से लोग आते जाते रहते हैं। लेकिन उसी में कुछ लोग भूल जाते हैं। तो कुछ याद रहते हैं। उन्हीं में से एक हैं, प्रखंड कृषि पदाधिकारी जो हमेसा याद आएंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि कल का जो दिन होगा वह आपके जीवन का नया सबेरा होगा। हम सभी लोग कार्यालय में एक परिवार का सदस्य के जैसा मिलजुल कर रहते हुए सभी कार्य का निष्पादन करते थे। परन्तु आज उन्ही में से एक सदस्य हम सबो के बीच से विदा हो रहे हैं। जिसका हमे दुःख है। साथ ही कहा कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुशासन के पक्के व्यक्ति थे। प्रत्येक दिन ससमय कार्यालय में उपस्थित रहते थे। आज के नए युवा इनसे अनुशासन सीखें और अपने दायित्व के प्रति सजग रहे। वही विदाई समारोह में प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य को अंग वस्त्र, गीता, डायरी सहित अन्य पारितोषिक देकर विदाई किया गया।

## चलते चलते एक नजर

### पुंछ में तीन आतंकी गिरफ्तार, हथियार और बरामद

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के निकट सेना ने बुधवार को आतंकियों की घुसपैठ को नाकाम बनाते हुए तीन आतंकियों को पकड़ा है। इनमें से एक घायल हालत में है। इनसे बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आतंकियों की पहचान मोहम्मद फारूक, मोहम्मद रियाज और मोहम्मद जुबैर निवासी करमाड़ा के रूप में की गई है।अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले के करमाड़ा इलाके में संदिग्ध हरकत देखे जाने के बाद सेना ने पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान के दौरान जवानों ने तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आतंकियों में से एक घायल हालत में मिला।उनके पास से जवानों को एक एके राइफल, दो पिस्टल, छह ग्रेनेड, प्रेशर कुकर में रखा एक आईईडी और हेरोइन के 20 पैकेट बरामद किए गए हैं। पुलिस आगे की कार्यवाही करने में लगी हुई है।

### एक दशक से भी कम समय में बदल गया है भारत : मॉर्गन स्टेनली

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक दशक से भी कम समय में बदल गया है। साथ ही आज विश्व व्यवस्था में एक स्थान हासिल करने की ओर अग्रसर है। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनली रिसर्च की जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के मुताबिक भारत एशिया और वैश्विक वृद्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत एक दशक से कम समय में मजबूत हुआ है। यह भारत 2013 से अलग है, जो दस साल के छोटे से समय में दुनिया की व्यवस्था में अपना स्थान बना लिया है।ब्रोकरेज कंपनी ने प्रधानमंत्री मोदी के पद संभालने के बाद 2014 से अबतक हुए 10 बड़े बदलावों का जिक्र किया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कॉरपोरेट टैक्स की दर को अन्य देशों के बराबर किया गया है। इसके अलावा बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के फीसदी में डिजिटल लेन-देन बढ़ रहा है, जो अर्थव्यवस्था के संगठित होने का संकेत है।




# मुख्यमंत्री के निर्देश पर 10 मुसहर परिवारों के बीच जमीन पट्टा का हुआ वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देशानुसार पलामू के नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड के नौडीहा पंचायत स्थित कोइरीपतरा गांव में 10 मुसहर परिवार के बीच आवासीय भूमि का पट्टा वितरण किया गया। सभी परिवारों को सरकार की ओर से 3-3 डिसमिल आवासीय भूमि बंदोबस्त की गयी है। अब मुसहर परिवार आवंटित भूमि पर अपना घर बनाकर रह सकेंगे। साथ ही, घर बनाने के लिये सभी मुसहर परिवार को अंबेडकर आवास योजना से जल्द लाभान्वित किया जायेगा। मालूम हो कि पूर्व में भी जिले के लोगों को जमीन का पट्टा उपलब्ध कराया गया था।



### मुसहर परिवारों का आधार कार्ड बनवाने का निर्देश

मुख्यमंत्री के निर्देश पर वैसे मुसहर परिवार जिनका अबतक आधार कार्ड नहीं बना है, उनको चिन्हित करते हुए सभी का आधार कार्ड बनाया जायेगा। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने सभी परिवार को सरकारी योजनाओं यथा सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना आदि से लाभान्वित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के आदेश के आलोक में जिले के अन्य स्थानों में रह रहे मुसहर परिवारों को भी चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

> **मुख्यमंत्री जी के आदेश पर मुसहर परिवारों को भूमि का पट्टा एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं से लगातार जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुसहर परिवारों को भूमि का पट्टा वितरित किया गया।**
>
> **आंजनेयुलु दोड्डे**
> **उपायुक्त, पलामू।**

### प्रधानमंत्री ने घई के निधन पर शोक व्यक्त किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान प्रो. वेद कुमारी घई के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट संदेश में कहा, संस्कृत साहित्य की दिग्गज वेद कुमारी घई के निधन से स्तब्ध हूं। उनके अपार योगदान ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया। उनकी रचनाएं विद्वानों को प्रेरित करती रहेंगी। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

## बारिश-ओलावृष्टि और मलबा गिरने से यमुनोत्री हाइवे बंद

एजेंसी

**उत्तरकाशी :** चमोली जिले में हो रही भारी बारिश और ओलावृष्टि से जहां फसलों को नुकसान हो रहा है वहीं मलबा गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो रहे हैं। इससे चारधाम यात्रा पर तो असर पड़ा है। कहने का मतलब यह कि गर्मी के मौसम में भी सर्दी छायी हुई है। गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में भी ठिठुरन बढ़ गई है, जिससे चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या कम हो गई है और लोग गर्म कपड़ों से लिपटे नजर आ रहे हैं।बुधवार को झमाझम बारिश से यमुनोत्री राजमार्ग पर भूस्खलन होने से ट्रैफिक रोक दिया गया है। मौसम के बदले इस मिजाज से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। फसलें खराब और वज्रपात होने से किसानों के सामने कई मुसीबतें मुंह बाये खड़ी हो गयी हैं। चिन्यालीसौड़ में वज्रपात के कारण लगभग 12 बकरियां की मौके पर ही मौत हो गई है।बेमौसमी बारिश से गेहूं की खड़ी फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। चारधाम यात्रा भी पर इसका असर देखने को मिल रहा है। मई का पूरा महीना आज समाप्त हो रहा, लेकिन इस बार मई महीने की तपिश कहीं भी देखने को नहीं मिली। आलम यह है कि सर्दी से बचने के लिए लोगों को गर्म कपड़े पहनने को मजबूर होना पड़ रहा है।उधर भारी बारिश के चलते मोरी के सांकरी जखोल मोटर मार्ग पर भारी मलबा आ गया है, जिससे सड़क बाधित हो गई। गंगोत्री तीर्थ धाम के पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि बारिश के बीच चारधाम यात्रा तो जारी है, लेकिन इससे यात्रा पर फर्क पड़ा है।

**अमेरिका में राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर कसा तंज, कहा**

## भगवान को भी ब्रह्मांड के बारे में समझा सकते हैं मोदी जी

एजेंसी

**वॉशिंगटन :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं. यहां सैन फ्रांसिस्को में उन्होंने भारतीयों से मुलाकात की और उन्हें संबोधित किया. इस दौरान राहुल गांधी ने नए संसद भवन, भारत में मुस्लिमों पर अत्याचार, एजेंसियों के इस्तेमाल समेत तमाम मुद्दों पर बात की. इस दौरान राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर भी निशाना साधा. उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि उन्हें सब के बारे में सबकुछ पता है. मोदी जी भगवान को भी ब्रह्मांड के बारे में समझा सकते हैं.राहुल गांधी ने कहा कि मुझे लगता है कि नया संसद भवन का उद्घाटन असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए है. बेरोजगारी, महंगाई, नफरत, शिक्षा संस्थानों में कमी जैसे मुद्दों पर बीजेपी चर्चा नहीं चाहती है. इसलिए इन सब मुद्दों को आगे किया जा रहा है. राहुल ने नई संसद के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा. राहुल ने सीधे तौर पर नई संसद को लेकर कोई कमेंट नहीं किया. हालांकि, इसके बहाने उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई, नफरत फैलाने से मुद्दों पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया. राहुल इन मुद्दों पर अकसर मोदी सरकार को घेरते आए हैं. ये ऐसे मुद्दे हैं, जो सीधे तौर पर जनता के हितों से जुड़े हैं और इनका असर सीधा जनता पर पड़ता है. शायद राहुल नहीं चाहते कि वे कुछ ऐसा बोलें, जिससे बीजेपी को उन्हें घेरने का मौका मिले. मुस्लिम समुदाय पर अत्याचार से जुड़े सवाल पर राहुल गांधी ने कहा, नफरत के बाजार में, मोहब्बत की दुकान खोलेंगे. मुसलमानों को लग रहा है कि उन पर ज्यादा हमले हो रहे हैं. लेकिन सिख, दलित, आदिवासी सभी ऐसा ही महसूस कर रहे हैं. हर कोई पूछ रहा है कि क्या चल रहा है? मुसलमान इसे अधिक महसूस करते हैं क्योंकि उनको ज्यादा केंद्रित किया जा रहा है. लेकिन हम नफरत को नफरत से नहीं हरा सकते. हम प्यार से नफरत को हराएंगे. भारत नफरत में विश्वास नहीं रखता. आज भारत में मुसलमानों के साथ जो हो रहा है, वही उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ होता था. लेकिन हम इसे चुनौती देंगे, इससे लड़ेंगे.



> **नया संसद भवन का उद्घाटन असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए है**
>
> **भारत में मुसलमानों के साथ आज जो हो रहा है, वही उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ होता था**

# एनटीपीसी लेडीज क्लब ने विश्वविद्यालय में सेनेटरी वेंडिंग मशीन एल प्रदान किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब, कोयला खनन मुख्यालय ने स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के अवसर पर, जो 16-31 मई, 2023 तक मनाया गया, आज रांची विश्वविद्यालय के विज्ञान ब्लॉक भवन में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर वितरित किया, जिसमें रसायन विज्ञान विभाग, जूलॉजी और वनस्पति विज्ञान विभाग शामिल है ।रांची विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली कॉलेज की छात्राओं के बीच बेहतर स्वच्छता और आराम के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर प्रदान किया गया। पद्मा रेड्डी, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब (एसएलसी), एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, ए के डेल्टा, एचओडी, रसायन विज्ञान विभाग, डॉ स्मृति सिंह, संकाय सह पीआरओ, रसायन विज्ञान विभाग, लक्ष्मी मूर्ति , उपाध्यक्ष, एसएलसी के मार्गदर्शन में यह नेक पहल आयोजित की गई थी। मनसा वर्मा, सचिव (सीएसआर) और अमित कुमार बेहरा, सीनियर मैनेजर (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) और रांची विश्वविद्यालय के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति थे ।एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एनटीपीसी बायबैक नीति के अनुसार कर्मचारियों को अन्य सहायक उपकरण के साथ पुराने डेस्कटॉप सौंपने के माध्यम से अप्रचलित/ अप्रयोज्य इलेक्ट्रॉनिक्स या ई-कचरा पहल की पहचान और निपटान जैसी विभिन्न गतिविधियां जिससे ई कचरे के प्रबंधन में मदद मिली ।आगे, पेपरलेस पहल के तहत, कोयला खनन क्षेत्र में 47 लाख पृष्ठों का डिजिटलीकरण पूरा हो गया है, इस संबंध में डिजिटाइज्ड फाइलों से भरे 379 बॉक्स पकरी बरवाडीह, दुलंगा और कोयला खनन मुख्यालय से कोलकाता में रिकॉर्ड प्रबंधन सेवा (आरएमएस) सुविधा के लिए भेजे जाते हैं। जागरूकता पैदा करने के लिए, सीएमएचक्यू कार्यालय और आसपास के स्कूलों में स्वच्छता के बारे में जागरूकता के लिए कैप्शन वाले बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए थे।




# झारखंड के सरकारी स्कूलों में जी-20 के तहत आयोजित होंगे कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी हो गयी है। इसके बावजूद जी-20 के अंतर्गत मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसको लेकर शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। इसकी सूचना सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को भी दे दी गयी है। जारी आदेश में सचिव ने लिखा है कि शिक्षा मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा एक और 15 जून के अंदर एफएलएन से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किया जाना है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जी-20 शिक्षा कार्य समूह का आयोजन 16 से 22 जून तक पुणे में किया जायेगा। भारत सरकार ने जिला, राज्य स्तर पर विविध कार्यक्रमों के आयोजन का निर्देश दिया है। सचिव ने विद्यालय एवं जिला स्तर पर निम्न कार्यक्रमों का आयोजन निर्धारित तिथि में करने का निर्देश दिया है।

**कार्यक्रम इस प्रकार हैं**

**पांच से 12 जून तक :** जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यशाला और टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन।

**एक से 15 जून :** एक दिवसीय विद्यार्थियों के साथ लेखन, गायन, कहानी पढ़ना, विद्यालय में उपलब्ध एफएलएन से संबंधित सभी सामग्रियों का विद्यार्थियों एवं समुदाय के बीच प्रदर्शन और चर्चा। क्विज, खेलकद, निपुण शपथ इत्यादि।

**एक से 15 जून :** समुदाय के सहयोग से समर कैंप बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान उपलब्ध कराये गये (एफएलएन एफएक्यू) पर चर्चा, उपलब्ध कराये गये कैलेंडर पर जानकारी देना, गांव के लोगों के साथ मिलकर निपुण शपथ इत्यादि।

**25 मई से 15 जून :** नावाचारी वीडियो प्रतियोगिता (आधारशिला कार्यक्रम) में शिक्षकों को भाग लेने के लिए प्रेरित करना।

**पांच जून (11.30 बजे से 12.30) :** समुदाय, शिक्षकों एवं सभी हितधारकों के लिए राज्य स्तरीय वेबिनार का आयोजन।

